डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार | 06 फरवरी 2025 | वर्ष-31, अंक- 113, पृष्ठ-12 | माघ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



**पीएम** ने स्नान के बाद सूर्य पूजा की, उनके गले और हाथ में रुद्राक्ष की माला थी

## प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर किया स्नान, 'एक्स' पर लिखा

### मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मिली असीम शांति और संतोष

**महाकुम्भनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर स्नान किया। इस ऐतिहासिक और विशेष स्नान को उन्होंने अद्भुत बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पीएम मोदी ने संगम में स्नान की तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा कि मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला। यह भी कहा कि उन्होंने मां गंगा से सभी देशवासियों के सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की भी कामना की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी पर पूजा-अर्चना की

## जेपीएससी नियुक्ति घोटाले के आरोपियों की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के चार्जशीटेड आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 14 फरवरी को सुनाएगी। मामले में आरोपी अफसरों अरविंद कुमार लाल, लखीराम बास्की, संजय पांडे, अंजना दास एवं कुमुदिनी टुडू की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई हुई। आरोपियों ने मामले में गिरफ्तारी के बचने के लिए अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए विगत 1 फरवरी को याचिका दाखिल की थी। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। इसी के बाद से आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### कोलकाता बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में बोले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# देश की अर्थव्यवस्था में झारखंड का अहम रोल

- सीएम ने कहा, झारखंड और बंगाल में कई गतिविधियां एक जैसी
- समिट में देश-विदेश के कई उद्यमी एवं निवेशक ले रहे भाग

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि जिस तेजी से आज तकनीक बदल रहे हैं, उसमें एक मजबूत एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए राज्यों को मिलकर कार्य करना चाहिए। राज्यों के बीच बेहतर संबंध, समन्वय तथा भागीदारी होना अत्यंत आवश्यक है। इसमें राज्यों में आयोजित होने वाले ग्लोबल बिजनेस जैसे समिट की काफी निर्णायक भूमिका होती है। इससे एक राज्य का अन्य राज्यों तथा देशों से बेहतर व्यापारिक रिश्ते बनते हैं। निवेश और नई टेक्नोलॉजी से विकास की नई संभावनाएं बनती हैं।

मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को बिस्वा बांग्ला कन्वेंशन सेंटर, न्यू टाउन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आज से शुरू हो रहे दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 के आठवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में कही। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस समिट में देश-विदेश के कई गण्यमान्य, उद्यमी एवं निवेशक भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड देश का एक ऐसा राज्य है, जहां देश का लगभग **शेष पेज 11 पर**



### झारखंड में निवेश की अपार संभावनाएं, उद्यमियों का स्वागत है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस समिट में मुझे देश-विदेश से आए मेहमानों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे यह जानने-समझने का अवसर मिलेगा कि निवेशकों के सहयोग से झारखंड के समग्र विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ सकते हैं। मैं इसी आशा और उम्मीद से बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 में आए उद्यमियों तथा निवेशकों को झारखंड आमंत्रित करता हूं। आप निवेश करें, ताकि विकास के मामले में झारखंड राज्य भी तेजी से आगे बढ़े।

### खनिज सहित कई सेक्टर में भी अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में खनिज आधारित उद्योगों के साथ-साथ कला- संस्कृति एवं पर्यटन जैसे अनेकों क्षेत्र में विकास और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड देश का सबसे ज्यादा तसर उत्पादक राज्य है। ऐसे में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी यह राज्य आगे बढ़ सकता है। कला-संस्कृति के मामले में झारखंड की गिनती समृद्ध राज्यों में होती है। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए पर्यटन के क्षेत्र में भी झारखंड निवेशकों की पहली पसंद बन सकता है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप झारखंड आएं, सरकार आपको पूरा सहयोग करेगी।

### ट्रक की चपेट में आ गए बाइक सवार विद्यार्थी

## मांडर में मलटोटी पुल के पास सड़क हादसा, सीयूजे के छात्र-छात्रा की मौत

- आक्रोशित स्थानीय लोगों और छात्रों ने किया हंगामा, सड़क जाम
- दोनों पश्चिम बंगाल के निवासी थे, परिजनों को दे दी गई है सूचना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के मांडर में बुधवार को दिन में करीब नौ बजे एक सड़क हादसे में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के एक छात्र और एक छात्रा की मौत हो गई। दोनों एक बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। छात्र की पहचान देबदास मंडल और छात्रा की पहचान ऐश्वर्या के रूप में हुई है। दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले थे। छात्र की उम्र 25 साल और छात्रा की उम्र 23 साल बताई जाती है। वे रांची स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में पढ़ाई कर रहे थे। दोनों विश्वविद्यालय के ब्रांबे कैंपस से चेड़ी मनातू कैंपस जा रहे थे। दोनों जिओ इंफॉर्मेटिक्स के विद्यार्थी हैं। छात्रा ऐश्वर्या एमएससी और छात्र देवदास मंडल रिसर्च स्कॉलर हैं। उनके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा ट्रक चालक की लापरवाही के कारण हुआ है।

इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। उन्होंने शव को घटनास्थल पर रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। रांची-डालटनगंज हाइवे को जाम कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयले से लदा ट्रक मुर्गू पुल के पास डायवर्सन से गुजर रहा था। इस दौरान दूसरी तरफ से आ रहे दोनों छात्र और छात्रा ट्रक की चपेट में आ गए। दोनों बाइक से थे। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा रांची-डालटनगंज हाइवे पर मांडर थाना क्षेत्र में मलटोटी में मुर्गू पुल के पास हुआ। बताया गया कि छात्र-छात्रा एक बाइक पर यूनिवर्सिटी जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल डाला। दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ठोकर मारने वाले ट्रक ड्राइवर को विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में जुट गए। उन्होंने इसे लेकर काफी हंगामा किया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के अनुसार, ऐश्वर्या पश्चिम बंगाल के हावड़ा की रहने वाली थी। वह जियो इंफॉर्मेटिक्स में एमएससी की पढ़ाई कर रही थी। छात्र देवदास पश्चिम बंगाल के सुंदरबन का निवासी था और वह पीएचडी कर रहा था। मांडर के थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि वारदात को लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज कल**

तीसरी आंख




## कंटेनर ने मोटरसाइकिल को मारी ठोकर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

### घटना नावाबाजार स्थित एनएच 98 मुख्य पथ पर हुई

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** एनएच 98 पड़वा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ पर तेज रफ्तार से जा रहे एक कंटेनर ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार ठोकर मारी, जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। घायलों में मोटरसाइकिल चालक प्रवेश यादव और उनके साथ सवार एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है, और पूरे मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करना चाहिए, ओवर स्पीडिंग से बचना चाहिए, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए, और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोपहिया वाहन पर दो से अधिक लोग न बैठें और हमेशा सड़क पर सावधानी से चलें।

## छतरपुर के जोड़ाबार में हाईटेंशन तार से बिजली विभाग के मिस्त्री को लगा करंट, रांची रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बुधवार को दोपहर करीब 12:15 बजे तरहसी थाना क्षेत्र के छतरपुर के जोडाबार में 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार से पांकी बिजली विभाग के निजी मिस्त्री अंकित कुमार (उम्र 22, पिता नरेंद्र कुमार) को करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। करंट लगने से उनकी कमर, रीढ़ की हड्डी और जांघ का हिस्सा बुरी तरह जल गया। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पांकी लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें तत्काल एमएमसीएच (मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज) रेफर किया, और फिर उचित इलाज के लिए रांची के रिम्स भेज दिया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अंकित कुमार पांकी और तरहसी क्षेत्र में निजी तौर पर बिजली की मरम्मत का काम करते थे। मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे अंकित को सूचना मिली कि छतरपुर के जोडाबार में 11 हजार वोल्ट के जंफर में फॉल्ट होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित है। इसके बाद अंकित ने बिजली फॉल्ट की मरम्मत के लिए मौके पर पहुंचकर पांकी बिजली ग्रिड को सूचना दी और बिजली की आपूर्ति बंद करने का आग्रह किया।अंकित ने जब पोल पर चढ़ने से पहले बिजली ग्रिड से जानकारी ली, तो उसे बताया गया कि बिजली बंद है, लेकिन जैसे ही वह पोल पर चढ़कर मरम्मत कर रहा था, पांकी ग्रिड से बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई, जिससे अंकित को करंट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



**इंडिया**

## पर्यटन उद्योग से आत्मनिर्भर हो सकता है भारत लेकिन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक


कोविड महामारी के बाद अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि जिसमें भारतीयों की भी संख्या पूर्व कोविड स्तर से अधिक हो गई है। हालांकि भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की की संख्या वैसी नहीं हुई है ।पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 2024 के पहले 6 महीनों में 47.78 लाख विदेशी पर्यटकों ने भारत का दौरा किया जो वर्ष 2023 की तुलना में 9.1 प्रतिशत अधिक है लेकिन 2019, जो कोविड-19 को वैश्विक महामारी घोषित होने से पहले का वर्ष था, की इसी अवधि की तुलना में 9.8 प्रतिशत कम है। हालांकि इससे 132 लाख करोड़ की आमदनी हुई और 32.1 मिलियन लोगों को नौकरियां मिलीं। दूसरी ओर 2024 में फ्रांस में 89.4 मिलियन,स्पेन में 83.7 मिलियन, अमरीका में 79.3 मिलियन और चीन में 65.7 मिलियन पर्यटक आए। ह्यवर्ल्ड इकोनॉमिक फोरमह्ल (डब्ल्यू.ई.एफ.) के 2024 यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (टी.टी.डी.आई.) में भारत 119 देशों की सूची में 39वें नम्बर पर है। यह पूछने पर कि किन विशेषताओं के कारण वे छोटे से देश फ्रांस में जाना पसंद करते हैं तो पर्यटक वहां के ऐतिहासिक स्थलों, प्रतिष्ठित इमारतों, भोजन, वहां के शिल्प और कला तथा संग्रहालयों का उल्लेख करते हैं। इसी प्रकार स्पेन जाने वाले पर्यटकों द्वारा वहां की स्वच्छ हवा, पानी और दर्शनीय स्थलों को मुख्य आकर्षण बताया जाता है। भारत की बात करें तो हमारी एकमात्र उपलब्धि सिर्फ मैडीकल टूरिज्म है जिसमें हमारा विश्व में पांचवां स्थान है जबकि राष्ट्रीय पर्यटन की अन्य श्रेणियों में हमारा कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं है। भारत, जहां कदम-कदम पर इतिहास की छाप मौजूद है,दर्शनीय इमारतों की बहुतायत है और हमारे प्रत्येक राज्य के विविधतापूर्ण भोजन, नृत्य, कला, संस्कृति, जीवन शैली की अपनी एक अलग विशेषता है, फिर भी यहां विदेशों से पर्यटक क्यों नहीं आना चाहते ? इसका सर्वप्रथम कारण है हमारे धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर स्वच्छता और पेशेवर व्यवहार का अभाव। इसके अलावा एक बड़ा कारण है हमारी सरकारों का पर्यटन को बढ़ावा देने पर उतना ध्यान नहीं देना, जितना उन्हें देना चाहिए। ऐसे ही उपेक्षित स्थलों में से एक है दिल्ली से लगभग 150 किलोमीटर दूर हिसार के निकट स्थित हड़प्पा सभ्यता का स्थान राखीगढ़ी। यहां खुदाई के दौरान प्राप्त वस्तुओं में खेल-खिलौने, छलनी, विभिन्न औजार, पालतू पशुओं के अवशेष, तांबे और कांसे के सामान, पॉटरी, गहने और हड़प्पा कालीन लिपि युक्त मुद्राएं आदि शामिल हैं।अब इस बात की भी पुष्टिद्द हो चुकी है कि हड़प्पा सभ्यता के लोग न केवल खेलों के शौकीन थे बल्कि मनोरंजन के भी। वहां खुदाई में मिट्टी की ईंटों से बना एक स्टेडियम भी मिला है जिसमें ढलान युक्त सीढ़ीनुमा बैठने के स्थान तथा ठंड से बचने के लिए आग जलाने के स्थान भी हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि उस युग में आयोजन रात के समय भी चलते थे जबकि पाश्चात्य सभ्यताओं में रोम में कॉलेजियम तो थे परंतु वहां इस तरह के खेल आयोजन स्थलों के कोई अवशेष नहीं पाए गए। इसी प्रकार पंजाब के रोपड़ में भी एक इतना ही प्राचीन और महत्वपूर्ण स्थान है जहां सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित अवशेष मिले हैं जिसके बारे में रोपड़ में रहने वाले कम ही लोगों को जानकारी है। यदि कोई व्यक्ति गूगल से पता करके वहां पहुंच भी जाए तो वहां उसका मार्गदर्शन करने के लिए या किसी प्रकार की जानकारी देने वाला कोई व्यक्ति नहीं मिलेगा। इसके निकट ही एक म्यूजियम है जिसके प्रवेश द्वार पर एक व्यक्ति बैठा रहता है। हालांकि म्यूजियम में प्रवेश का शुल्क 5 या 10 रुपए निर्धारित है। इस म्यूजियम में खुदाई के दौरान निकली हुई अनेक सुंदर मूर्तियां मौजूद हैं परंतु इन्हें देखने के लिए न कोई स्थानीय कला प्रेमी आता है और न कोई बाहरी पर्यटक क्योंकि किसी को इसके बारे में पता ही नहीं है कि वहां कितना अनमोल खजाना पड़ा है।इसी तरह झारखंड के अनूठे पर्व त्यौहार और अनुपम प्राकृतिक स्थल बहुत बड़े पर्यटन उद्योग के आधार बन सकते हैं बशर्ते पूरी तैयारी और ईमानदारी से प्रयास हो । उन कारणों की समीक्षा होनी चाहिए जिस कारण राजस्थान,हिमाचल,कश्मीर और केरल जैसे राज्यों में पर्यटकों का मेला लगा रहता है जबकि सम्मेदजी शिखर जैन पंथ का शीर्ष धार्मिक स्थल है और ऐसे नदी झरने बिखरे पड़े हैं जो सुकून देते हैं । न केवल ऐतिहासिक बल्कि हमारे यहां धार्मिक पर्यटन को भी बहुत अधिक प्रोत्साहन दिया जा सकता है जैसे कम्बोडिया में मंदिरों के पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है। यहां चप्पे-चप्पे पर ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर हैं परंतु शहर में सफाई न होने के कारण यह शहर देश-विदेश के पर्यटकों को उतना आकर्षित नहीं कर पाया जितना आकर्षित कर सकता था। हम स्वयं को एक महान सभ्यता होने का दावा तो करते हैं परंतु इसके संरक्षण की ओर ध्यान नहीं देते हैं। हमारी धरोहर न केवल मंदिर हैं बल्कि हर धर्म के और हर समुदाय के और हर दौर के शासकों चाहे वे मुगल हों या अंग्रेज, द्वारा बनवाई गई इमारतें और अन्य दर्शनीय स्थान हैं जो पर्यटन को आकर्षित करने का बड़ा माध्यम बन सकते हैं।



## दिल्ली में विस चुनाव संपन्न 57.70 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को सुबह 7 बजे से जारी मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों में कतार के कारण मतदान अभी जारी थी। दिल्ली में शाम 5 बजे तक औसतन 57.70 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनावों के दौरान दिल्ली में 58.78 प्रतिशत मतदान हुआ था।

चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक दिल्ली के विभिन्न जिलों में मतदान का प्रतिशत अलग-अलग रहा है। केंद्रीय दिल्ली में 55.24, पूर्वी दिल्ली 58.98, नई दिल्ली 54.37, उत्तरी दिल्ली 57.24, उत्तर पूर्वी दिल्ली 63.83, उत्तर पश्चिमी दिल्ली 58.05, शाहदरा 61.35, दक्षिणी दिल्ली 55.72, दक्षिण पूर्वी 53.77, दक्षिण पश्चिमी 58.86, पश्चिमी दिल्ली 57.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुस्तफाबाद सीट के लिए अपराह्न पांच बजे तक सबसे अधिक मतदान 66.68 प्रतिशत हुआ। इसके बाद सीलमपुर में 66.41 प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे कम मतदान करोल बाग 47.40 मॉडल टाउन में 51.29, कालकाजी में 51.81 और चांदनी चौक 52.76 प्रतिशत हुआ। कई सीटों पर मतदान 60 प्रतिशत से ज्यादा पहुंच गया है। इसमें मटिया महल, त्रिलोकपुरी, नरेला, रोहणी, बादली, गोकुलपुर, करावलनगर, किरारी, मंगोलपुरी, बाबरपुर, रोहतासनगर, सीमापुरी, शहादरा, छत्तरपुर, और नजफगढ़ सीट शामिल है। राष्ट्रीय राजधानी में निवास करने वाले महत्वपूर्ण हस्तियों ने भी **शेष पेज 11 पर**



## बिजली चोरी का केस, 68 हजार जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। इस दौरान कादलकुर्मी में अवधेश यादव, कोल्हुआ में प्रवेश राम, संतोष कुमार रवि, मुन्नी और वीरधवर में सत्यनारायण मेहता व रामकृत साव को बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा गया। सहायक अभियंता ने इस मामले में सभी 6 आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है और कुल मिलाकर 68 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। इस छापेमारी में बिजलीकर्मी ललितेश्वर मेहता, मंटू मुंडा, रंजय कुमार और रविशंकर सिंह भी शामिल थे। सहायक अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिकी के आधार पर इस मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# अवैध अफीम खेती पर हुई बड़ी कार्रवाई 20 करोड़ रुपए की अफीम फसल नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के दिशा-निर्देश पर और रोहतास पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर एक बड़ी कार्रवाई की गई। हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब को सोन नदी के दियरा इलाके में सोनडीला के पास बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने भौतिक सत्यापन कराया और स्थिति को गंभीर देखते हुए पलामू पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रोहतास पुलिस से सहयोग प्राप्त किया। इसके बाद एक संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें हुसैनाबाद और डेहरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, आरक्षी रंजन टूटी, सिप्रियन लकड़ा और रोहतास के एफएसएल टीम के जवान शामिल थे। इस छापामारी के दौरान करीब आठ बीघा में फैली अफीम की खेती को दंडाधिकारी की मौजूदगी में नष्ट कर दिया गया। अफीम की फसल का अनुमानित मूल्य करीब 20 करोड़ रुपये बताया गया है। हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब ने कहा कि इस प्रकार के अवैध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी इस तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोहतास पुलिस द्वारा इस मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

### पशुपालन से जुड़कर लाभ उठाएं किसानः नीतू सिंह

**ऊंटारी रोड़।** पाण्डु प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच पशुधन का वितरण प्रमुख नीतू सिंह ने किया। प्रमुख नीतू सिंह ने कहा, ?यह हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, किसान पशुपालन कर स्व रोजगार से जुड़ें और लाभ उठाएं।? मेला में 75% और 90% अनुदान पर 07 सुकर विकास और 14 बकरा विकास योजना के लाभुकों को पशुधन उपलब्ध कराया गया। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी जितेंद्र वर्मा, जिप सदस्य प्रतिनिधि प्रिंस सिंह, आपूर्तिकर्ता अखिलेश राम, मलू राम आदि सहित दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

### ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के नामांकन में 50 प्रतिशत की छूट

**मोहम्मदगंज।** कोसियारा के स्टेशन रोड में कैनाल के समीप स्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में नर्सरी से 5वीं कक्षा तक प्रवेश शुरू कर दिया गया है। निदेशक शुभम् कुमार सिंह ने बताया कि तत्काल एडमिशन में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। स्थान सीमित हैं। अभी प्रवेश लेने पर एक माह की मासिक फीस माफ कर दी जाएगी। इस स्कूल में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई होती है। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल के नारायण सिंह के मार्गदर्शन में बेहतर बुनियादी शिक्षा दी जाती है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का समाजसेवी अरविंद सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी मुख्य बाजार में बसंत पंचमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी अरविंद सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अरविंद सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से लोगों को मनोरंजन का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारा बढ़ता है। कार्यक्रम में स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों ने शानदार गीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जिनका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर समाजसेवी मुकेश कुमार गुप्ता और सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### जयकारे के साथ मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिवसीय माता सरस्वती पूजन महोत्सव के बाद माता शारदे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नवयुवकों और छात्रों के द्वारा रंग गुलाल के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां को पूजा अर्चना की और विसर्जन यात्रा में शामिल हो गए। युवाओं ने धार्मिक गीतों पर ठूमके लगाए और अबीर गुलाल से सराबोर हो गए। पुलिस बल की तैनाती के साथ लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने पूरी व्यवस्था बनाए रखी, ताकि विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके से हो सके।

## महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल के बीडी सेक्शन में यात्री सुविधाओं की घोर कमी के बीच साधारण यात्रा भी अब सुगम और सुलभ नहीं हो पा रही है। रेलवे की ?सुविधाजनक यात्रा? का दावा तो किया जाता है, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। पैसेंजर ट्रेनों में यात्रियों को बैठने की तो छोड़िए, ठीक से पैर और लगेज रखने की भी जगह नहीं मिलती। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित महाकुंभ मेला के कारण, लगभग एक माह से पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों की बोगियों को मेला स्पेशल ट्रेनों में समायोजित किया जा रहा है। नतीजतन, पहले 12 से 15 बोगियों वाली पैसेंजर ट्रेनों की रेक अब केवल 6-7 बोगियों तक सीमित रह गई है, जिससे आम यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बीडी सेक्शन के यात्री हमेशा से ही यातायात की कमी झेल रहे हैं, और अब जब महाकुंभ जैसा राष्ट्रीय आयोजन हो रहा है, तो आम यात्रियों को और भी अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस जटिल समस्या के बावजूद क्षेत्रीय सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मुद्दे को रेल मंत्री और प्रधानमंत्री के समक्ष नहीं उठाया गया है, जिससे स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। बहरहाल यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और उनके लिए यात्रा को सुविधाजनक बनाया जा सके।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ओपीडी सेवा शुरू करने का आदेश जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर की उपयोगिता पर खड़े किए गए सवालों को लेकर 24 जनवरी को प्रकाशित नवीन मेल की खबर को हुसैनाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार ने गंभीरता से लिया। उन्होंने एमपीडब्ल्यू दिलीप उरांव और आउटसोर्स कर्मी नीरज कुमार सिंह को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ओपीडी सेवा उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया। बुधवार को जारी आदेश में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने उक्त खबर का हवाला देते हुए ओपीडी सेवा शुरू करने का निर्देश दिया और कहा कि इस सेवा के संचालन के लिए प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक दिन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, इस आदेश की प्रतिलिपि असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू को सूचनार्थ भेज दी गई है। बता दें कि राजनडीह स्थित यह स्वास्थ्य उपकेंद्र अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से संचालित हो रहा था। पहले इसे पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में चलाया जा रहा था, लेकिन बाद में यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सिंचाई विभाग कॉलोनी में स्थित सीएचसी भवन में शिफ्ट कर दिया गया था, जिसके बाद आरोग्य मंदिर के भवन की उपयोगिता पर सवाल उठने लगे थे। पहले एक एएनएम के भरोसे यहां स्वास्थ्य सेवा की औपचारिकता पूरी की जा रही थी, जिससे आसपास की बड़ी आबादी को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही थी। स्वास्थ्य गतिविधियों में कमी और एएनएम के रिटायरमेंट के बाद स्वास्थ्य उपकेंद्र बंद होने की संभावना को लेकर ग्रामीणों ने इसे बच्चों की पाठशाला या आंगनबाड़ी में तब्दील करने की आवश्यकता जताई थी। अब ओपीडी सेवा शुरू होने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।




**नवीन मेल में छपी खबर का असर**


आयुष्मान आरोग्य मंदिर की उपयोगिता पर खड़े किए सवाल

## हुसैनाबाद में अबुआ आवास को लेकर बीडीओ ने पंचायत सचिवों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी (B.D.O.) सुनील कुमार वर्मा ने अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों पर चर्चा की और सभी सचिवों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने जानकारी दी कि अबुआ आवास योजना के तहत 2200 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया जा चुका है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 231 लाभुकों को भी भुगतान किया गया है। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों से यह भी कहा कि जिन लाभुकों को अबुआ आवास योजना की राशि मिल चुकी है, उन्हें आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही, जिन लाभुकों को अभी तक राशि नहीं मिली है, उनके लिए आधार कार्ड और बैंक खाता संख्या सहित सूची तैयार कर कार्यालय में जमा करने का निर्देश भी दिया। बीडीओ ने यह भी बताया कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में 2024-25 के लिए अबुआ आवास योजना के तहत करीब 3200 लाभुकों और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 900 लाभुकों के चयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बैठक में पंचायत सचिव शशांक शेखर, अरुण कुमार सुमन, संध्या कुमारी, पवन हंस, फेकन राम, ताहिर अली, अखिलेश कुमार शर्मा, कयूम अंसारी, परशुराम प्रसाद, नरेंद्र कुमार पांडेय, महेंद्र राम, नारायण सिंह, नंदकिशोर प्रसाद, अभिनेष कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।




## हुसैनाबाद में मां सरस्वती की प्रतिमा बाजे-गाजे के साथ हुआ विसर्जन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित मां सरस्वती की मूर्तियों का विसर्जन मंगलवार और बुधवार को बाजे-गाजे के साथ देवरी सोन नदी में किया गया। श्रद्धालुओं ने मां को नम आंखों से विदाई दी। शहरी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और कॉलेजों में माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई और जमकर अबीर गुलाल उड़ाया गया। माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन मां सरस्वती की विधिवत पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही बसंत ऋतु की शुरूआत भी होती है। सोमवार को मां सरस्वती की पूजा के बाद खीर का भोग अर्पित किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। प्रशासन की पहल पर सभी स्थलों पर स्थापित प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को किया गया। सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में माता सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन बाजे-गाजे के साथ नृत्य करते हुए देवरी सोन नदी में किया गया। विधि व्यवस्था के तहत एसडीओ गौरांग महतो के निर्देश पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे। इस जुलूस में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई नर्मदेश्वर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## बभंडी पंचायत में मुख्यमंत्री पशुधन योजना से पशुपालकों को मिली राहत



**अब जिला जाने से मिली छुटकारा**

**हैदरनगर।** प्रखंड के चिन्हित पशुपालकों को अब पंचायत स्तर पर पहली बार मुख्यमंत्री पशुधन योजना से लाभ प्राप्त करने की सुविधा मिली है। इस पहल से न केवल लाभार्थियों को राहत मिली है, बल्कि उन्हें अब जिला मुख्यालय तक यात्रा करने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान ने बताया कि विभागीय अधिकारियों ने पशुधन योजना के लाभ को पंचायत स्तर पर पहुंचाने का निर्णय लिया है, जिससे लाभुकों को जिला जाने की समस्या से निजात मिली है। अब पशुपालकों को बकरी वितरण जैसे कार्यों के लिए लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। मुखिया जितेंद्र सिंह ने इस नई व्यवस्था का स्वागत करते हुए बताया कि पहले लाभार्थियों को बकरी लेने के लिए जिला मुख्यालय बुलाया जाता था, जिससे समय और ऊर्जा की भारी बबार्दी होती थी। इसके अलावा, 80 किलोमीटर दूर से पशुओं को लाने में भी कठिनाई होती थी। पशुपालन पदाधिकारी धर्मवीर कुमार सिंह ने कहा कि इस नई व्यवस्था से अब पशुपालकों को बकरी प्राप्ति के लिए जिला मुख्यालय की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अब बकरी वितरण कार्य पंचायत स्तर पर ही किया जाएगा। यह बदलाव स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा। बभंडी पंचायत सचिवालय में 12 पंचायतों के पशुपालकों के लिए बकरी वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुखिया जितेंद्र सिंह, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, पशुपालन पदाधिकारी धर्मवीर कुमार सिंह, पशु चिकित्सा पदाधिकारी दिलीप सिंह, रोजगार सेवक विनय कुमार, पंचायत स्तरीय पशु चिकित्सक जयनंदन मेहता ने सामूहिक रूप से किया। लाभुकों में आनंद पासवान, मुस्तफा अंसारी, अनिल कुमार साव, प्रिंस कुमार, उषा देवी जैसे कई पशुपालकों ने इस योजना का स्वागत किया और इसकी सराहना की। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने उपस्थित पशुपालकों से इस योजना का लाभ उठाने और इसे अच्छे स्वरोजगार के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के जरिए क्षेत्र के विकास और पशुपालन को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## सम्मान

### गबरू मियां के परिजनों को ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल ने सम्मानित किया गया

## 25 वर्षों से अपनी ठेला पर मां सरस्वती की प्रतिमा को रख पेश की मिशाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने बुधवार को गबरू मियां के परिजनों को सम्मानित किया। गबरू मियां, जो पिछले 25 वर्षों से अपनी ठेला पर मां सरस्वती की प्रतिमा को रखकर नगर भ्रमण करते हुए कोयल नदी में विसर्जित कराते थे, का कुछ माह पूर्व निधन हो गया था। विसर्जन जुलूस में वह बच्चों के साथ जयकारा लगाते हुए झूमते भी थे। इस बार सरस्वती पूजा महोत्सव में गबरू मियां की कमी को महसूस किया गया। स्कूल प्रबंधन ने उनकी सेवाओं के लिए गबरू मियां के परिजनों को सम्मानित किया और उन्हें 2500 रुपये का चेक सौंपा। स्कूल के संस्थापक अवध विहारी पांडेय ने आगे भी उनकी मदद जारी रखने का वादा किया। इस दौरान निदेशक सुनीता पांडेय और प्राचार्य रिया कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विशेष पूजा अर्चना के बाद सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन

**विश्रामपुर।** आरापुर महुगाईं दुर्गा कार्यालय के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इससे पहले स्कूल में विशेष पूजा अर्चना की गई, जिसमें स्कूल परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने बताया कि मान्यता के अनुसार मंगलवार को मूर्ति विसर्जित नहीं किया जाता है, इसीलिए प्रतिमा का विसर्जन आज किया गया। विसर्जन के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक झांकी भी निकाली गई। इसके बाद, जयकारों के बीच प्रतिमा को खूंटीसोट नदी में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप-प्राचार्य शैली कुमारी, और कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### नीलगाय से हो रही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व मृतकों को मुआवजा देने की मांग



**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष और पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नीलगाय द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में लगातार हो रही मौतों और घायलों के लिए झारखंड सरकार से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने बताया कि पहले जंगली जानवरों से परेशान होकर केवल किसान खेती छोड़ने पर मजबूर हो रहे थे, लेकिन अब यह समस्या सड़क पर भी सामने आ रही है। हाल ही में हुसैनाबाद के जपला पथरा रोड और जपला छतरपुर रोड पर नीलगाय के कारण दो बड़ी दुर्घटनाएं घटित हुईं। पथरा रोड पर एक युवक की जान चली गई, जबकि जपला छतरपुर रोड पर कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की ई-रिक्शा और नीलगाय के बीच टक्कर हो गई, जिससे छतरपुर के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कृष्णा बैठा ने बताया कि अब यह समस्या सड़कों पर भी गंभीर रूप ले चुकी है और लोग यात्रा करने से डरने लगे हैं। खासकर पैदल चलने वाले, बाइक सवार और ऑटो यात्रियों को इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और झारखंड सरकार से आग्रह किया कि इस विकराल समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए और घायल हुए लोगों को सरकार उचित मुआवजा प्रदान करे।

### वीर भगत सिंह फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ आगाज



**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा (जरही टोला) स्थित पोटो हो आजनवन खेल मैदान में बुधवार को आजनवन विकास समिति के तत्वावधान में वीर भगत सिंह फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मैच झारखंड के पाटन प्रखंड के चंदनपुर और बिहार के अंबा टीम के बीच खेला गया। उद्घाटन मुकाबले के मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, जोगा पंचायत के मुखिया कमला देवी, मुरमा खुर्द मुखिया रामबच्चन राम, सामाजिक कार्यकर्ता बबन बैठा, चेचरिया मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय यादव और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक मारकर मैच की शुरूआत की। पहले हाफ में बिहार के अंबा टीम ने दो गोल दागे, जबकि चंदनपुर की टीम ने एक गोल किया। दूसरे हाफ में चंदनपुर की टीम ने तीन शानदार गोल दागे, जबकि अंबा की टीम ने एक और गोल किया। इस तरह चंदनपुर की टीम ने 4-3 से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### एनपीएस बंदला के सहायक अध्यापक प्रभु दयाल विश्वकर्मा का ब्रेन हैमरेज से निधन

**ऊंटारी रोड़।** एनपीएस बंदला के सहायक अध्यापक प्रभु दयाल विश्वकर्मा का ब्रेन हैमरेज के बाद रिम्स, रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया। 57 वर्षीय विश्वकर्मा के निधन से संघ को व्यापक क्षति हुई है। स्व. विश्वकर्मा संघ के कर्मठ सिपाही थे। सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव प्रद्युम्न कुमार सिंह (सिंटू सिंह), प्रखंड अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा, कामेश्वर पाल, विजय पांडेय, राजेंद्र विश्वकर्मा, राजकुमार साह, अनिल विश्वकर्मा, राजेश पटेल, विमल कुमार, दिनेश कुमार, बीरबल राम आदि दर्जनों सहायक अध्यापकों ने दाह संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित होकर स्व. विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

### शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होता बल्कि नए ऊर्जा के साथ बढ़ाते हैं आगेः नंदकिशोर सिंह



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय धनगांव में सेवानिवृत्त शिक्षक सुशील तिवारी का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक सह प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह रहे।
सेवानिवृत्त शिक्षक सुशील तिवारी ने 2004 से 2025 तक लगभग 21 वर्षों तक मध्य विद्यालय धनगांव में सेवा दी। इस अवसर पर नंदकिशोर सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता बल्कि नए ऊर्जा के साथ जिंदगी का दूसरा सफर शुरू करता है। एक शिक्षक ही है जो शिक्षा देकर आईएएस और आईपीएस बनाता है। मौके पर +2 उच्च विद्यालय लेस्लीगंज के प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार सिंह, +2 उच्च विद्यालय धनगांव के प्रधानाध्यापक मधुसूदन राम, विकास कुमार पासवान, ज्ञानचंद प्रजापति, बंशीधर प्रजापति, अरविंद कुमार, संजय कुमार, रंजीत कुमार सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, रंगलाल प्रसाद सोनी, चंद्रशेखर मेहता, उत्तम कुमार दास, मधुमिता दास, प्रीति कुमारी, एनुल हक, आलोक रंजन मिश्रा, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### क्षेत्र की खुशहाली एवं समरसता के साथ हो सबका कल्याणः नवल किशोर

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के कोटखास ग्राम में शिव संघ कोटखास द्वारा आयोजित श्री सरस्वती पूजा महोत्सव 2025 के अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय और लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। संचालन भूतपूर्व शिक्षक शिवशंकर राम ने किया। मुख्य अतिथि नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय ने कहा कि क्षेत्र की खुशहाली एवं आपसी समरसता के साथ-साथ सबका कल्याण हो। मां सरस्वती सबको बुद्धिमान बनाएं। भक्ति जागरण के कार्यक्रम में यूपी, बिहार, झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार अक्षरा गुप्ता और ब्यास अंकु राय ने भक्ति संगीत का शानदार प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोग भक्ति रस का आनंद लेते रहे।

# दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में दिखेंगी जनजातीय संस्कृति

- मेला को वृहत रूप देने में जुटा जिला प्रशासन
- मेला का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को, तैयारियों को लेकर समाहरणालय में हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला-2025 का आयोजन 11 एवं 12 फरवरी को दुबियाखांड में होगा। पलामू जिला प्रशासन इस दो दिवसीय आयोजन को वृहद रूप देने के प्रयास में जुटी है। मेले में जनजातीय विकास की थीम पर समृद्ध जनजातीय संस्कृति की झलक दिखाने की पूरी तैयारी की जा रही है। आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में जहां कई जनजातीय सेलिब्रिटी जुटेंगे, वहीं जनजातीय विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। मेला में जनजातीय वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई देगी। पारंपरिक वेशभूषा में स्थानीय कलाकार और दूसरे प्रदेशों में रहने वाले जनजातीय कलाकार ढोल, नगाड़ा और मांदर की थाप पर थिरकते नजर आएंगे।




राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के सफल संचालन को लेकर आज मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार और उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद भी उपस्थित थे।

मेला परिसर में जिला प्रशासन की ओर से वृहद तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मेला परिसर में 40 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न सरकारी विभागों को स्टॉल आवंटित किया जाएगा। इन स्टॉलों पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। मेला में आम जन को स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसके साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां और आई ऑन विल्स के माध्यम से नेत्र जांच की सुविधा भी दी जाएगी।

सामाजिक कल्याण विभाग की ओर से महिलाओं के लिए गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन की रस्में भी कराई जाएंगी। साथ ही छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया जाएगा। मेला में नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

मेला आयोजन को लेकर यातायात प्रबंधन और विधि व्यवस्था संधारण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यातायात की एक प्रभावी रणनीति तैयार की जा रही है ताकि राहगीरों और मेला में आने वाले आगंतुकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या असुविधा का सामना न करना पड़े। मेला परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में चापानल दुरुस्त किए जाएंगे ताकि आगंतुकों को पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।

मेला के सफल आयोजन में एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के वॉलंटियर्स और पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। साथ ही, बैरिकेडिंग की जाएगी और पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, एनडीसी विक्रम आनंद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, सदर अंचल अधिकारी, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव हृदयानंद सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुत्ते को बचाने में पलटा टेम्पो, एक महिला की मौत, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बुधवार को दोपहर लगभग 12 बजे पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटन पड़वा मुख्य मार्ग पर स्थित कुत्ते की मोड़ के पास एक कुत्ते को बचाने में टेम्पो पलट गया, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई तथा अन्य घायल हो गए।

उताकी मोड के पास कुत्ता को बचाने के क्रम में टेम्पो के पलट जाने से चैनपुर के सलतूआ गांव की कुंती कुंवर (उम्र 60) की मौत हो गई। जिसके बाद बॉडी को एमएमसीएच में लाया गया, जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला अपनी बेटी से मिलकर वापस घर आ रही थी। इस घटना में राजकुमार को भी गंभीर चोटें आईं। राजकुमार अपने भांजे अवधेश सिंह के घर आए थे तथा मिलकर घर लौट रहे थे। घायल अवस्था में ग्रामीणों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने कुंती देवी को मृत घोषित कर दिया और राजकुमार को प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच में रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीच रास्ते में अचानक कुत्ता आ जाने के कारण टेम्पो चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और टेम्पो पलट गया।

पाटन थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि बीच रास्ते में कुत्ता के आ जाने के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें कुंती देवी की मौत हो गई और राजकुमार को उचित इलाज के लिए एमएमसीएच भेजा गया। अन्य सवारियों को चोटें नहीं आईं।

## मनरेगा और आवास योजनाओं की धीमी प्रगति पर डीडीसी नाराज, कई बीडीओ और बीपीओ को किया शोकॉज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम जनमन और अबुआ आवास योजना की ऑनलाइन समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।



**मनरेगा योजनाओं की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी :** उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन की धीमी प्रगति पर गहरी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से प्रखंड विश्रामपुर (58.21%), मेदिनीनगर (60.11%) और पाटन (61.25%) की प्रगति को नाकाफी बताया और संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों से कारण पुछा। उन्होंने इन प्रखंडों को अगले सप्ताह तक मानव दिवस सृजन में वृद्धि करने का आदेश दिया।

**लंबित योजनाओं को शीघ्र बंद करने का निर्देश :** उप विकास आयुक्त ने 2021-22 और उससे पूर्व की 14681 लंबित मनरेगा योजनाओं को शीघ्र बंद करने का आदेश दिया। उन्होंने खास तौर से हुसैनाबाद (4115), पाटन (2524), पांकी (1016), तरहसी (863), नीलांबर-पीतांबरपुर (669) और चैनपुर (662) प्रखंडों को एक सप्ताह के भीतर यह कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

**आवास योजना के तहत शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का आदेश :** प्रधानमंत्री आवास योजना में इस वर्ष पलामू जिले को 42,950 आवासीय लाभुकों का लक्ष्य दिया गया है। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शत प्रतिशत लाभुकों का निबंधन, जीयोटैगिंग और स्वीकृति सुनिश्चित करें। साथ ही, आधार और खाता सत्यापन के बाद 2207 लाभुकों को दो दिनों के भीतर पहली किस्त का भुगतान करें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने की आवश्यकता :** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए लाभुकों का सर्वे कार्य धीमा होने पर उप विकास आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे तेजी से पूरा करने और प्रतिदिन की निगरानी करने का निर्देश दिया।

**अबुआ आवास योजना में तेजी लाने का आदेश :** अबुआ आवास योजना के तहत 3838 लाभुकों को तीसरी किस्त का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन आवास निर्माण का कार्य पूरा नहीं होने पर उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी लाभुकों से आवास पूर्ण कराने और जीयो टैगिंग करने का आदेश दिया।

**पीएम जनमन योजना के तहत आदिम जनजातियों को लाभ देने का निर्देश :** उप विकास आयुक्त ने आदिम जनजातियों के लिए पीएम जनमन आवास योजना का लाभ सुनिश्चित करने का आदेश दिया। इसके तहत छूटे हुए लाभुकों का सर्वे और प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संवाद किया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) और प्रखंड समन्वयक (आवास योजना) जुड़े थे।

## संत मरियम के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ किया मां सरस्वती की पूजा, सुर संध्या कार्यक्रम में कई दिग्गज हुए शामिल

» संस्कार युक्त शिक्षा ही संत मरियम को दे रहा ऊंची उड़ान : प्रोफेसर एससी मिश्रा

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनाई गई। छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने पंडाल तैयार किया और उसे आकर्षक ढंग से सजाया। मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अनुष्ठान किया गया। विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा और भक्ति भाव से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। पूजा अनुष्ठान पंडित एन. एन. मिश्रा ने संपन्न कराया, और इसके साथ ही गुरु पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां छात्रों ने सभी शिक्षकों को पांव धोकर अंग वस्त्र प्रदान किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें समारोह का शुभारंभ प्रोफेसर एस. सी. मिश्रा, विद्यालय चेयरमैन अविनाश देव, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रामदेव यादव, सचिव अजय पांडेय, कोषाध्यक्ष किशोर पाठक, लिलीपुट स्कूल के निदेशक राजीव गोयल, इंस्पेक्टर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी उत्तम राय, पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के चेयरमैन ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बाहर से आए पप्पू जी की टीम ने मां सरस्वती के भजनों पर बच्चों को खूब झुमाया। वहीं विद्यालय की छात्राओं ने नौ देवी के रूपों में सुशोभित नृत्य और क्षेत्रीय नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रोफेसर एस. सी. मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुओं का सम्मान ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। आज मैं इस परिसर में छात्रों द्वारा शिक्षकों के पांव धोने और उन्हें अंग वस्त्र प्रदान करने का दृश्य देखकर अत्यंत प्रसन्न हुआ। संत मरियम ने हमारी भारतीय परंपरा को जीवित रखा है, और यही कारण है कि संत मरियम का संस्कार युक्त शिक्षा उसे ऊंची उड़ान दे रहा है। बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य की भी सराहना की। चेयरमैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य एस. वी. शाहा ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, प्रवीण दुबे, मेंटर्स एडुसर्व के समस्त शिक्षक, समन्वयक रोशन राज, वकील ओंकार नाथ तिवारी, शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## प्रखंड के पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सेवकों का पूर्व से आवंटित पंचायतों में फेरबदल

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड के 16 पंचायतों में से केवल छह पंचायत सचिव कार्यरत थे, जिससे कई पंचायत सचिव को दो या दो से अधिक पंचायतों का प्रभार था। इससे पंचायतों के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो ने चार जन सेवकों को एक-एक पंचायत आवंटित किया है और कार्यरत पंचायत सचिवों को दो-दो पंचायतों का प्रभारी बनाया है। साथ ही मनरेगा कर्मी रोजगार सेवकों के प्रभार में भी फेरबदल किया गया है। प्रखंड कार्यालय से पंचायत सचिव एवं जन सेवकों के बीच पंचायतों का आवंटन किया गया है। इस आदेश के तहत पंचायत सचिव महेंद्र राम को जुरू एवं हरतुआ पंचायत, रविंद्र कुमार सिंह को पूणाडीह एवं सांगबार, नवीन एक्का को डबरा एवं राजहारा, अनामिका कुमारी को लेस्लीगंज एवं ओरियाकला, सोनी कुमारी को पिपराखुर्द एवं कुन्दरी और पूर्णिमा कुमारी को दारूडीह एवं कुराईनपतरा पंचायतों का प्रभार सौंपा गया है।

## मुंबई में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम के कराटेकारों ने जीते चार मेडल



**मेदिनीनगर।** मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप में संत मरियम के बाल कराटेकारों ने अपनी चुस्ती-फुर्ती का शानदार प्रदर्शन करते हुए कुमिते और काता इवेंट में चार मेडल जीते। इनका नाम इस प्रकार है: शुभम कुमार सिंह ने कुमिते में गोल्ड और काता में सिल्वर, जबकि रितिक कुमार सिंह और आशीष कुमार शर्मा ने कुमिते इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता इंटरनेशनल शोटो-कॉन कराटे डू ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 2 फरवरी को अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आजाद नगर, मुंबई में आयोजित की गई थी। चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों के कराटेकारों ने हिस्सा लिया। वहीं, पलामू मिक्स्ड मार्शल-आर्ट्स टाइगर्स अकादमी की महिला कराटेकार गोल्डी कुमारी ने ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की और इंटरनेशनल शोटो-कॉन कराटे डू ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हंसी बिरेन्द्र अग्रवाल द्वारा उन्हें ब्लैक बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। इस पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि पलामू के कराटेकार अपनी कला से हर जगह कमाल कर रहे हैं, जो आने वाले दिनों में पलामू को एक नया आयाम देंगे। सभी खिलाड़ियों को विद्यालय में आने पर सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### जश्ने गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस में पांच हाफिज ए कुरान की हुई दस्तारबंदी

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के नेउरा स्थित मदरसा गौसुल आजम फैजान सैयदना में आयोजित जश्ने गोसुलवारा कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार हिफ्जबंदी के मौके पर सैयद असगर इमाम अमजारी ने शायरी के साथ उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने मुसलमानों को अपने बच्चों को स्कूली और दीनी तालीम देने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि वे दुनिया और आखिरत में सफल हो सकें। इस कार्यक्रम के दौरान हाफिज ए कुरान बने पांच बच्चों की पगड़ी पोसी गई, जिनमें हाफिज अकरम रजा, महताब आलम, कुर्बान राजा, जीशान राजा, और अमानुल्लाह अंसारी शामिल हैं। जलसा में अन्य प्रमुख धार्मिक विद्वान जैसे मुफ्ती मुहम्मद अहमद बरकती, सिद्दिक हसन झारखंडी, मुबारक हुसेन मुबारक और जमजम फतेहपुरी ने अपनी प्रभावशाली तकरीर से लोगों को जागरूक किया। जलसा की सफलता में अंजुमन इस्लामुल मुस्लिमीन कमेटी नेउरा के सदस्य और स्थानीय उलेमा का विशेष योगदान रहा, और बड़ी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

### भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश इकाई ने सभी मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा की

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश ने संगठन पर्व 2024-25 के अंतर्गत मंडल चुनाव अधिकारियों और सह-अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संदर्भ में पार्टी ने विभिन्न प्रखंडों और मंडलों के चुनाव संचालन के लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों की सूची जारी की है। संगठन पर्व के तहत विभिन्न प्रखंडों और जिलों में पार्टी के दायित्वों को निभाने के लिए कई वरिष्ठ नेताओं को पद सौंपे गए हैं। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि इस संगठन पर्व के तहत, पार्टी के सभी पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में जुटेंगे और पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे। भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश ने संगठन पर्व 2024-25 के तहत 29 मंडलों के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी ने अपने संगठन को मजबूत बनाने के लिए इन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने के साथ-साथ आगामी चुनावों के लिए तैयारियों में तेजी लाने का आह्वान किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि इन नए पदाधिकारियों के माध्यम से पार्टी आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और संगठन के विस्तार में और सुधार की दिशा में काम किया जाएगा।

### मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन हुआ

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय में बुधवार को भी देर शाम तक पूजा पंडाल में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान विभिन्न देवी तथा विदाई गीत पर लोगों ने श्रद्धा के साथ विभिन्न जलाशयों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान भक्तों में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान रास्ते भर श्रद्धालु अबीर गुलाल उड़ाते देखे गए। वहीं महिलाओं ने भी मां सरस्वती की प्रतिमा के विसर्जन से पूर्व आखिरी आरती में हिस्सा लिया और विभिन्न देवी गीत गाए। प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोयल नदी तट और कचरवा डैम सहित अन्य स्थानों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। प्रतिमा विसर्जन का क्रम देर रात तक चलता रहा।

बताते चले कि इस वर्ष 4 दिनों तक सरस्वती पूजा की धूम रही। वैसे तो बसंत पंचमी 2 फरवरी को थी, परंतु उदया तिथि नहीं होने के कारण अधिकतर स्थानों पर तीन फरवरी को सरस्वती पूजा की गई। वहीं कई पंडालों ने मंगलवार को प्रतिमा का विसर्जन किया। जबकि मंगलवार होने के कारण अधिकांश पूजा समितियों ने बुधवार को हवन कार्यक्रम संपन्न कर प्रतिमा का विसर्जन किया। शनिवार से शुरू हुए इस त्योहार का समापन बुधवार को होने से विभिन्न देवी गीतों से चार दिनों तक भक्ति का माहौल बना रहा। विसर्जन के उपरांत कई पूजा पंडालों में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों महिला-पुरुष शामिल हुए।

### पीएम आवास 2.0 में आए मात्र 400 आवेदन

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में मात्र 400 आवेदन आए हैं। इस दौरान निगम वासियों को 31 जनवरी तक आवेदन निगम कार्यालय में जमा करना था। इस दौरान आवेदक को सभी अद्यतन कागजात जमा करने थे। बताते चलें कि प्राप्त आवेदन के आधार पर नगर निगम की गठित टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाएगा। इसके पश्चात पीएम आवास के लाभ लेने की अर्हता रखने वाले लोगों की सूची बनाई जाएगी। बताते चले कि पीएम आवास योजना की शुरूआत से लेकर अब तक निगम क्षेत्र में 6929 लाभुकों को इसका लाभ दिया जा चुका है। हालांकि वर्तमान में हजारों लाभुक ऐसे हैं जिन्होंने अब तक मकान पूरा नहीं कराया। बताते चले कि कई बार ऐसी शिकायतें आती हैं कि अयोग्य लाभुक को भी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दे दिया जाता है अथवा मकान की कई किश्त मिलने के बाद भी लाभुक इसका निर्माण नहीं करते। इस बार लाभुकों के चयन में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही आखिरी सूची बन जाने के बाद इन्हें विभिन्न माध्यमों से प्रकाशित कर जानकारी दी जाएगी। जिसमें आरोग्य लाभों के चुनाव होने पर लोग दावा आपत्ति कर सकते हैं। इस बाबत जानकारी देते हुए नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि 31 जनवरी तक प्राप्त आवेदन के आधार पर नगर निगम के तहसीलदार, सीएलटीसी तथा सर्वेयर द्वारा लाभुकों के आवास के निर्माण स्थल का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके पश्चात योग्य लाभुकों को इसका लाभ दिया जाएगा।

**अब तक 48 प्रतिशत आवास अधूरे :** बताते चले कि अब तक निगम क्षेत्र में कुल 6929 लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया था। जिसमें केवल 3576 लाभुकों ने इसका निर्माण नहीं कराया है। अब तक आवास के 48% लाभुकों ने कई वर्ष बीत जाने पर भी अब तक आवास पूरा नहीं किया। आवास नहीं पूरा करने वालों की संख्या 3353 है। निगम इस बार सजग होकर सुनिश्चित कर रहा है कि योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिले, साथ ही जिन्हें इसका लाभ मिले वह उसे समय से पूरा करें।

## किसी भी परिस्थिति में धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए : मनोज सिंह

- मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु दसरथ अजर बिहारी से गूंजा बारालोटा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 49वें अधिवेशन के तहत मानस पाठ का आयोजन किया गया। बुधवार को श्रीराम दरबार की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। 'मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु दसरथ अजर बिहारी' भजन से पूरे बारालोटा गांव में भक्ति का माहौल बन गया। प्रातः काल से ही मंदिर की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। यज्ञाचार्य पंडित उमेश चंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं पूजा संपन्न कराई। यजमान बृजलाल तिवारी और उनकी धर्मपत्नी पूजा अनुष्ठान में सक्रिय थे।



पूजा के बाद पंडित विजय दूबे के नेतृत्व में मानस पाठ शुरू हुआ। समाजसेवी और मेदिनीनगर नगर निगम के भावी महापौर के प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे धर्म के आयोजन से न केवल पूरे गांव बल्कि आसपास के गांव भी शुद्ध हो जाते हैं। यज्ञ के हवन की धुआं जहां तक जाता है, वहां तक का वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि जीवन में धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है।

मनोज सिंह ने यजमानों और सभी पाठक साथ ही एक समिति के सभी पदाधिकारियों को धोती, गमछा और रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष गिरजा शंकर तिवारी ने कहा कि श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति के तत्वावधान में यह महायज्ञ 13 फरवरी तक चलेगा। दिन में मानस का सामूहिक पाठ और रात्रि में उत्तर प्रदेश के नीरज भास्कर तथा वाराणसी की महिला विदुषी आराधना त्रिपाठी जैसे विद्वानों द्वारा रात्रिकालीन प्रवचन होंगे। इस अवसर पर समिति के सचिव ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, उपाध्यक्ष श्यामलाल तिवारी, उपसचिव विजय तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, समाजसेवी संजय कुमार तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी, कोषाध्यक्ष पारस तिवारी, उपकोषाध्यक्ष अजीत कुमार तिवारी, मीडिया प्रभारी अरुण कुमार शुक्ला, संचालन समिति सदस्य रविंद्र कुमार तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य नित्यानंद तिवारी, विजय तिवारी, शैलेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, श्यामाकांत तिवारी उर्फ बाबू पिंकू तिवारी, समाजसेवी अनूप जायसवाल, कौशल पांडेय, गोविंद राम, सुनील तिवारी, प्रेमतोष पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ

## जीवन में परमेश्वर और मृत्यु ही सत्य है : अलका किशोरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सुदना तुलसी मानस मंदिर के मैदान में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर धनंजय त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के साथ भाजपा नेता परशुराम ओझा, देवी मंदिर ट्रस्ट के अभिमन्यु ओझा, विनोद अग्रवाल आदि ने दीप प्रज्वलित किया।

इसके पश्चात श्रीमद् भागवत कथा व्यास अलका किशोरी तथा मुख्य अतिथि धनंजय त्रिपाठी को अंग वस्त्र एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत भागवत कथा के पहले दिन सर्वप्रथम भगवान भागवत की आरती की गई। इस अवसर पर वृंदावन से पधारी भागवत कथा व्यास अलका किशोरी ने कथा के पहले दिन भागवत कथा महात्मय की चर्चा की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा कहते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण तो कोई कर सकता है, परंतु जिसके अंदर कथा बैठ जाए वही इसका अपने जीवन में पालन कर सकता है। हम सब में ईश्वर विराजमान है, परंतु अपने अंदर उसे ढूंढने का प्रयास नहीं करते। भागवत कथा यही सीख देती है कि जीवन में केवल दो ही सत्य हैं - पहला परमेश्वर और दूसरा मृत्यु। व्यक्ति को अपने विचार, वाणी और कार्यों में सामंजस्य स्थापित करना चाहिए। जिस प्रकार मोर को देखकर कोई नहीं कह सकता कि वह सर्प खाता होगा, उसी प्रकार कलयुग में यह देखने को मिलता है कि व्यक्ति अपने मुंह से मधुर वाणी बोलता है, परंतु उसके कार्य अनुचित होते हैं। भवसागर को पार करने का एकमात्र तरीका भगवत भक्ति है। इस कार्यक्रम के दौरान सुनील सोनी, प्रशांत सिंह, मनीष उपाध्याय, मिथिलेश मिश्रा, अग्रवाल प्रफुल्ल दुबे, शोभा दुबे सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिला पर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, अभियुक्त गिरफ्तार

**केतार।** थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव निवासी अभियुक्त सुचित मेहता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त पर एक महिला से धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने और आपत्तिजनक वीडियो एवं फोटो वायरल करने का आरोप था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया।

### मुख्यमंत्री उज्जवला योजना के तहत विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ



**कांडी।** मुख्यमंत्री उज्जवला योजना के तहत, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांडी प्रखंड के खुटहेरिया पंचायत के ग्राम गोसांग के पखनाहा टोला में विद्युतीकरण कार्य का शुभारंभ विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खुशी जताई। विधायक ने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया। खुटहेरिया मुखिया अनीता देवी ने नवनिर्वाचित विधायक के कार्यकाल में इस दिन के आने की सराहना की और विधायक को धन्यवाद दिया। इस मौके पर मुखिया अनीता देवी, उपमुखिया आतिश सिंह, अन्य पंचायत सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

# भंडरिया में बिगन कोरवा की हत्या, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया।** पंचायत के टेनटाड़ गांव में आदिम जनजाति के निवासी 45 वर्षीय बिगन कोरवा का शव जुर्मा जंगल में पाया गया। वह पिछले सोमवार से लापता था, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मंगलवार को जंगल में खून के धब्बे मिलने पर ग्रामीणों ने शव की खोजबीन की और पुटुस के झाड़ी में शव पाया, जिसकी पहचान बिगन कोरवा के रूप में की गई। पुलिस ने जब मृतक की पत्नी तेतरी देवी से पूछताछ की, तो उसने हत्या की बात स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपने प्रेमी संतोष कोरवा के साथ मिलकर बिगन कोरवा की हत्या की थी। दोनों ने मिलकर कुल्हाड़ी से वार किए और मृतक का चेहरा बुरी तरह से कुचल दिया ताकि उसकी पहचान न हो सके। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। यह हत्या एक प्रेम प्रसंग के चलते हुई, जिसमें मृतक की पत्नी और प्रेमी के बीच संबंध थे।

## सेवानिवृत प्रधानाध्यापक को विदाई

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के आधार पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अनेश्वर सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने भावुक विदाई गीत प्रस्तुत किया, जिससे सभी की आंखों में आंसू थे। प्रधानाध्यापक के 31 वर्षों के कार्यकाल को याद करते हुए शिक्षकों और ग्रामीणों ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी हीरामणि देवी को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### भारतीय वोर वेल्स का शुभारंभ



**भवनाथपुर।** हाई स्कूल के पास भारतीय वोर वेल्स का विधिवत पूजा पाठ के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रोपाइटर ने बताया कि वे विभिन्न प्रकार के बोर ड्रिलिंग कार्य करते हैं, जिसमें डिप बोर, पोल पाईलिंग, पोकलेन, जेसीबी, मकान का पायलिंग आदि शामिल हैं। इस मौके पर सुधीर सिंह, शबाबा खान, प्रभाकर सिंह, मुकेश यादव, अखिलेश कुमार, रामाधार पांडेय, पापन सिंह, राजेश कुमार सिंह, राकेश सिंह और पूर्व मुखिया बैजू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित



**कांडी।** घटहुआँ कला पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजा घटहुआँ में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक अलखदेव राम को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 31 जनवरी 2025 को प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए। वे 15 जुलाई 1988 को विद्यालय में योगदान देने आए थे। इस अवसर पर पंचायत मुखिया कौशल्या देवी, शिक्षक ब्रजेश पांडेय, विद्यालय परिवार और अन्य ग्रामीणों ने उन्हें माल्यार्पण, अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक अलखदेव राम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस विद्यालय की स्थिति अब बहुत बेहतर हो चुकी है और वे अब अपने परिवार के साथ शेष जीवन बिताएंगे।

## खरौंधी प्रखंड समिति की बैठक में अवैध खनन पर जताई गई चिंता



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख आभा रानी ने की। बैठक में प्रमुख ने झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर अवैध रूप से स्टोन चिप्स की ढुलाई और रात्रि में अवैध बालू खनन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने दावा किया कि इस अवैध परिवहन से झारखंड सरकार को रॉयल्टी का बड़ा नुकसान हो रहा है। प्रमुख ने बताया कि उनके पास अवैध गतिविधियों का वीडियो क्लिप भी है और उन्होंने अंचलाधिकारी तथा खरौंधी थाना को जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, बैठक में मईंया सम्मान योजना और पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की गई और लाभुकों तक इन योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपप्रमुख देवदत प्रसाद ने खरौंधी बाजार में बढ़ते अतिक्रमण का मुद्दा उठाया और अंचलाधिकारी को इसे शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपप्रमुख देवदत प्रसाद, बीडीओ रवींद्र कुमार, सीओ गौतम कुमार लकड़ा, सीडीपीओ नंदजी राम, मनरेगा बीपीओ अंकीत कुमार सिंह, जेएसएलपीएस बीपीएम मोनीका कुमारी, विधायक प्रतिनिधि हिफाजत अंसारी और अन्य पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

## चिनिया प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र की जांच सेविका के खिलाफ ग्रामीणों ने की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलैतीखैर के छतैलिया गांव में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार के निर्देश पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कमलेश कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की। इस जांच का कारण था ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी सेविका सरोजनी देवी और सहायिका के खिलाफ की गई शिकायत। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर आंगनबाड़ी केंद्र की जांच करने की मांग की थी, जिसके बाद यह जांच शुरू की गई। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र 15 जनवरी 2025 तक खुला था, लेकिन उसके बाद से यह बंद है। ग्रामीणों ने एक स्वर में आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को बर्खास्त करते हुए नए आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की नियुक्ति करने की मांग की। सेविका के पति तारकेश सिंह और सहायिका के पति परीखा सिंह ने कहा कि उनकी पत्नियां बीमार रहती हैं और काम नहीं करेंगी। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि इस मामले को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सूचित किया जाएगा और नए आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की नियुक्ति के लिए जिला से चिट्ठी जारी की जाएगी। ग्रामीणों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की जाएगी और नए चयन के लिए विज्ञापन भी निकाले जाएंगे। इस मौके पर ग्रामीणों में फुलमानी देवी, अनिता कुमारी, कमला कुंवर, अनीता देवी, निर्मला देवी, गीत देवी, मानमती देवी और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चितविश्राम में सेवानिवृत्त शिक्षक का सम्मान समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** मंगलवार को संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चितविश्राम में बारोडीह के प्रधानाध्यापक राजनाथ राम के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की शुरूआत सीआरपी संजय कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षक को माला पहनाकर की। इसके बाद सीआरपी संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, शिक्षक द्वारिकानाथ पांडेय और अखिलेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। सीआरपी संजय कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने राजनाथ राम के विभागीय निदेशों का शत-प्रतिशत पालन करने और उनके अनुशासन को सराहा। वरिष्ठ शिक्षक द्वारिकानाथ पांडेय ने कहा कि राजनाथ राम के कार्यों से हमें सीखने की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने हमेशा अनुशासन का पालन करते हुए अपने कार्यकाल को बेदाग ढंग से पूरा किया। अखिलेश प्रसाद ने कहा कि हम सभी की यह कामना है कि उनके जीवन में हमेशा उत्साह और उमंग बनी रहे। कमलेश पडिय ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में बेदाग सेवानिवृत्त होना एक मुश्किल काम है, लेकिन राजनाथ राम ने इसे संभव किया है, जो बहुत खुशी की बात है। इस अवसर पर शिक्षक नरेंद्र श्रीवास्तव, पूनम कुमारी, रूबी कुमारी, रागिनी रवानी, आशा कुमारी, केदारनाथ मित्र, सुभाष राम, सुग्रीव राम, जगरनाथ राम, नरेश राम, सर्जय कुमार और अन्य सीआरसी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना पर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मनरेगा के तहत 3 से 8 फरवरी 2025 तक प्रत्येक पंचायत में पखवाड़ा सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जॉब कार्ड बनाने, मेठ बहाल करने और रोजगार सेवकों को कार्य करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा, जो ग्राम मेठ अच्छे काम कर रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर से उत्कृष्ट अवार्ड दिया जाएगा। इस दौरान भंडरिया प्रखंड के मनरेगा कर्मियों को सम्मानित किया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिन्हा, बीपीओ रवि शंकर सिंह, जेई धर्मेंद्र यादव, पंचायत सेवक प्रमा राम, पंचायत मुखिया मोनिका खलखो, प्रवंता देवी, प्रेमनी देवी, रोजगार सेवक सुनीला एक्का, आत्मा राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बर्खास्त स्वयं सेवकों का पंचायत सहायक के पद पर चयन पर विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** प्रखंड में पंचायत सहायक के पद पर चयन के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया, लेकिन बर्खास्त स्वयं सेवकों का चयन किए जाने पर ग्रामीणों ने विरोध किया। सिलीदाग पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम सभा में पंचायत सहायक के पद पर तीन स्वयं सेवकों का चयन किया गया। ग्रामीण मुकेश कुमार पासवान ने कहा, 'जब स्वयं सेवकों को ही चयनित करना था तो ग्राम सभा की आवश्यकता क्यों थी? यह चयन योग्य उम्मीदवारों के अधिकारों का हनन है।' सुरेश बारी ने भी कहा कि उन्हें ग्राम सभा की प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह और मुखिया अनीता देवी ने बताया कि यह चयन पंचायत सहायक पद के लिए प्रशासनिक आदेश के तहत किया गया था। चयनित व्यक्तियों की नियुक्ति ग्राम सभा के माध्यम से की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय ने कहा कि यदि कोई शिकायत आती है तो वरीय अधिकारियों को सूचित किया जाएगा।

## महेश्वर प्रसाद का निधन, परिवार में शोक की लहर

**मेराल ।** मुख्यालय के बाजार टोला निवासी 65 वर्षीय महेश्वर प्रसाद का मंगलवार की भोर में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक था और वे अपना सारा दैनिक कार्य करने के बाद मंगलवार की रात एक बर्थडे पार्टी में गए थे। पार्टी से घर लौटकर सोने के बाद, भोर में 4 बजे अचानक सीने में दर्द हुआ। इस स्थिति में परिवार ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गढ़वा परमेश्वरी मेडिकल सेंटर रेफर किया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महेश्वर प्रसाद अपने मेहनती स्वभाव और जुझारू व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। वे अपनी खेती-बाड़ी और छोटे व्यवसाय से परिवार का पालन करते थे। उन्होंने अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसका परिणाम यह रहा कि उनका एक पुत्र लव कुमार वर्तमान में धनबाद बैंक मोड़ स्थित थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। 1990 के दशक में, महेश्वर प्रसाद ने मेराल बाजार के महावीर मंडली में राम दरबार की झांकी में अंगद बनकर पहलवान होने का भी परिचय दिया था। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया राम सागर महतो, संजय भगत, सुनील कुमार कालिया, महेंद्र प्रसाद, और अन्य ग्रामीणों ने शोक संतृप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और अंतिम संस्कार में भाग लिया।

## खरौंधी प्रखंड के मझिगावां पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा के खरौंधी प्रखंड के मझिगावां पंचायत में 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और फर्जी भुगतान के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि जलमीनार निर्माण, चापाकल मरम्मत, और वाटर सप्लाई योजनाओं में वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि केवल एक जलमीनार का निर्माण हुआ, जबकि दो जलमीनारों के निर्माण का पैसा निकाला गया। चापाकल मरम्मत के नाम पर भी धनराशि निकाली गई, लेकिन कोई काम नहीं हुआ। वहीं, कई वाटर सप्लाई योजनाओं में फर्जी भुगतान का आरोप है, जिनका लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंचा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पंचायत अध्यक्ष अजित कुमार यादव ने उपविकास आयुक्त को आवेदन देकर इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। इस मामले की जांच के लिए एक जिला स्तरीय कमिटी बनाई गई है। उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने कहा कि यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कैलान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**भवनाथपुर।** 5 फरवरी को भवनाथपुर कैलान के झूरही टोला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी अरविंद तिवारी ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लोगों को नशे से बचने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, 18 वर्ष में लड़की की शादी, 21 वर्ष में लड़के की शादी जैसी सामाजिक मुद्दों पर जानकारी दी गई। दिव्यांग विपिन अगरिया ने ट्राई साइकिल की मांग की।

## सराहनीय पहल | गुलाब इंटरनेशनल स्कूल का प्रचार गाड़ी रवाना

### स्कूल अब बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा : डायरेक्टर

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** प्रखंड के मोटंगवा गांव में गुलाब इंटरनेशनल स्कूल का प्रचार गाड़ी को डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह (छोटन सिंह) ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि केतार प्रखंड में आधुनिक सुविधाओं से लैस कोई विद्यालय नहीं था, जिससे बच्चों को अन्य प्रखंडों में शिक्षा के लिए जाना पड़ता था। गुलाब इंटरनेशनल स्कूल अब बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगा। इस विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, प्रशिक्षित शिक्षक, कंप्यूटर क्लास, स्कूल बस, खेल का मैदान, लाइब्रेरी, मेडिकल सुविधा, आरओ पानी और सीसीटीवी कैमरे की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही मेधावी छात्रों को 80% तक छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। डायरेक्टर ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस विद्यालय में नामांकन कराएं। सत्र 2025-26 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## पशुपालन विभाग में सेवानिवृत्त कर्मचारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के पशुपालन विभाग में बुधवार को अनुसूचित कर्मचारी शशि भूषण प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड पशु चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मध्य विद्यालय ब्लॉक कालोनी की आठवीं कक्षा की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर विद्यासागर सिंह और डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह ने शशि भूषण प्रसाद को माला पहनाते हुए अंगवस्त्र और सूटकेस देकर सम्मानित किया। डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सरकारी परंपरा के तहत सेवानिवृत्ति एक प्रावधान है, और शशि भूषण प्रसाद का कार्यकाल पशु सेवा में सराहनीय रहा है। उन्होंने हमेशा मृदु भाषाशैली के साथ घर-घर जाकर लोगों से जुड़ाव बनाए रखा। साल 2013 में मेराल पशुपालन विभाग में योगदान देने वाले शशि भूषण प्रसाद ने 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। कुल मिलाकर, उन्होंने सरकारी नौकरी में 34 वर्ष 2 माह सेवा की। डॉक्टर विद्यासागर सिंह ने कहा कि गढ़वा में पशुपालन विभाग में कुल 28 पद हैं, जिनमें से केवल 10 पद ही भरे हुए हैं। इसके अलावा, जिले में केवल पांच कंपाउंडर कर्मी ही कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि इस कमी को लेकर जनता को विधायक, मंत्री और सरकार से पशुपालन विभाग में कर्मियों के पद की स्थापना की मांग करनी चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन कांडी के डॉक्टर अमित कुमार ने किया। उपस्थित लोगों में बंशीधर नगर के डॉक्टर शमशाद आलम, रमकंडा के डॉक्टर रंजीत डे, रमुना के डॉक्टर चंदन कुमार चौधरी, मेराल बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, मदन प्रसाद गुप्ता, अलखनारायण चौबे और अन्य लोग उपस्थित थे।

# लातेहार में मैट्रिक के लिए 39 और इंटरमीडिएट के लिए 25 परीक्षा केंद्र निर्धारित

● परीक्षा के निष्पक्ष संचालन और विधि-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन और कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष परीक्षा कराना सभी की जिम्मेदारी है। कदाचार की किसी भी सूचना पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट को परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बरतने और निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा।

**सीसीटीवी कैमरे और मूलभूत सुविधाओं की होगी व्यवस्था**



उपायुक्त ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, रोशनी, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा के दौरान अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करना होगा, ताकि परीक्षा कदाचारमुक्त और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो।

बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**परीक्षा का समय और कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| मैट्रिक परीक्षा | : प्रथम पाली (9:45 AM - 1:00 PM) |
| इंटरमीडिएट परीक्षा | : द्वितीय पाली (2:00 PM - 5:15 PM) |
| परीक्षा तिथियां | : 11 फरवरी 2025 से 3 मार्च 2025 तक |

**परीक्षार्थियों की संख्या और परीक्षा केंद्र**

मैट्रिक परीक्षा : 39 परीक्षा केंद्रों पर 11,157 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

इंटरमीडिएट परीक्षा : 25 परीक्षा केंद्रों पर 7,350 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## दूसरे दिन भी वन विभाग ने जब्त किए 30 बोटा अवैध लकड़ी



**गिद्धौर (चतरा)।** दक्षिणी वन क्षेत्र पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को गिद्धौर वन क्षेत्र के मारंगी गांव में अवैध रूप से काटी गई सेमल प्रजाति की लकड़ी जब्त की गई। वन विभाग की टीम ने प्रभारी वनपाल रूपलाल यादव और कमल किशोर के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 30 बोटा अवैध रूप से काटी गई लकड़ी बरामद की गई। जबकि अवैध कटाई में शामिल माफियाओं की पहचान की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी टीम में वनरक्षी संजय कुमार, राकेश कुमार, प्रकाश राणा और अन्य कर्मी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### मां दुर्गे की प्रतिमा की 16वां स्थापना वर्षगांठ मनाने को लेकर गुरुवार को महुआडांड हिन्दू महासभा की बैठक



**महुआडांड़।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा की 16वीं स्थापना वर्षगांठ को मनाने के लिए गुरुवार को महुआडांड हिन्दू महासभा की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बारे में जानकारी देते हुए महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरूआत तीन मार्च को सुबह आठ बजे कलश यात्रा से होगी। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए गुरुवार की शाम 7 बजे हिन्दू महासभा समिति की बैठक बुलाई गई है। हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बैठक में ससमय उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### गिद्धौर क्रिकेट प्रीमियर लीग में हिंदुस्तान फाइटर और मुकेश वॉरियर्स की शानदार जीत


**गिद्धौर।** प्रखंड के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे गिद्धौर क्रिकेट प्रीमियर लीग में बुधवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच हिंदुस्तान फाइटर बनाम सुहानी ट्रेडर्स के बीच खेला गया। हिंदुस्तान फाइटर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 173 रन बनाए। उपेंद्र राणा ने 26 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में सुहानी ट्रेडर्स की टीम 9 ओवर में मात्र 80 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह हिंदुस्तान फाइटर ने यह मैच 93 रन से जीत लिया। उपेंद्र राणा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच टाइटंस टाइगर्स बनाम मुकेश वॉरियर्स के बीच खेला गया। टाइटंस टाइगर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.4 ओवर में 119 रन बनाए। मुकेश वॉरियर्स की टीम ने 11.04 ओवर में 9 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच जीत लिया। राहुल कुमार रजक को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हीरा मार्बल्स एवं टाइल्स के प्रोपराइटर अनिल कुमार और विवेक कुमार द्वारा दिया गया।

## विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल जनता ने की पारदर्शिता की मांग

- सांसद-विधायक मद की योजनाओं में अनियमितताओं के आरोप, प्रशासन से कार्रवाई की अपेक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र की कई सड़क परियोजनाओं में निर्माण के तुरंत बाद खराब होने की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है। स्थानीय लोग पारदर्शिता और बेहतर निगरानी की मांग कर रहे हैं। तेतरिया मोड़ से मयूरहंड और गद्दा मोड़ से पेटादेरी तक सड़क निर्माण कार्य जारी है, लेकिन कुछ स्थानों पर सड़क उखड़ने की घटनाएं सामने आई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे सड़कें जल्दी खराब हो रही हैं।



हालांकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार हो रहे हैं और यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है, तो संवेदकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी चर्चा हो रही है। कुछ लोगों का मानना है कि वे इस मुद्दे पर सक्रिय भूमिका निभाएं और समस्याओं के समाधान के लिए पहल करें। दूसरी ओर, कुछ जनप्रतिनिधियों का कहना है कि अगर किसी परियोजना में गड़बड़ी हो रही है, तो प्रशासन को इसकी जांच कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। स्थानीय जनता ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि विकास योजनाएं लंबे समय तक उपयोगी साबित हों और भ्रष्टाचार पर रोक लगे।

## गिद्धौर में बिजली चोरी करते पकड़े गए आठ लोग, प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर (चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को गिद्धौर प्रखंड के ब्रह्मपुर, मायाडीह और अन्य गांवों में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे। इस अभियान में आठ लोग अवैध रूप से बिना विद्युत कनेक्शन के बिजली जलाते पकड़े गए। इन सभी लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जबकि प्रत्येक पर 10,314 रुपये जुर्माना लगाया गया है, जिससे कुल 82,512 रुपये का क्षतिपूर्ति शुल्क वसूला जाएगा। दर्ज प्राथमिकी में ब्रह्मपुर के शंकर साव, मायाडीह के मुकेश यादव, अशोक दांगी, केदार दांगी, मुकेश दांगी, उपेंद्र दांगी, उपेंद्र रविदास और विजय रविदास का नाम शामिल है।

## मनरेगा दिवस पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

● तीन से आठ फरवरी तक मनरेगा सप्ताह, लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय में मनरेगा दिवस के अवसर पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि तीन से आठ फरवरी तक मनरेगा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंडवासियों से इस योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ श्री तिवारी ने मनरेगा की विभिन्न योजनाओं और प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने और क्षेत्र के विकास में यह योजना अहम भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा और उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद ने भी लोगों को मनरेगा से जुड़ने और इसका लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

I, Bimal Kumar Singh son of Ramprit Singh, resident of Village-Barsaita, PS-Patan, District- Palamu, Jharkhand. I announce that my name is Bimal Kumar Singh in my Aadhaar card and my date of birth is 01.01.1987. And according to the policy number 18052978 in my HDFC Life Insurance Policy, my name is Vimal Singh and my date of birth is 16.06.1987 which is wrong. My name is Bimal Kumar Singh and my date of birth is 01.01.19. Which is right and true.

**Affidavit No - 66/1048 Date : 05/02/2025**

## स्व. रामसुंदर सिंह मध्य विद्यालय का 6वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन, पूर्व विधायक ने शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के सिंजो ग्राम के अम्वाटोली में संचालित स्व. रामसुंदर सिंह मध्य विद्यालय का 6वां स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह और मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह प्रदेश सदस्य राजधनी यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्व. रामसुंदर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिता की प्रेरणा से ही उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने और समाज में बदलाव लाने की प्रेरणा ली। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार देना भी जरूरी है। मुख्य अतिथि राजधनी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने मनिका विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके प्रयासों से मनिका में सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना हुई, जिससे यह क्षेत्र शिक्षा के नए आयाम तक पहुंचा। स्थापना दिवस समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, बीईईओ अमरेंद्र पाठक, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य उषा देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, ग्राम प्रधान रजत कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से मीडिया कर्मियों को भी शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन भाजपा नेता और पूर्व जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे ने किया।

## लातेहार में अवैध अफीम की खेती पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, हर पौधा होगा नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के बरियातू, बालूमाथ और हेरहंज प्रखंडों में अवैध अफीम की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। इस संबंध में लगातार खबरें सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सभी संबंधित थानों और अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अवैध गतिविधि में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और हर अफीम के पौधे को नष्ट किया जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि अफीम की खेती करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस अवैध गतिविधि के खिलाफ प्रशासन लगातार जांच और कार्रवाई कर रहा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जमीन के प्रकार की होगी स्पष्ट जांच**



● अवैध गतिविधियों में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

● हर तीन से चार दिन में अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को जांच का निर्देश

उपायुक्त ने कहा कि लातेहार जिले के बारियातू, हेरहंज और चंदवा थाना क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। हालांकि, इन क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान यह स्पष्ट नहीं हो सका कि खेती रैयती भूमि, गैर-मजरूआ भूमि या वन भूमि पर की जा रही थी। इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अफीम की खेती के विनष्टीकरण के दौरान वन विभाग और संबंधित अंचल कार्यालय के एक-एक पदाधिकारी/कर्मचारी को शामिल करें और भूमि के प्रकार को जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दर्ज करें।

चालू फसलीय वर्ष 2024-25 में अवैध अफीम की खेती और तस्करी की रोकथाम के लिए सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को प्रत्येक 3-4 दिनों में नियमित रूप से जांच कराने का निर्देश दिया गया है। यदि रैयती भूमि पर अवैध अफीम की खेती पाई जाती है, तो भूमि सुधार अधिनियम की धारा 46 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि अफीम की खेती न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह स्थानीय समुदाय के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है। इसलिए संबंधित प्रखंडों के अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को अफीम के पौधों की पहचान कर उन्हें पूरी तरह नष्ट करने का कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन इस अवैध गतिविधि को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प है और किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा।

**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**

समाहरणालय परिसर, द्वितीय तल्ला, लातेहार, Email id :- mdm21lthr@gmail.com

**—: आवश्यक सूचना :—**

लातेहार जिलान्तर्गत प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं की वरीयता सूची–2 (ग्रेड–4) (कला/भाषा एवं विज्ञान) में प्रोन्नति हेतु द्वितीय प्रकाशन दिनांक 20.01.2025 को जिला के वेबसाईट www. latehar. nic. in पर किया गया था एवं दिनांक 27.01.2025 को आपत्ति देने हेतु समय सीमा निर्धारित की गई थी।

प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के पश्चात् जिला के प्रारंभिक शिक्षकों की औपबंधिक वरीयता सूची संख्या– 02 का तृतीय प्रकाशन दिनांक 04.02.2025 को जिला के वेबसाईट www. latehar. nic. in पर किया गया है। संबंधित शिक्षक/शिक्षकाओं को सूचित किया जाता है कि तृतीय प्रकाशित औपबंधित वरीयता सूची संख्या– 02 का अवलोकन कर अपनी आपत्ति सक्षम पदाधिकारी के माध्यम से दिनांक 05.02.2025 से 06.02.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाए। यदि किसी शिक्षक का नाम औपबंधिक वरीयता सूची संख्या– 02 में छूट गया है तो वे भी अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

समय सीमा के पश्चात् प्राप्त दावा– आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा एवं यह सूची अंतिम मानी जायगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR 345771 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

## खाद्यान्न उठाव, आधार सीडिंग और डाकिया योजना की गहन समीक्षा

जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में समयबद्ध राशन वितरण पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में राशन वितरण, आधार सीडिंग, डुप्लीकेट राशन कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने पूर्व की बैठकों में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्यान्न के उठाव और वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**पीवीटीजी परिवारों को शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश**

बैठक में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना के तहत राशन वितरण की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ समय पर मिलना चाहिए।

इसके अलावा, आधार सीडिंग, सुसुप्त राशन कार्ड, ई-पॉश मशीन, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, पीजीएमएस शिकायतों, चना दाल, नमक और चीनी वितरण, ग्रीन टू एनएफएसए राशन कार्ड परिवर्तन सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सुनिश्चित किया जाए कि सभी योग्य लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा और एमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन

**बारियातू।** स्वास्थ्य विभाग के निदेशानुसार बारियातू प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा ग्राम में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी ने शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया, 'मैं संदेहास्पद लेप्रोसी रोग के लक्षण वाले व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र या आयुष्मान आरोग्य मंदिर जाने के लिए प्रेरित करूंगी और यह सुनिश्चित करूंगी। यदि किसी को लेप्रोसी रोग है, तो उसका पूरा इलाज करवाने में मदद करूंगी। हम सभी शपथ लेते हैं कि महात्मा गांधी जी का सपना कुष्ठ मुक्त भारत को साकार करने के लिए सदा प्रयत्नशील रहेंगे।' इसी क्रम में सहिया साथी गौरी देवी ने भी राजगुरु ग्राम में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया और शपथ दिलाई। इस मौके पर सुनीता देवी, रिंकी देवी, मनीषा देवी, कविता कुमारी, सीमा देवी, सुलेशनी देवी, प्रियांशु कुमारी, मालो देवी, राजमनी मसोमात, सलमातिया देवी, शांति देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**

Email :- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन रद्द करने संबंधी आदेश**

कार्यालय आदेश ज्ञापांक 772/जि0प0, दिनांक 23.09.2022 के माध्यम से प्रखण्ड सतबरवा में स्थित जिला परिषदीय विभिन्न दुकानों का आवंटन डाक विधि से किया गया था। सतबरवा में स्थित 22 दुकान के आवंटियों द्वारा संयुक्त रूप से अभ्यावेदन प्रस्तुत कर किराया राशि जमा करने में असमर्थता जाहिर करते हुए आवंटन रद्द करने का अनुरोध किया गया है। दिनांक 04.10.2024 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड के बैठक में संबंधित दुकानों का आवंटन रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

अतः उपरोक्त के आलोक में जिला परिषदीय निम्नांकित सैरात का आवंटन तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है।

| क्र0 | प्रखण्ड | दुकान सं0 | आवंटी का नाम | पिता/पति का नाम | बकाया राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सतबरवा | A-16 | मो0 आरीफ | मो0 अनवर हुसैन | 244500.00 | आवंटन रद्द |
| 2 | सतबरवा | B-1 | सालेहा खातून | जावेद अंसारी | 217500.00 | आवंटन रद्द |
| 3 | सतबरवा | B-2 | अशोक कुमार | स्व0 मुनी साव | 141500.00 | आवंटन रद्द |
| 4 | सतबरवा | B-3 | मो0 अलाउद्दीन | मो0 जमालुद्दीन | 160500.00 | आवंटन रद्द |
| 5 | सतबरवा | B-4 | मो0 वसिम रजा | स्व0 मो0 हबीब अंसारी | 174000.00 | आवंटन रद्द |
| 6 | सतबरवा | B-5 | मो0 रमीज रजा | मो0 जैनुल्लाह | 150000.00 | आवंटन रद्द |
| 7 | सतबरवा | B-6 | अहमद रजा | मो0 इसराफिल अंसारी | 148500.00 | आवंटन रद्द |
| 8 | सतबरवा | B-7 | मो0 अफजल अंसारी | मो0 मजिद | 120000.00 | आवंटन रद्द |
| 9 | सतबरवा | B-8 | मो0 इम्तियाज अंसारी | अनवर अंसारी | 129000.00 | आवंटन रद्द |
| 10 | सतबरवा | B-11 | मो0 अजमन हुसैन | कलीमुद्दीन हुसैन | 187500.00 | आवंटन रद्द |
| 11 | सतबरवा | B-13 | मो0 इलियास | मो0 इस्लाम मियां | 87500.00 | आवंटन रद्द |
| 12 | सतबरवा | B-14 | अब्दुल रशीद | मो0 इस्लाम | 110000.00 | आवंटन रद्द |
| 13 | सतबरवा | B-17 | मो0 रमजान | सुलेमान खां | 75000.00 | आवंटन रद्द |
| 14 | सतबरवा | B-18 | मो0 जावेद आलम | मो0 समसुद्दीन | 162000.00 | आवंटन रद्द |
| 15 | सतबरवा | B-20 | प्रभु राम | धुनी राम | 140000.00 | आवंटन रद्द |
| 16 | सतबरवा | B-21 | रंजित कुमार मिश्रा | उदय नाथ मिश्रा | 146750.00 | आवंटन रद्द |
| 17 | सतबरवा | S-1 | संदीप कुमार सिंह | राजेश्वर सिंह | 154500.00 | आवंटन रद्द |
| 18 | सतबरवा | S-2 | अशोक कुमार सिंह | सुदेश्वर सिंह | 150000.00 | आवंटन रद्द |
| 19 | सतबरवा | S-16 | विनोद ठाकुर | चन्द्रिका ठाकुर | 128000.00 | आवंटन रद्द |
| 20 | सतबरवा | S-18 | शाहीना बानो | मुस्तकीम अंसारी | 75000.00 | आवंटन रद्द |
| 21 | सतबरवा | S-34 | अब्दुल अजीज | शेख उलफत अंसारी | 129500.00 | आवंटन रद्द |
| 22 | सतबरवा | S-38 | पिंकु कुमार | नन्दू प्रसाद | 150000.00 | आवंटन रद्द |

उपरोक्त आवंटियों को निदेश है कि कॉलाम संख्या– 05 में अंकित बकाया किराया की राशि अविलम्ब जमा करते हुए उक्त जिला परिषदीय दुकान एक सप्ताह के अन्दर खाली करना सुनिश्चित करें।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 345791 District (24-25)_D

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो का सदस्यता अभियान कार्यक्रम शुरू



**भंडरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का सदस्यता अभियान कार्यक्रम गुरूवार को भंडरा प्रखण्ड के भीठा पंचायत अंतर्गत कचमची ग्राम में आयोजित हुई। जिसका नेतृत्व भंडरा प्रखण्ड के पुर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के द्वारा किया गया इस अभियान में सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी से जुड़ने पर खुशी जताई। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि झामुमो पूरे राज्य में सदस्यता अभियान चला रहा है। प्रखण्ड के सभी पंचायतों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जनकल्याणकारी कार्यों और राज्य के प्रति उनके समर्पण से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग झामुमो परिवार से जुड़ रहे हैं। भंडरा प्रखण्ड में भी लोगों में जबरदस्त उत्साह है।

### सेन्हा में जेएमएम का सदस्यता अभियान चलाया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा द्वारा जेएमएम का सदस्यता अभियान चलाया गया.सदस्यता अभियान झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक सह सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की और जेएमएम के सक्रिय सदस्य सह प्रभारी बालमुकुंद लोहरा के नेतृत्व में नीचे तुरियाडिह ग्राम में सदस्यता अभियान चलाया गया.वही राधा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का विकास कार्य और जेएमएम का नीति सिद्धान्त से प्रभावित होकर पहाड़ी क्षेत्र के जनता दूसरे दलों से आकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ रहे हैं.साथ ही कहा कि आम जनों का समस्या को स्थानीय विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा से बात कर समस्या का समाधान किया जायेगा और झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी को दिलाने का प्रयास किया जायेगा.वही प्रकाश उरांव, सद्दाम अंसारी,लक्ष्मण टाना भगत,जयराम खरवार,सुनील उरांव,राजू लोहरा,संजय उरांव सहित अन्य सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों के लोग जेएमएम का सदस्यता ग्रहण कर खुशी जताया। और कहा कि संगठन के प्रति लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने का प्रयास करेंगे.मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की,बालमकुंद लोहरा, गोपाल उरांव,पॉल पन्ना समेत जेएमएम के सैकड़ो महिला पुरुष सदस्य मौजूद थे।

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** डांडू पंचायत ग्राम में एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट का मामला पहुंचा स्थानीय थाना त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू पंचायत ग्राम में मंगलवार को जमीन को लेकर आपसी विवाद हुआ और एक दूसरे पक्ष के बीच नोक झोंक होते होते मार पीट हुआ जिसमें प्रथम पक्ष के लोग घायल हो गया। मारपीट में घायल होने की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही त्वरित प्रशासनिक कारवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार को जेल भेजा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि डांडू निवासी इसराइल अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र इमरान अंसारी द्वारा स्व0 नेयामत अंसारी का 60 वर्षीय पुत्र महिमुद्दीन अंसारी,50 वर्षीय मदिना खातून और महिमुद्दीन अंसारी की पोती को मार पीट कर मंगलवार को गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। महिमुद्दीन अंसारी द्वारा सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देते हुए आरोपी इमरान अंसारी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया गया था। साथ ही उन्होंने कहा वादी के आवेदन को संज्ञान में लेते हुए 5 फरवरी को सेन्हा थाना कांड संख्या 13/25 दर्ज कर बी एन एस धारा 115(2),118(1),109 352/3(5) के अंतर्गत आरोपी युवक इमरान अंसारी को डांडू स्थित घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक व बुजुर्ग घायल इलाज हेतु अस्पताल में कराया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा में सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक युवती एवं वृद्ध घायल हो गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पंहुच ग्रामीणों के सहयोग से युवक को इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। अग्रतर करवाई में सेन्हा पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि युवक अपना स्कूटी जे एच 0 8 के 6553 में सवार हो लोहरदगा से सेन्हा की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा ऑटो चालक लापरवाही एवं तेज रफ्तार में टेम्पू चलाते आ रहा था। जो कि ऑटो अनियंत्रित हो स्कूटी सवार युवक और बुजुर्ग के टक्कर मरते फरार हो गया। घायल युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र के गुडगांवा निवासी 19 वर्षीय रामबिलास उरांव के रूप में किया गया है। जबकि युवती एवं बुजुर्ग का पहचान नही हुआ। विदित हो कि सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई जमशेद खान द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज कर पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**लोहरदगा।** राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोहरदगा जिला में भी जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिन्दू विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा लोहरदगा और कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय लोहरदगा नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। नामांकन के लिए टेस्ट 1 मार्च 2025 को होगा। पहली मेधा सूची 10 मार्च 2025 को जारी की जाएगी। नामांकन 11 से 22 मार्च 2025 तक चलेगा।सीबीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा दी जाती है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए सीबीएससी बोर्ड के अनुसार पाठ्यक्रम, गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित होते है। उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आधुनिक प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय भी है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में नामांकन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कराया जा सकता है। ऑफलाइन नामांकन फॉर्म स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है जबकि ऑनलाइन आवेदन ई-विद्यावाहिनी पोर्टल/एप के माध्यम से किया जा सकता है।

### वृद्धा पेंशन के सभी लाभुकों का भौतिक सत्यापन आज

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय कैरो के निदेर्शानुसार गुरुवार को समय 10 बजे से पंचायत भवन कैरो में वृद्धा पेंशन के सभी लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कैरो पंचायत मुखिया बीरेंद्र महली ने बताया की सभी पेंशनधारियों को आधार कार्ड फोटो कॉपी में मोबाइल नंबर लिख कर स्वयं उपस्थित होना है। यथाशीघ्र भौतिक सत्यापन नहीं होने पे पेंशन के लाभ से वंचित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा सभी पेंशनधारी पंचायत भवन समय से पहुंचे और सत्यापन कराने में अपना सहयोग दें।

### जिला कराटे संघ के 17 खिलाडियों ने झोली में डाले 24 पदक

**कुडू-लोहरदगा।** आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम स्थित राजीव गाँधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओपेन कराटे प्रतियोगिता में शामिल हुए लोहरदगा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रौशन किया है। एक फरवरी से तीन फरवरी तक चली तीन दिवसीय प्रतियोगिता में हिंदुस्तान के अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया सहित कुल 8 देशों के करीब 2000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कूडू कि आर्या सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले मुकाबले में श्रीलंका कि चिंतापूर्णी को दूसरे मुकाबले में नेपाल के मोनालि थापा को और तीसरे मुकाबले में बांग्लादेश कि कायनात शबनम को फाईनल में मलेशिया कि रोजीना बिलकिश को पछाड़ते हुए काता और कुमिते में दो स्वर्ण प्राप्त किये।

# जघन्य अपराध के लिए कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान : सचिव डीएलएसए

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के बीएस कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा बुधवार को विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएलएसए सचिव राजेश कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मोमिना खातून, शशि गुप्ता प्रभारी प्राचार्य बीएस कॉलेज, पीएलवी गौतम लेनिन और पीएलवी नेहमंती मिंज शामिल हुए। इस मौके पर डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कहा की जघन्य अपराध के लिए कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है। एक जुलाई से लागू नया कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य



अधिनियम लागू हो चुका है। इसके बाद कानून में जीरो एफआईआर, ई एफआईआर प्रभावी रुप से लागू हो चुका है। श्री कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार तीन लाख रूपए से कम आय वालों को क्रिमिनल या फिर सिविल मामले में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने का काम करता है। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कहा कि कानून की जानकारी होना हमें बहुत जरुरी है। क्योंकि कानून की जानकारी के अभाव में यह पता नहीं चल पाता है कि किसी मामले में क्या लिगल लाभ हमें मिल सकता है। साथ ही इन्होंने कहा की शादी विवाह के दौरान जबरन ली जानी वाली चीजें दहेज के अधीन आती है। ऐसे मामलों पर कानूनी सहायता लेने के लिए आगे आना चाहिए। दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद पॉक्सो एक्ट को स्वरुप देते हुए लागू किया गया। जिसमें 18 साल से कम उम्र के बच्चें बच्चियों में से किसी एक के साथ किसी भी प्रकार का लैंगिक अपराध किया जाता है तो कोर्ट मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़े फैसले सुना सकती है। डीएलएसए सचिव ने बीएस कॉलेज के विधार्थियों को जेंडर न्यूट्रल लॉ के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही इन्होंने हिंट एंड रन के मामलों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा की घटना की सूचना और सहयोग करने वाले लोगों को सरकार के द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है।

## पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सम्मान में भाजपा मना रही सुशासन दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

**15 फरवरी से 25 मार्च तक आयोजित होंगे कई कार्यक्रम**

जनसंघ के संस्थापक भाजपा नेता व पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धये अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में 14 जनवरी से 15 मार्च तक पूरे देश मे सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस क्रम मे 14 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक के पहले फेज में अटल स्मृति संकलन एवम संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान अटल जी के साथ कार्य कर चुके अनुभवी व्यक्तियों से सामग्री संकलन करते हुए उन्हें सम्मनित करना,अटल जी पर लिखे गए लेख एवम पुस्तकों का एकत्रीकरण एवम सूचिबद्ध करना,अटल जी के कार्यकाल का समय विशेष योजनाओ एवम उपलब्धियों का विवरण तैयार करना तथा उपलब्ध जानकारी मंडल एवम जिला स्तर पर व्यवस्थित रूप से एकत्रीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। वही सुशासन दिवस के दूसरे फेज में 15 फरवरी से 25 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा इस मौके पर प्रत्येक मंडल में सम्मेलन का आयोजन कर प्रबुद्ध एवम विशिष्ट जनों को आमंत्रित करना, सम्मेलन में अटल के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को सम्मानित करना,श्रद्धये अटल जी के व्यक्तित्व एवम कृतत्व पर लेख एवम पुस्तके लिखने वाले लेखकों को सम्मनित करना,संकलित सामग्री का डिजिटल प्रस्तुति तथा श्रद्धये अटल जी के कार्यकाल से सम्बधित विशेष उपलब्धियो योजनाओं को जिला में प्रस्तुति करन किया जायेगा। सुशासन दिवस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा जिला संयोजक मंडली का भी गठन किया गया है जिनमे राजकिशोर साहू को सह संयोजक बनाया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि सभी देश वासी गौरवनित हैं कि देश के दूरदर्शी, कर्मठ एवम यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ देश विकसित भारत की संकल्प की ओर बढ़ रहा है एवम श्रद्धये अटल जी की सोच साकार हो रही है।

### समाज को नशा अशिक्षा,और कुछ नेताओं से खतरा है : लक्ष्मीनारायण भगत

**लोहरदगा।** 12 पड़हा चौकनी की बैठक तोड़ार में वेल दीपेशर भगत के अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा वेल लक्ष्मी नारायण भगत उपस्थित थे।बैठक में धर्म संस्कृति और गांव में हो रहे आपसी विवाद,तथा अन्य समस्या पर चर्चा किया गया। 12 पड़हा के सभी गांव से आए अधिकारियों ने अपने अपने काम एवं समस्या पर भी विचार रखा। वेल लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारे समाज को नशा, अशिक्षा,और कुछ नेता से खतरा है। समाज कई खंडों में बट गया है, जिससे धर्मांतरण एवं गैर जातीय विवाह हो रहा है।साथ ही हक अधिकार का हनन हो रहा है।जब जब नियम कानून में कोई प्रकार से दबाव होता है,नेता समाज के लोगों पर सौंप दिया करते हैं और जुलुस आंदोलन कराते हैं।जबकि समाज के रक्षा के लिए उन्हें विधायक,संसद बनाया जाता है।

### सांसद सुखदेव भगत ने टोल प्लाजा घटना का संज्ञान लिया

**लोहरदगा।** संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नगड़ी थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है । रांची इटकी रोड में स्थित टोल प्लाजा का एक खंभा वहां पर खड़े ऑटो पर गिर गया जिसमें सूचना मिलने तक दो लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोग घायल है। हादसे के बाद टोल प्लाजा कर्मी वहां से फरार हो गए हैं।घायलों का इलाज चल रहा है । उनके निर्देश पर उनके निजी सहायक आलोक साहू ने सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग के केंद्रीय सचिव वी उमाशंकर जी से दुरभाष से वार्ता कर उन्हें सारी बातों से अवगत कराते हुए मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा दिलाने, घायलों को समुचित समुचित इलाज कराने एवं टोल प्लाजा के संवेदक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किये ।केंद्रीय सचिव ने कहा कि संवेदक के माध्यम से वह प्रत्येक मृतक के परिवारों को 10 लाख मुआवजा देने की घोषणा किये और घायलों को समुचित इलाज करने की बात कहें।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice**
**Tender Notice**

NIT No: JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur /UWSS/25/648 Date: 04/02/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Rehla & Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 103,73,66,490/- (Rupees One Hundred Three Crore Seventy Three Lakh Sixty Six thousand Four Hundred and Ninenty Only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs. 25,000/- (Rupees Twenty-Five thousand only) Bid Security – Rs. 1,03,73,665/- (Rupees One crore Three lakh Seventy-Three thousand Six hundred Sixty-Five only) |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 05th February 2025 at 15:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 11th February 2025 till 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 11th February 2025 at 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 27th February 2025 till 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 28th February 2025 at 17:00 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 12. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 345801 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)



**प्राचार्य,मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय पलामू।**
**अति–अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)**
**निविदा संख्या– 07 / 2024–25**

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पलामू के नवीन **OPD Complex** (**GNM Building**) के विभिन्न कमरो में **Alluminium Partition** एवं खिडकियों के टुटे शिशों के बदलाव हेतु निम्नांकित शर्तो के अधीन अति–अल्पकालीन निविदा दिनांक 15.02.2025 के अपराह्न 5 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | Alluminium Partition एवं खिडकियों के टुटे शिशों के बदलाव |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाषित होने की तिथि | दिनांक 06.02.2025 |
| 2 | DD एवं निविदा का ( Hard Copy) कार्यालय में स्पीड पोस्ट / रजि0 पोस्ट अथवा कुरियर से जमा करने की अंतिम तिथि | 15.02.2025 5 P.M तक |
| 3 | निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 17.02.2025 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 03 P.M |
| 4 | अग्रधन की राशि जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से DD के रूप में मान्य होगा। | 50000.00 Refundable |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| | निविदा शुल्क की राषि DD के रूप जो प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू के नाम से देय होगा। | 2000.00 Non Refundable |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रय समिति द्वारा तकनिकी भाग खोलते समय निविदा दात्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी भाग मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदा दाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोटः– निविदा की शर्ते आदि की जानकारी www.mmchpalamu.org पर देखा / डाउनलोड किया जा सकता है।

PR 345792 District (24-25)D
प्राचार्य मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज,पलामू।



**कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू**
(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास प्रभाग)
झारखण्ड, सरकार

**पलामू जिला में दुधारू पशु शिविर का आयोजन**
**गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं/पशुपालकों के लिए आम सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुकों के लिए 90%, 75% एवं 50% अनुदान पर दो गाय/पाँच गाय एवं दस दुधारू गाय की योजनान्तर्गत उन्नत नस्ल/शंकर नस्ल का दुधारू गाय/भैंस का क्रय हेतु पूर्व से जिला स्तरीय दुधारू पशु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सभी सूचीबद्ध दुधारू गाय/भैंस के इच्छुक विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि पूर्व से जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर में दुधारू पशु शिविर चल रही है एवं नए सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पलामू से समन्वय स्थापित कर दिनांक– 15.02.2025 तक अधिक से अधिक संख्या में शंकर नस्ल के दुधारू गाय/भैंस के साथ दुधारू पशु शिविर में भाग लें।

लाभुकों के द्वारा दुधारू गाय पसंद करने के उपरांत कम से कम तीन लगातार पाली में अपने सामने दुहाई कर सुनिश्चित हो लेंगे कि गाय प्रतिदिन कम से कम औसतन 12–15 लीटर दूध दे रही है। गाय का कीमत का निर्धारण लाभुक एवं दुधारू गाय विक्रेता के आपसी सहमति से होगा। दुधारू गाय का संगरोध पूर्ण होने उपरान्त ही क्रय–विक्रय का कार्य किया जायेगा।

सभी सूचीबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तों का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय व्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर, एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंसों यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर पूर्व से आयोजित दुधारू पशु विक्रय शिविर में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। बिजली एवं पानी की सुविधा जिला पशुपालन कार्यालय परिसर, रेड़मा, मेदिनीनगर द्वारा प्रदान की जाएगी तथा पशु का चारा–दाना एवं उनके रख–रखाव का साधन दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा स्वयं मेला परिसर में किया जाएगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू

PR 345777 Palamu (24-25)_D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
(डी.एम.एफ.टी. कोषांग)
(dmft.ltr@gmail.com)
**शुद्धि – पत्र**

जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT), लातेहार अन्तर्गत इस कार्यालय के पत्रांक 82/डी0एम0एफ0टी0 दिनांक 01.02.2025 के द्वारा जिलास्तरीयMonitoringApp Developmentहेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमें कंडिकावार संशोधन किया जाता है :–

3. ई–निविदा जमा करनेकी अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 15.02.2025 को अपराह्न 05:00 बजे।
4. ई–निविदा Technical Presentation की तिथि एवं समय – दिनांक 17.02.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
5. ई–निविदा Pre Bid Meeting की तिथि एवं समय –प्रथम बैठक दिनांक 08.02.2025 को अपराह्न11:00 बजे एवं द्वितीय बैठक दिनांक 13.02.2025 को मध्याह्न12:00 बजे।
6. ई–निविदा Technical Bid खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 20.02.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
7. ई–निविदाFinancial Bid खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 20.02.2025 को अपराह्न 02:00 बजे।
9. ई–निविदा की Bid Processingfee (Non-Refundable) की राशि का भुगतान झारखण्ड ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/ nicgep/appके माध्यम से ऑनलाईन करना होगा।
10. ई–निविदा की Earnest Money Deposit/EMD (Refundable) की राशि का भुगतान झारखण्डई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/ nicgep/appके माध्यम से ऑनलाईन करना होगा।

नोट :–Tender ID- 2025_LEODE_98132_1 PR 345664 (LATEHAR) 24-25

अन्य कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।

PR 345807 District(24-25)D



**कार्यालय :– जिला सहकारिता पदाधिकारी, लातेहार।**
-सह-सचिव
सिद्धो–कान्हो कृशि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि0, लातेहार।
पत्रांक......................../ दिनांक....../......./2025
**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना :–**

जिला लातेहार अन्तर्गत (सिद्धकोफेड) के अधीन कार्यालय सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि0 के दैनिक उपयोग हेतु बाह्य स्त्रोत (Out Source) के तहत किराये पर वाहन लिये जाने हेतु इच्छुक ट्रेभल एजेन्सी/फर्म/वाहन आपूर्ति कर्त्ताओं से सिलबंद निविदा आंमत्रित किया जाता हैं।

| Sl No. | Name Of Work | Description |
|---|---|---|
| 1 | Requirement of Vehicle (Bolero) on Rent | Rate Contract for Vehicle (Bolero) on Rent from Outsource |
| 2 | Tender Fee | Rs-2000.00 (TwoThousand Rupees Only) Non Refundable |
| 3 | EMD Fee | Rs-25000.00 (Twenty Five Thousand Only) |
| 4 | Last Date/time for Submission of bids | 11.02.2025 Till 05.00 P.M |
| 5 | Bid Opening Date (Technical) | 13.02.2025 At 3.00 P.M (D.F.O Office, Block, Latehar) |
| 6 | Name& Address of office inviting Tender (Procurement Officer) | Secretary of Sidho-Kanhu Agriculture and forest Produce District Co-Operative Societies Latehar Cum D.C.O Office Latehar |
| 7 | Contact no. of Procurement Officer | 8969116202 |
| 8 | Helpline Number | 7004490658 |

Note :- Further details can be seen, downloaded through website website http://latehar.nic.in.

सचिव,
सिद्धो–कान्हो कृषि एवं वनोपज
जिला सहकारी संघ लि0, लातेहार।

प्रबंध निदेषक
सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी
लातेहार।

PR 345772 Co-opretive (24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय,केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर,पलामू**

**ई0–निविदा सूचना**
**e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q2/2025/465**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (द्वितीय त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 17.02.2025 से 22.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 17.02.2025 से 22.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 24.02.2025 से 27.02.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 28.02.2025 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर,पलामू

PR 345816 District(24-25).D



**OFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION**
e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

**Very Short Tender Notice**
**e-Procurement Notice (2nd Call)**

Tender Reference No.- **UDHD/MMC/31/2024-25** Date :- **05/02/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of Indoor Stadium Complex in ward no. 23 at Medininagar |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 4,73,77,734/- |
| 3 | Time of Completion | 18 Month |
| 4 | Bid Security* (Rs.) | 4,73,777/- |
| 5 | Cost of Document (Rs) | 10,000/- |
| 6 | Date of Publication of Tender on Website | 06/02/2025 AT 10:00 AM |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 06/02/2025 AT 10:00 AM |
| 8 | Pre-bid meeting | 08/02/2025 AT 03:00 PM |
| 9 | Last Date/Time of Submission of Bids | 14/02/2025 AT 02:00 PM |
| 10 | Date Of Bid Opening | 15/02/2025 AT 02:00 PM |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | e-Procurement Cell Municipal Commissioner –Cum- Administrator Medininagar Municipal Corporation |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**Note-** Cost of Bidding Document (Not Refundable) & Bid Security (Security Deposit) shall be payable online through http://jharkhand tenders.gov.in Any change can be seen on Website http:// jharkhand tenders.gov.in Any other information can be seen on http://jharkhand tenders.gov.in

sd./-
Municipal Commissioner –Cum- Administrator
Medininagar Municipal Corporation

PR.NO.345852 District(24-25):D

## चैनपुर प्रखंड में खाद्य सुरक्षा अधिनियम और कोप्टा एक्ट के तहत छापेमारी



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 और कोप्टा एक्ट 2003 के तहत सघन छापेमारी की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार ने किया। छापेमारी के दौरान गुटका, सिगरेट, खैनी सहित विभिन्न खाद्य सामग्रियों की जांच की गई। छापेमारी के दौरान कई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार तो अपनी दुकानें बंद कर भाग गए, जबकि अन्य ने अधिकारियों को देखकर अपने सामानों को छिपाने का प्रयास किया। लव कुमार ने बताया कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह के छापे लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन दुकानदारों का लाइसेंस नहीं बना है, उन्हें इसे जल्द बनवाने के लिए कहा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि दुकानदार सरकार के गाइडलाइन का पालन नहीं करेंगे, तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान के तहत विभिन्न दुकानों से कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इनमें शामिल हैं भारत बेकरी से केक और रोल नीरज जेनरल स्टोर से मेरी गोल्ड बिस्कुट,दीपक स्टोर से करमचंद गुटखा,अजित जेनरल स्टोर से राजश्री गुटखा,पवन स्टोर से धनिया पाउडर सभी नमूनों को जांच के लिए राँची भेजा गया। इसके साथ ही, प्रेम नगर स्थित सचिन जेनरल स्टोर से मिसब्रांडेड और एक्सपाइरी सामान जप्त किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को फटकार लगाते हुए डुप्लीकेट और एक्सपाइरी सामान बेचने से रोकने का आदेश दिया।कोप्टा एक्ट 2003 के तहत नीरज जेनरल स्टोर और आशोक गुप्ता पर भी जुमार्ना लगाया गया। इस प्रकार की कार्रवाई का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। प्रशासन ने कड़ा संदेश दिया है कि सभी दुकानदारों को सतर्क रहने और नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है।

# देशभर में स्वच्छ भारत मिशन अभियान चल रहा पर प्रखंड मुख्यालय में गंदगी का अंबार

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

देशभर में स्वच्छ भारत मिशन अभियान चल रहा है। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए गरीबों को शौचालय बनाने के लिए राशि दी जा रही है। अभियान को सफल बनाने में पूरा तंत्र जुटा हुआ है, लेकिन चैनपुर प्रशासन स्वच्छता को लेकर बेपरवाह है। यही वजह है कि चैनपुर में जगह-जगह कचरा का अंबार लगा है। शौचालय भी बेकार पड़ा है। इसे लेकर जिम्मेदार तंत्र की कोई चिंता तक नहीं है।इससे यही कहा जा सकता है कि स्वच्छता के प्रति जब अधिकारी ही गंभीर नहीं हैं तो आम लोगों से क्या अपेक्षा कर सकते हैं। स्वच्छता को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें भारी बजट खर्च किया गया, लेकिन गुमला जिला में परिणाम सिफर है। यहां अभियान का असर दूर-दूर तक देखने को नहीं मिलता है।इसकी एक चैनपुर प्रखंड मुख्यालय है। जहां से स्वच्छता अभियान के लिए जागरूकता फैलाया जा रहा है, वह कार्यालय ही खुद गंदगी से पटा हुआ है। प्रखंड और अंचल कार्यालय के इर्द-गिर्द गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पूरा कार्यालय झाड़ियों से घिरा हुआ है, लेकिन पदाधिकारी इस ओर गंभीर नहीं है।



**सरकारी दफ्तर का शौचालय बेकार**

प्रखंड और अंचल कार्यालय के शौचालय में भी बेकार पड़ा हुआ है। मुख्यालय स्थित शौचालय तो किसी काम का नहीं है। यहां सप्ताह में चार दिन यहां विभिन्न प्रकार की बैठकें या फिर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। शौचालय की स्थिति खराब रहने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। वे बाहर में शौच को विवश होती हैं।

**दीया तले अंधेरा**

पदाधिकारी प्रतिदिन गांव-गांव घूम-घूमकर लोगों को बाहर में शौच से मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाते हैं, लेकिन प्रखंड कार्यालय में ही महिला-पुरुष कर्मी खुले में शौच करते हैं। क्योंकि कार्यालय का शौचालय बेकार अवस्था में है। जहां सैकड़ों लोग रोज अपने काम के लिए पहुंचते हैं, उस कार्यालय का हाल एकदम दयनीय है।

### डीईओ ने प्लस टू हाई स्कूल भरनो का औचक निरीक्षण

## शिक्षकों को सख्त चेतावनी

**गुमला।** प्लस टू हाई स्कूल, भरनो में बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कविता खलखो ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का क्लास लिया, जहां पाठ्यक्रम अधूरा पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने शिक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट खराब रहा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने रांची से आने वाले शिक्षकों को 8 किलोमीटर के दायरे में रहने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानाध्यापक वरदानी टोप्पो को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एसएमसी रजिस्टर, रोकड़ पंजी और उपस्थिति पंजी की जांच की। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने विद्यालय में चल रहे शिक्षकों के आपसी विवाद पर भी गंभीरता से संज्ञान लिया।

## कांग्रेस किसान मोर्चा की बैठक में प्रखंड कमिटी का विस्तार, मजीद अंसारी बने अध्यक्ष

**गुमला ।** भरनो प्रखंड के खरवागढ़ा में बुधवार को कांग्रेस पार्टी किसान मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मीर हमीद और उपाध्यक्ष आशिफ अंसारी उपस्थित रहे। इस दौरान किसान मोर्चा की प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया, जिसमें मजीद अंसारी को प्रखंड अध्यक्ष और इरफान अंसारी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष अजहर अली समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भरनो में जनवितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक, एलआरडीसी ने दिए सख्त निर्देश

**गुमला।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में एलआरडीसी राजीव कुमार की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ अविनाश कुजूर, बीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित प्रखंड के सभी जनवितरण दुकानदार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एलआरडीसी ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए गोदाम मैनेजर को समय पर डीलरों को राशन आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जनवितरण दुकानदारों को लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर खाद्यान्न वितरण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कार्डधारियों के केवाईसी की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसमें डीलरों ने बताया कि भरनो प्रखंड में 80% लाभुकों का केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि शेष 20% लाभुकों का केवाईसी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। एलआरडीसी ने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि वे जरूरतमंद परिवारों का सर्वे कर उनकी सूची तैयार करें और इसे सीओ कार्यालय में जमा करें। इसके बाद सूची की जांच कर पात्र परिवारों के नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया की जाएगी। एलआरडीसी ने बैठक में डीलरों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और जनवितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ सह एमओ अविनाश कुजूर, गोदाम मैनेजर राजकुमार राम सहित सभी जनवितरण दुकानदार मौजूद रहे।

# चैनपुर प्रखंड में जल मीनार के उद्घाटन के बाद पानी रिसाव की हुई समस्या

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड के चर्च रोड समीप स्थित जिला परिषद द्वारा निर्मित जल मीनार का उद्घाटन 17 जनवरी को जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा धूमधाम से किया गया था। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही दिन बाद से जल मीनार से पानी रिसाव की समस्या सामने आ गई है। ग्रामीणों की शिकायत है कि इस रिसाव के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय जनप्रतिनिधि मेरी लकड़ा ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर संवेदक से बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संवेदक उनका फोन नहीं उठा रहा है। इससे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में असंतोष बढ़ रहा है। मेरी लकड़ा ने कहा कि यह स्थिति न केवल उनकी, बल्कि पूरे मोहल्ला के लिए चिंता का विषय है।ग्रामीणों का कहना है कि मोहल्ला में केवल एक चापाकल है, जिसे जल मीनार से जोड़ा गया है। अब उस चापाकल पर भी निर्भरता बढ़ गई है, और गर्मी आने पर पानी की कमी से पूरे बस्ती को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।इस समस्या का समाधान जल्दी ही निकलना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। जल मीनार के रिसाव को लेकर उचित कार्रवाई न होने पर स्थानीय लोगों में निराशा का माहौल है। वे उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले में प्रशासन जल्द से जल्द हस्तक्षेप करेगा और आवश्यक कदम उठाएगा।



## भरनो में सरकारी स्कूलों के सचिवों की गुरुगोष्ठी शैक्षणिक योजनाओं पर हुआ विस्तृत चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, भरनो में बुधवार को सरकारी स्कूलों के सचिवों की गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ सूरज लकड़ा ने की, जिसमें शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। गुरुगोष्ठी में कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के शेष खाता प्रतिवेदन की मांग, आधार कार्ड विहीन छात्रों के नामांकन को ब्लॉक एमआईएस आईईडी से जोड़ने, एनआईएलपी के तहत अशाचरों (निरक्षरों) की सूची तैयार करने, प्रत्येक बुधवार को आईएफए टैबलेट खिलाने और इसकी रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। साथ ही, सरकार की महत्वाकांक्षी एमडीए टैबलेट योजना के तहत सभी बच्चों को दवा खिलाने, विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों की सूची तैयार करने और कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।


## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।

*Phone Number:- 06526-222064* *email-id: zplohardaga@gmail.com*

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या – 07/2024–25 दिनांक 05.02.2025**

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | किस्को | अरेया | सेमरटांड से चन्दवा टोंगरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 525000.00 | 1250.00 | 10500.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | किस्को | नावाडीह | लीला उराँव के घर से इसराफिल अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 551000.00 | 1250.00 | 11100.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | किस्को | नावाडीह | शिवशरण साहु के घर से जगरनाथ साहु के घर तक पक्की नाली निर्माण | 611500.00 | 1250.00 | 12300.00 | 03(तीन) माह |
| 4 | किस्को | बेठहट | शिवनंदन प्रजापति के घर से सुरेश पहान के घर तक पक्की नाली का निर्माण | 560100.00 | 1250.00 | 11300.00 | 03(तीन) माह |
| 5 | किस्को | परहेपाट | अखरा से किशोर के घर तक पक्की नाली का निर्माण | 498800.00 | 750.00 | 10000.00 | 03(तीन) माह |
| 6 | किस्को | देवदरिया | कुदंन साहु के घर से प्रताप सिंह के घर तक पक्की नाली का निर्माण | 515300.00 | 1250.00 | 10400.00 | 03(तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.02.2025
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 15.02.2025/10:00 बजे पूर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 17.02.2025/11:00 बजे पूर्वाह्न में
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR 345823 Lohardaga (24-25)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 21/2024–25**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.02.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 20.02.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.02.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of staff quarter (1 Block 6 Unit) at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 30,58,100/- | 61,5 00/ - | 5,000/ - | 04 (Four ) Months |
| 2 | Renovation work of Doctor's Guest House at Tribal Welfare Rural Hospital Mananchotage Latehar. | 26,70,900/- | 53 ,500/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 345795 (Building)24-25*D



## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय,गढ़वा।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 07 फरवरी–2025

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, रॉंची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–07.02.2025 को पूर्वाह्न–10.30 बजे से 4.00 अपराह्न तक फोरेस्ट कॉलोनी,गढ़वा के मैदान में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2025" आयोजन किया जा रहा है।
रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary Remarks | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Sodexo Corporate | Food and Beverage associate | 100 | 10th | - | - | 18-35 yr | 12000-17000 | Chennai Bengaluru Pune Nashik |
| | | House Keeper | 200 | 10th | - | - | 18-35 yr | 12000-17000 | |
| | | General Duty Assistant | 50 | 12th | | | 18-35 yr | 11000 | |
| 02 | Baba Kamlesh Textiles Garhwa | Sales Man | 04 | 10th Pass | - | 4-5 yr | 22-35 yr | 14000-22000 | Garhwa |
| | | Accountant | 01 | B.com/ M.com | B.com | 4-5 yr | 22-35 yr | 15000-25000 | |
| | | Billing In charge | 04 | Diploma in Tally/ADCA | ADCA | 4-5 yr | 20-35 yr | 15000-25000 | |
| 03 | SIS Ltd. Belchampa | Security Guard | 100 | 10th Pass | - | - | 19-40yr | 15300/- | All India |
| | | Security Supervisor | 20 | 10th Pass | - | - | 21-37yr | 19500/- | |
| | | Dog Handler | 50 | 10th Pass | - | - | 21-40yr | 15300/- | |
| | | Cash Custodian | 50 | 11th Pass | - | - | | 13000/- | |
| 04 | Life Insurance Corporation of India | Normal Agent / Insurance Advisor | 100 | 10th Pass | Exam Fee 750 Rs. | - | 18yr | As Per Commission | Garhwa |
| 05 | Spandana Sphoorty Finance Ltd. Garhwa | Loan Officer | 20 | 12th Pass | Bike with DL. | - | 19-30 yr | 14380 + Incentive + Fuel | Garhwa |
| 06 | Millennium Skill by G4S Security Guard | Security Guard | 150 | 10th Pass | - | - | 18-40 yr | 14500 to 22000 | Out of Jharkhand |
| 07 | Kalpana Educational Trust Garhwa | Mobilizer | 02 | 12th Pass + ADCA | Graduation | 2yr | 25-45 yr | 10000-15000 | Garhwa |
| 08 | Svatantra Micro Finance Pvt. Ltd. | Field Officer | 50 | 10th Pass | - | - | 18-35 yr | 15003/- ctc | Garhwa Palamu |
| | | Relationship Officer | 30 | 10th Pass | - | - | 18-30 yr | 15003/- ctc | |
| 09 | CAIT EDUSYS PVT LTD. | Machine Operator | 15 | 12th / ITI | - | - | 18-30 yr | 17000/- | Pune / Delhi |
| | | Production / Quality (M/F) | 85 | Graduation | - | - | 18-30 yr | 19500/- | |
| | | NATS | 35 | BE/B.Tech | - | - | 18-30 yr | 20000/- | |
| | | Production | 30 | - | - | - | 18-35 yr | 16000/- | |
| 10 | Money Tree | SE,SO,TL | 24 | 12th Pass | - | 0-1yr | 18-35 yr | 10000-20000/- | Home District |
| | | RO,RM,PO,AM | 76 | 12th Pass | - | 0-3yr | | 12000-38000/- | |
| 11 | Shiva Protection Force Pvt. Ltd. | Security Guard | 40 | 10th Pass | - | 2-5 yr | 28-30 yr | 12000-20000/- | Jharkhand Odisa |
| | | Security Supervisor | 10 | 12th | - | 2-5 yr | 28-40 yr | 15000-22000/- | |
| 12 | Kismati College of Pharmacy Meral | Lecturer | 02 | M.Pharm | - | - | 22-35 yr | 15000-22000/- | Garhwa |
| | | Clerk | 01 | 12th Pass | - | - | 18-30 yr | 5000-8000/- | |
| | Kismati College of Nursing | Nursing Tutor | 02 | B.Sc. Nursing | - | - | 22-35 yr | 12000-15000/- | |
| | | Clerk | 02 | 12th Pass | - | - | 18-30yr | 5000-8000/- | |
| 13 | Delhivery Ltd. Company | Delivery Boy | 15 | 10th Pass | Read ENG | | 18-22 yr | 13000-15000/- | Palamu, Garhwa, Latehar, Hazaribagh |
| 14 | Universal Ideal Sewa Samiti | Center Manager | 08 | Graduate | PG | 3yr | 21-40 Yr | 20000-35000/- | |
| | | Social Media Manager | 01 | 12th Pass | Graduate | 3yr | 21-40 yr | 15000-20000/- | |
| | | Self Employed Trainer | 16 | 12th Pass | TOT Certified | 3yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Domestic Data Entry Operator Trainer | 08 | Graduate | TOT Certified | 3yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Soft Skill Trainer | 10 | Graduate | PG | 1yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Basic IT Trainer | 10 | 12th Pass | Graduate | 3yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Assistant Electrician Trainer | 08 | ITI /Polytechnic | TOT Certified | 3yr | 21-40 yr | 20000-25000/- | |
| | | Ware House Packer Trainer | 08 | Graduate | TOT Certified | 3yr | 21-40 yr | 20000-25000/- | |
| | | Fashion Designer Trainer | 10 | Graduate | TOT Certified | 3Yr | 21-40 yr | 20000-25000/- | |
| | | General Duty Assistant Trainer | 08 | ANM/GNM | TOT Certified | 3yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Multi Skill Technical Trainer | 08 | Graduate | TOT Certified | 3yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Field Technician and Other Home Appliances Trainer | 10 | ITI/Polytechnic | TOT Certified | 3yr | 21-40yr | 20000-25000/- | |
| | | Mobilizer | 20 | Graduate | PG | 1yr | 20-40 yr | 20000-25000/- | |
| | | MIS | 10 | 12th pass | Graduate | 3Yr | 20-40yr | 20000-25000/- | |
| 15 | Needs Manpower Support Services Pvt. Ltd. | Trainee | 100 | ITI & Diploma | - | 02 Yr | 18-26yr | 17400/- | Bangalore |
| 16 | Satin Credit Care Network Limited | ACSO/TCSO | 30 | 10th /12th Pass | Bike and DL | - | 18-32yr | 2.28 CTC | Garhwa, Palamu, Japla, |
| 17 | Quess Corp. | Trainee Operator (Tata Motors) | 300 | 10th | ITI | - | 18-23yr | 14520/- | Ahmadabad, Jamshedpur |
| 18 | Jeevitam Livelihood Tech Solution Pvt. Ltd. | Voice Process & Customer Support Executive | 100 | Graduate | - | 0-2Yr | 18-35 yr | 15000-35000/- | Delhi, Kolkata, |
| | | Social Media Marketing & Digital Marketing | 05 | Graduate | - | 0-02 Yr | 18-35yr | 15000-20000/- | |
| | | Customer Support | 30 | Graduate | - | 0-2 yr | 18-22yr | 20000-22000/- | |
| | | Machine Operator | 50 | ITI | - | 0-2yr | 18-35 yr | 15000-21000/- | |
| 19 | Armstrong Knitting Mills | SMO | 200 | 05th Pass | - | - | 18-25yr | 10000-13000/- | Tirupur, Tamilnadu |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के वेबसाईट –www.garhwa.nic.in तथा नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट– www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर उपलब्ध है।

नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी गढ़वा।

PR 345837 Labour Employment and Traning(24-25)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उसी पुराने ढंग से न जीते रहें। अपने जीवन को सुधारने के लिये कुछ करने का दृढ़ निश्चय कर लें और फिर उसे पूरा करें। अपनी चेतना को परिवर्तित करें; केवल उतना ही करने की आवश्यकता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### भारत विकसित भी और हरित भी रहे

भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य पाने के दो विजन के साथ आगे बढ़ रहा है। ये दोनों ही लक्ष्य आपस में जुड़े हैं। भारत 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है। भले ही विकास के साथ सततशीलता की महत्वाकांक्षाएं बढ़ रही हैं, लेकिन सततशीलता लक्ष्यों को लू और बाढ़ जैसी चरम जलवायु घटनाओं, आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी बाधाओं, उत्सर्जन कटौती के लिए सख्त माने जाने वाले स्टील व सीमेंट जैसे क्षेत्रों की चुनौतियों और इन सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण वित्तपोषण की कमी का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में, वर्ष 2025 में इन उपायों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयासों के केंद्र में रखना जरूरी हो जाता है। पिछले मॉनसून में देश ने असम से लेकर बिहार, गुजरात से आंध्र प्रदेश तक विनाशकारी बाढ़ देखी। इससे पहले उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा था। साल 2025 के भी वैसा ही रहने की आशंका है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के एक अध्ययन के अनुसार, 75 प्रतिशत भारतीय जिले बाढ़, सूखा और चक्रवात जैसी चरम जलवायु घटनाओं के प्रमुख केंद्र हैं। जैसे-जैसे चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति और सघनता में बढ़ोतरी हो रही है, उसे देखते हुए तत्काल सुभेद्यताओं के बारीक आकलन से लेकर मजबूत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों और स्थानीय स्तर पर अनुकूलन योजनाओं को विकसित करने की जरूरत है। हालांकि, देश के कुछ हिस्सों में इस पर काम शुरू हो गया है।भारत की स्वच्छ ऊर्जा की कहानी सराहनीय है। गैर-जीवाश्म ऊर्जा की स्थापित क्षमता 205.5 गीगावाट (नवंबर 2024 तक) पहुंच चुकी है, जो कुल स्थापित क्षमता का लगभग 45 प्रतिशत है। हालांकि, कुल ऊर्जा मिश्रण में बड़ी परियोजनाओं पर आधारित अक्षय ऊर्जा क्षमता को अधिक मात्रा में जोड़ने के लिए नवाचारयुक्त पूर्वानुमान व ऊर्जा भंडारण, लचीलेपन और बाजार तंत्र की जरूरत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर ड्रायर (फलों व सब्जियों को सुखाकर मूल्यवर्धन करने के लिए) और सोलर लूम जैसे विकेंद्रीकृत अक्षय ऊर्जा के लिए व्यापक अवसर मौजूद हैं। सीईईडब्ल्यू के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण भारत में आजीविका को सशक्त बनाने वाली स्वच्छ ऊर्जा तकनीक के लिए 50 अरब डॉलर से ज्यादा का बाजार अवसर उपलब्ध है। ऊर्जा सुरक्षा निर्माण व परिवर्तन को गति देने के लिए भारत कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों से जुड़ी सप्लाई चेन के स्वदेशीकरण और विविधीकरण लगातार पर ध्यान दे रहा है।2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जरूरी है कि भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में कार्बन उत्सर्जन घटाने पर नए सिरे से ध्यान देना चाहिए। सरकार को व्यापार, कौशल विकास और निर्यात लचीलेपन की सरलता के लिए एक डिजिटल एमएसएमई डाटाबेस बनाना चाहिए। इसके अलावा, भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम को भी व्यापक प्रोत्साहन की जरूरत है।

*वर्ष 2025 में इन उपायों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रयासों के केंद्र में रखना जरूरी हो जाता है।*

# बजट 2025 में कृषि : ग्रामीण समृद्धि और मजबूती का इंजन



विकसित भारत की आकांक्षा के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट का उद्देश्य प्रमुख संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करते हुए लक्षित सुधारों के शुभारंभ के साथ भारत के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को नवरूप प्रदान करना है। यह बजट किफायती ऋण तक पहुंच बढ़ाने, फसल बीमा का विस्तार करने, कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और 1.52 ट्रिलियन रुपये के आवंटन के साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्राप्ति को प्राथमिकता देता है। बजट की प्रमुख विशेषताओं में से एक सब्सिडी वाले कृषि ऋण की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति किसान करना है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाते हुए किसान परिवारों को समर्थन देना है। इसके साथ-साथ, सरकार ने वर्ष 2030 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, बजट में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रोत्साहन के रूप में 109 बिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9 बिलियन डॉलर की पांच वर्ष की निवेश योजना के साथ मत्स्य पालन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है। सरकार ने दीर्घकालिक उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए बजट 10,466.39 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.05 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि, सकारात्मक होते हुए भी, आधुनिक कृषि अनुसंधान की बढ़ती जटिलता और पूंजी-परक स्थिति को देखते हुए और अधिक पर्याप्त हो सकती थी। सबसे पहले, इस बजट में संबोधित की गई एक महत्वपूर्ण चिंता खाद्य मुद्रास्फीति है, जो निरंतर उच्च रही है और यह 2024 के अंत में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत को पार कर चुकी है। इससे निपटने के लिए, सरकार ने दालों के शुल्क-मुक्त आयात को बढ़ाया है और मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए चुनिंदा निर्यात प्रतिबंध भी लगाए हैं। हालांकि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से दालों के पक्ष में समानता लाना आवश्यक है। दूसरा, मौसम की बदलती परिस्थितियों और घटते जल संसाधन जलवायु परिवर्तन के जोखिम इसमें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में मजबूत बनाने की दिशा में अधिक निवेश की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। बजट में किसानों को जलवायु उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के उपायों की रूपरेखा दी गई है। ये हस्तक्षेप दीर्घकालिक और जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यप्रणाली की आवश्यकता की बढ़ती मान्यता को दर्शाते हैं। हालांकि, सरकार प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए और विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में सूखे को कम करने के लिए अधिक बजट आवंटित कर सकती थी।

जैविक खेती जैसी योजनाओं के लिए बजट आवंटन के लगभग 50 प्रतिशत वास्तविक व्यय के साथ, बढ़े हुए बजट स्तरों के साथ योजना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण चिंतन की आवश्यकता है जहां राज्यों को जैविक खेती के लिए वस्तुओं की पहचान के लिए शामिल किया जा सकता है।

तीसरा, यह बजट कृषि और संबद्ध क्षेत्र को बदलने में संघीय व्यवस्था के महत्व पर जोर देता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, जिसके परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का शुभारंभ हुआ, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिले हैं। इस योजना में स्वीकार्यता दृष्टिकोण अपनाया गया है और इसके अंतर्गत 1.67 करोड़ से अधिक किसानों को शामिल किए जाने की आशा है। कम विकसित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से समग्र कृषि विकास पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। इस हस्तक्षेप का एक रोचक पहलू पंचायत स्तर पर कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर बाजार तक कटाई के बाद के नुकसान को कम करना है। रसद संबंधी अक्षमताओं को दूर करते हुए भंडारण सुविधाओं में सुधार करके, सरकार बर्बादी को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास करती है। चौथा, भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, कृषि पर बहुत अधिक निर्भर है। हालांकि, इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें छिपी बेरोजगारी (अनुमानित 25-30 प्रतिशत), कम उत्पादकता, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और जलवायु-जनित बाधाएं शामिल हैं। नीति आयोग के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत किसान आर्थिक संकट के कारण खेती छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण मजदूरी प्रति वर्ष 2-3 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ी है, जबकि भारत में कृषि उत्पादकता वैश्विक मानदंड से 30-50 प्रतिशत कम है। ये चुनौतियां बड़े पैमाने पर ग्रामीण-से-शहरी प्रवास में योगदान करती हैं, जिसमें 9 मिलियन से अधिक लोग बेहतर आजीविका की तलाश में वार्षिक रूप से पलायन करते हैं। इन दबावयुक्त चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय 'ग्रामीण समृद्धि और मजबूती' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन करने के लिए कौशल, निवेश और तकनीकी एकीकरण पर केंद्रित है। कृषि प्रसंस्करण, डिजिटल कृषि और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देकर इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रवास आर्थिक मजबूरी के बजाय एक विकल्प बन जाए। पांचवा, किसी भी पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में राज्यों के साथ केंद्र सरकार की भागीदारी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने, संसाधन जुटाने और अंतिम-छोर तक वितरण को सुनिश्चित करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक समन्वित दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीति प्रारूप को राज्य-स्तरीय निष्पादन के साथ जोड़ते हुए इसके प्रभाव को अधिकतम करेगा और समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगा। यह सहयोग ग्रामीण परिदृश्य को बदलने, आर्थिक मजबूती को बढ़ाने और लाखों लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। पीएमडीडीकेवाई से केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने और ग्रामीण एवं कृषि अर्थव्यवस्था में दृढ़ता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आशा है। छठा, वित्त वर्ष 2026 का बजट, संस्थानों और लक्षित कार्यक्रमों की स्थापना के माध्यम से कृषि उत्पादकता, मूल्य संवर्धन और बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख हस्तक्षेपों का उल्लेख करता है। सरकार ने कपास, दालों, फलों और सब्जियों, संकर बीजों पर मिशन बनाने की घोषणा की है। बिहार में एक मखाना बोर्ड को मखाने के उत्पादन और निर्यात के लिए समर्थन दिया जाना है, जो इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**नवीन पी. सिंह**
आईसीएआर-एनआईएपी, प्रधान वैज्ञानिक, नई दिल्ली



**शिवेंद्र के श्रीवास्तव**
आईसीएआर-एनआईएपी, वरिष्ठ वैज्ञानिक

## किताबों को साथी बनाकर तो देखिए

युवा पीढ़ी में इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से किताबों में दिलचस्पी कम होती जा रही है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की वजह से देश के युवाओं की पढ़ने की आदत में तेजी से बदलाव आ रहा है। स्मार्टफोन और लगभग मुफ्त इंटरनेट सेवाओं के प्रसार ने आदत बदलने की इस प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। इंस्टेंट मैगी युवा पीढ़ी का हिस्सा है। नतीजतन वे अपने जीवन को मैनेज करने के लिए गूगल का इस्तेमाल करते हैं। ठीक इसके उलट मेहनत, धैर्य और लगन से काम करके पुरानी पीढ़ी किताबें पढ़ती थी। किताबें समस्या-समाधान के लिए बहुत जरूरी थीं, खासकर आत्मकथाएं। पहले माता-पिता भी किताबें पढ़ने का सुझाव देते थे। अगर आप अभी किताबें और अखबार नहीं पढ़ते हैं तो आज से ही पढ़ने की आदत डालें। आप शायद किताबें पढ़ने के इतने फायदों से वाकिफ नहीं हैं। आजकल, युवा सुबह उठते ही समाचार पत्र पढ़ने के बजाय स्मार्टफोन पर सोशल मीडिया साइट्स ब्राउज करते हैं। कोई भी टीवी शो कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, अब परिवार उसे देखने के लिए एक साथ इकट्ठा नहीं होता है। सब अपने फोन पर सोशल मीडिया ऐप के साथ खुद को व्यस्त रखना जारी रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल उद्योग में और भी क्रांति आएगी। नतीजतन, जीवन और पढ़ने-लिखने की आदतों में बदलाव आए हैं, और आगे भी आएंगे।

किताबों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। किताबें पढ़ने की आदत को मनोरंजन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। इसके बजाय, इस आदत को दैनिक कार्यक्रम में शामिल करना चाहिए। आज जब लोगों से पूछा जाता है कि उन्होंने आखिरी बार कब किताब पढ़ी थी, तो अधिकांश लोग हैरान रह जाते हैं। स्कूल और कॉलेज में नामांकित छात्र तक नहीं बता पाते। यह समझने की जरूरत है कि दुनिया के हर सफल और प्रशंसनीय व्यक्ति को किताबें पढ़ने की आदत होती है। किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त मानी जाती हैं। नियमित रूप से पढ़ना न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि यह आपके ज्ञान को भी बढ़ाता है। यह जीवन और विचारों के प्रति व्यक्ति के दृष्टिकोण को भी बदलता है। इंटरनेट चाहे कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो जाए, किताबें पढ़ना हमेशा सबसे अच्छा विकल्प रहेगा। किताबें पढ़ने के फायदों की बात करें तो वे बहुत हैं। जब आप कोई किताब पढ़ते हैं, तो आपका ध्यान एक क्षेत्र पर केंद्रित होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

## सनातन प्रकाशपुंज: साधना से सिद्धि तक की दिव्य यात्रा

समाधि स्मृति दिवस (6 फरवरी): आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज

18 फरवरी 2024, माघ सुदी नवमी—छत्तीसगढ़ की पुण्यभूमि, चंद्रगिरि तीर्थ, डोंगरगढ़ में जब लोकपूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज ने पूर्ण जागृत अवस्था में देह का त्याग किया, तब यह केवल एक संत का महाप्रयाण नहीं, बल्कि एक युग का अवसान और उनकी तेजस्वी विचारधारा के नवोदय का क्षण था। उस विलक्षण पल में साधना की पराकाष्ठा, त्याग की परिभाषा और आत्मसंयम की दिव्यता ने अमर ज्योति का रूप ले लिया। उनका तपोबल, अपरिमेय त्याग और अखंड साधना संपूर्ण समाज के लिए आदर्श बन गई, जिसके सम्मुख समूचा विश्व श्रद्धानत है।

उनका व्यक्तित्व जितना निर्मल और सौम्य था, विचार उतने ही प्रखर और परिवर्तनकारी। वे केवल एक संत नहीं, अपितु त्याग, तपस्या और आत्मसंयम की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। अहिंसा के अप्रतिम उपासक, सत्य के निर्भीक प्रहरी और धर्म के आलोक स्तंभ, जिनकी उपस्थिति मात्र से वातावरण दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठता था। उनकी वाणी में ओज, दृष्टि में करुणा और आचरण में धर्म का सार समाहित था। उनकी विचारधारा समाज सुधार और मानवता के उत्थान का पथ प्रशस्त करती रही और अनंत काल तक करती रहेगी। उनकी प्रथम समाधि स्मृति तिथि, 6 फरवरी 2025 (माघ सुदी नवमी), केवल पुण्यस्मरण का दिवस नहीं, बल्कि श्रद्धा, संकल्प और आत्मचिंतन का दिव्य अवसर होगा। यह दिन हमें उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने, उनके सिद्धांतों पर अडिग रहने और उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा देगा।

आचार्य विद्यासागर महाराज भारतीय समाज और जैन धर्म के गौरवशाली इतिहास में एक दिव्य प्रकाशपुंज और अप्रतिम संत थे। उनका जीवन केवल एक महान तपस्वी का नहीं था, अपितु समाज सुधारक, प्रखर चिंतक और मानवता के प्रति असीम करुणा रखने वाले युगपुरुष का भी था। 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के बेलगावी जिले के पावन ग्राम सदलगा में जन्मे आचार्यश्री का सांसारिक नाम विद्याधर था, जो उनके अद्भुत ज्ञानप्रेम और तेजस्विता का प्रतीक बना। पिता श्री मल्लप्पा और माता श्रीमती श्रीमंता बाई ने उनके हृदय में बाल्यकाल से ही धार्मिकता, सादगी और आत्मसंयम के गहरे संस्कार रोपित कर दिए थे। केवल 22 वर्ष की अल्पायु में सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर उन्होंने जैन दीक्षा धारण की और धर्मशास्त्रों के गहन अध्ययन व मनन में लीन हो गए। वे जीवनभर आत्मज्ञान और आंतरिक शुद्धता को ही धर्म का सच्चा स्वरूप मानते रहे।

बाह्य आडंबरों, अंधविश्वासों और रूढ़ियों के विरोध में उन्होंने अपनी वाणी को निर्भीकता से मुखर किया और समाज को सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान तथा सम्यक आचरण की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनका जीवन स्वयं एक तपस्या और अखंड साधना था, जो समूचे समाज को आध्यात्मिकता, नैतिकता और आत्मसंयम की प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। उनकी दृष्टि समाजोत्थान के प्रत्येक पहलू में परिलक्षित होती थी। वे न केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शक थे, बल्कि समाज सुधारक, शिक्षाविद् और आत्मनिर्भरता के पक्षधर भी थे। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक प्रगति की संजीवनी मानते हुए महिलाओं और वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अद्वितीय प्रयास किए। उनके प्रयासों का साकार रूप प्रतिभा स्थली तथा अन्य शिक्षण संस्थान हैं, जहाँ ज्ञान की अखंड ज्योति प्रज्वलित हो रही है।

जिनालयों, गौशालाओं तथा हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देकर उन्होंने आध्यात्मिकता, सेवा और स्वावलंबन की त्रिवेणी प्रवाहित की। वे आत्मनिर्भरता को जीवन का सार मानते थे और समाज को यही शिक्षा देना चाहते थे कि धर्म केवल उपासना तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और आत्मनिर्भरता में निहित है। उनका साहित्यिक अवदान भी अद्वितीय और अमूल्य है। संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में उन्होंने अनेक कालजयी ग्रंथों की रचना की, जिनमें निरंजना शतक, भावना शतक, परिषह जया शतक, सुनीति शतक और श्रमण शतक जैसे ग्रंथ जैन धर्म की गौरवशाली धरोहर के रूप में समादृत हैं।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

ब्रह्म ऋषि होकर पुजे, तप से विश्वामित्र।
लोग बदलना चाहते, बदले बिना चरित्र।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## यातायात नियमों का उल्लंघन बेमौत मरते लोग, जिम्मेवार कौन ?

देश में प्रतिदिन खून से सड़कें लाल हो रही हैं अक्सर देखा गया है की लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और बेमौत मरते रहते हैं। बेशक प्रतिवर्ष की तरह 11 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया ऐसे आयोजनों पर करोड़ों रुपया खर्च किया गया सेमिनार लगाए गए और कार्यक्रम किये गए। यातायात के प्रति लोगों को जागरूक किया गया लेकिन सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं।मानव जीवन अनमोल है। देश के नागरिको को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके। सड़क सुरक्षा के ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसो पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। प्रतिवर्ष डेढ लाख लोग सड़क हादसों में मारे जाते है। नववर्ष 2025 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है। देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नीद सो रहे हैं। कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है प्रतिदिन लोग मारे जा रहे है। यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे है। लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही है। चिराग बूझ रहें हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे है। युवा देश के कर्णधार है जो देश का भविष्य है। प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे है। इकलौते चिराग अस्त हो रहे है।कोखें उजड़ रही है। माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहर हैं।बच्चे अनाथ हो रहे है। युवाओं को जागरुक करना होगा क्योकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते है। लॉकडाउन में सड़क हादसों पर लगाम लग गई थी। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है मगर फिर भी सुधार नहीं होता। जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लधन करते रहेंगे तब तक इन हादसों में लोग बेंमौत मरतें रहेंगें। देश में जब 22 मार्च 2020 को जब लॉकडाउन लगा था तब हादसे पूरी तरह रुक गए थे।लॉकडाउन के खुलते ही सड़क हादसों में अप्रत्याशित वृद्वि हो गई। कोरोना महामारी में हादसे कम हो गए थे। लॉकडाउन में जगली जानवर सड़को पर विचरण करते थे। परिवहन पूरी तरह बंद था। प्रदूषण भी शून्य हो गया था। साल 2020 के अप्रैल व मई माह में यातायात के साधन बंद हो गए थे। जून माह में ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया था तो फिर से करोडों वाहन सड़को पर दौड़ पड़े। जनवरी 2025 से ही सड़क हादसों की रफतार बढ़ती जा रही है। साल 2024 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरी साल अनवरत चलता रहा था और लोग लाखो लोग हादसों का शिकार होते रहे थे। देश के सैंकडों सैनिक भी सड़क हादसों में शहीद हो गए थे। हजारों लोग बेमौत मारे जा रहे है। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपंग हो गए जो ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। प्रतिदिन देश की सडकें रक्तरजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं। शराब पीकर बाहन चलाना तथा चलते वाहनों में मोबाइल का प्रयोग ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखो लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए।2025 में भी सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढता ही जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरुकता अभियान चलाने होगें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात




**नरेन्द्र भारती**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## संगम में डुबकी लगाने के बाद बोले पीएम मोदी

# 'करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति भावना से भर गया



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने हाथ में रुद्राक्ष लेकर मंत्रोच्चारण भी किया। साथ ही गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। पीएम मोदी ने महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा किए। साथ ही कई फोटो भी शेयर की।

पीएम मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। उन्होंने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ''प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे ! दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''प्रयागराज के दिव्य-भव्य महाकुंभ में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है। प्रयागराज पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने किया। इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5,500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, स्थायी घाटों, रिवर फ्रंट, सीवरेज, पेयजल सुविधाओं के साथ विद्युत आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया गया था।

उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं।

## महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर पीएम मोदी ने दिया एकता का संदेश

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले प्रधानमंत्री ने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते हुए भी नजर आए। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की आराधना करते हुए उन्होंने पावन डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इससे पहले प्रधानमंत्री के प्रयागराज आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत पूजा-अर्चना की। संगम में उतरने से पहले पीएम ने सबसे पहले आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की। काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमाचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहां मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजा-अर्चना के बाद पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हेलीपैड की ओर रवाना हो गए। महाकुंभ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को "एक भारत श्रेष्ठ भारत" और "वसुधैव कुटुम्बकम" का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है, वहीं भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं।

**5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी पीएम ने**

13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं। इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं सम्मिलित थीं।

## यमुना में जहर मिलाने के आरोप पर हरियाणा में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में एक पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी केजरीवाल द्वारा यमुना नदी के पानी को जहरीला बनाने के बारे में की गई एक टिप्पणी के कारण दर्ज की गई है। केजरीवाल ने दावा किया था कि हरियाणा सरकार ने यमुना नदी के पानी को गंदा और जहरीला बना दिया है। कुरुक्षेत्र के शाहबाद थाने में केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जगमोहन मनचंदा नाम के एक शख्स ने केजरीवाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।
पुलिस ने इस मामले में केजरीवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 192, 196(1), 197(1), 248(ए) और 299 के तहत मामला दर्ज किया है। यह घटनाक्रम दिल्ली विधानसभा के लिए बुधवार सुबह 7 बजे शुरू होने वाले मतदान से कुछ घंटे पहले हुआ है। इससे पहले 29 जनवरी को हरियाणा के सोनीपत की एक अदालत ने आप संयोजक केजरीवाल के खिलाफ एक याचिका दायर करने के बाद उन्हें 17 फरवरी को अदालत में पेश होने का आदेश दिया था। आप संयोजक ने भाजपा पर यमुना नदी में जहर मिलाने का आरोप लगाया है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने "यमुना में जहर" संबंधी अपनी टिप्पणी से गलत सूचना फैलाई तथा दिल्ली और हरियाणा के निवासियों में दहशत पैदा की। इससे पहले, हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि राज्य सरकार ने दिल्ली की जलापूर्ति के संबंध में अरविंद केजरीवाल के बयान पर कड़ा संज्ञान लिया है।

# सोच-समझकर किए गए मतदान से लोकतंत्र मजबूत, मतदान प्रजातंत्र की ऑक्सीजन : जगदीप



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान किया। उन्होंने आम लोगों से भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। मतदान करने के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा कि विश्व में भारत एक मिसाल है। यह दुनिया का सबसे बड़ा, पुराना और जीवंत लोकतंत्र है। उन्होंने दिल्ली के लोगों से मताधिकार के प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नागरिक लोकतंत्र के महायज्ञ में भाग लें। उप राष्ट्रपति ने कहा, "सोच-समझकर किया गया मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। मतदान प्रजातंत्र का ऑक्सीजन है। प्रजातंत्र का आधार मतदान है, मतदान सब अधिकारों की जननी है। इससे सर्वोपरि कोई अधिकार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र का महत्व तब है, जब हर व्यक्ति अपना मतदान विवेकपूर्ण तरीके से, स्वतंत्रता से और देश के लिए करें। इसी से प्रजातंत्र फलता-फूलता है, विकसित होता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत का लोकतंत्र सबसे पुराना, सबसे बड़ा, सबसे मजबूत और सबसे वाइब्रेंट है। जहां सत्ता परिवर्तन या सत्ता का स्थायित्व मतदान से ही जाहिर होता है। यह बेशकीमती अधिकार भारत के हर नागरिक को मिला है। उन्होंने कहा कि भारत जब आजाद हुआ तो हर व्यस्क व्यक्ति को मताधिकार दिया गया, जबकि दुनिया की बहुत बड़ी और हमसे पहले आजादी प्राप्त करने वाली प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं में ऐसा नहीं था।

उपराष्ट्रपति ने कहा, "आज के दिन सभी को मेरी शुभकामनाएं और सभी को आह्वान करता हूं अपने मत का दान अवश्य करें। प्रजातांत्रिक महायज्ञ के इस महाकुंड में अपने मत के दान को देकर अपनी आहुति दें, यह बहुत बड़ा जो महायज्ञ है प्रजातंत्र का, पूर्ण आहुति इसी मतदान से होती है।

*उप राष्ट्रपति ने कहा, "सोच-समझकर किया गया मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। मतदान प्रजातंत्र का ऑक्सीजन है। प्रजातंत्र का आधार मतदान है, मतदान सब अधिकारों की जननी है। इससे सर्वोपरि कोई अधिकार नहीं हैं।*

### दिल्ली चुनाव 2025

## राष्ट्रपति, सीएम, सीजेआई खन्ना, चुनाव आयुक्त सुखबीर और ज्ञानेश ने डाला वोट




दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, अरविंदर सिंह लवली और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने मतदान किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में मतदान किया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन परिसर के अंदर डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

## सीलमपुर में मतदान के बीच हंगामा, भाजपा ने बुर्के की आड़ में लगाया फर्जी वोटिंग का आरोप



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रहे मतदान के बीच सीलमपुर विधानसभा में मतदाताओं ने हंगामा करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। वोटर्स का आरोप है कि उन्हें वोट डालने नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, सीलमपुर विधानसभा एक मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। सुबह सात बजे से दिल्ली की सीलमपुर विधानसभा पर वोट डाले जा रहे हैं। हालांकि, भाजपा ने सीलमपुर में बुर्के की आड़ में फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया, जिसके बाद लोगों ने आर्यन पब्लिक स्कूल के पास हंगामा किया।

### मिल्कीपुर उपचुनाव

## अखिलेश ने चुनाव आयोग से की शिकायत, बोले- मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही पुलिस

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में पुलिस मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी शामिल हैं। ऐसे लोगों को तुरंत हटा कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पुलिस अधिकारी की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि चुनाव आयोग तुरंत इस समाचार से जुड़ी तस्वीरों का संज्ञान ले कि अयोध्या की पुलिस मिल्कीपुर में मतदाताओं के आईडी कार्ड चेक कर रही है, जिसमें पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं

### मिल्कीपुर उपचुनाव

## भारतीय जनता पार्टी मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव हार रही है: माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी का दावा है कि हार के डर से भाजपा फर्जी वोटिंग कराने का प्रयास कर रही है। समाजवादी पार्टी ने यह भी दावा किया है कि बूथों पर उनके एजेंटों को डरा कर भगाया जा रहा है। इस पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के नेता माता प्रसाद पांडेय ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। माता प्रसाद पांडेय ने कहा, "मिल्कीपुर चुनाव में लोकतांत्रिक जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से केंद्रित है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही।

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार- दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

## बिहार में 'जाति जनगणना' का राहुल गांधी ने फिर उठाया सवाल, तेलंगाना का दिया उदाहरण

**पटना (आईएएनएस)**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार की राजधानी पटना में कहा कि आज देश में सत्ता संरचना में दलितों और पिछड़ों की भागीदारी नहीं है। दलितों को प्रतिनिधित्व दिया गया, लेकिन सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं होने के कारण इसका कोई मतलब नहीं है। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जगलाल चौधरी की जयंती को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश की सत्ता संरचना में, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कॉर्पोरेट हो, व्यापार हो, न्यायपालिका हो, आपकी भागीदारी कितनी है?

उन्होंने कहा कि दलितों के दिल में जो दर्द था, जो दुख था, जो उनके साथ हजारों साल से किया जा रहा था, उनकी आवाज भीमराव अंबेडकर और जगलाल चौधरी जी थे। आजादी मिली, बहुत कुछ हुआ। उन्होंने सत्ता पक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि टिकट दे देते हैं, लेकिन अधिकार नहीं देते। उन्होंने देश में जाति जनगणना कराने की मांग करते हुए बिहार की जाति जनगणना पर सवाल भी उठाए। उन्होंने कहा कि बिहार की तरह नहीं, तेलंगाना की तरह जाति जनगणना जरूरी है। जाति जनगणना हमें बता देगी कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, गरीब, सामान्य वर्ग कौन और कितने हैं? इसके बाद हम न्यायपालिका, मीडिया, संस्थानों और ब्यूरोक्रेसी में इनकी कितनी भागीदारी है, इसकी सूची निकालेंगे और असलियत पता करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को उनकी भागीदारी दिलवाना चाहती है।

### प्रतिबंधित दवाईयों बरामदगी मामला

## तीन दोषियों को 14 साल और एक लाख रूपये जुर्माने की सजा

**अररिया ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने नशे के रूप में प्रयोग किए जाने वाले प्रतिबंधित दवाईयों की बरामदगी मामले में तीन दोषियों को 14-14 वर्षों की सश्रम कारावास के साथ एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।न्यायालय ने एनडीपीएस की धारा 21 (सी) और 22 (सी) दोनों ही धाराओं में 14 -14 साल और एक - एक लाख रुपये जुर्माने की सजा का आदेश अपने निर्णय में दिया।

### बिहार में एनडीए एकजुट

## 15 फरवरी से संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन का चौथा चरण : उमेश




**पटना (आईएएनएस)**

पटना के जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) कार्यालय में बुधवार को एनडीए घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने एक स्वर में कहा कि एनडीए मजबूत और एकजुट है। इस दौरान संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन के चौथे चरण के कार्यक्रम की भी घोषणा की गई। घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 15 फरवरी से चौथे चरण के सम्मेलन की शुरुआत खगड़िया से होगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार और रालोमो (राष्ट्रीय लोक मोर्चा) के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी शामिल रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि हम लोग संयुक्त रूप से जिला कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। दो चरणों के कार्यकर्ता सम्मेलन में जिस तरह से कार्यकर्ताओं का उत्साह और विश्वास देखा गया, यह हमारे एनडीए के लिए शुभ संकेत है।
उन्होंने कहा कि हम लोगों के लिए 2025 का लक्ष्य 225 सीट का है, उसके अनुसार विपक्ष एक-एक सीट के लिए भी तरसेगा। चौथे चरण का कार्यकर्ता सम्मेलन 15 फरवरी को खगड़िया में होगा। जबकि, उसी दिन बेगूसराय में भी कार्यक्रम है। इसके बाद 16 फरवरी को जमुई और शेखपुरा, 17 फरवरी को नवादा, 18 फरवरी को कटिहार और पूर्णिया, 19 फरवरी को नवगछिया, भागलपुर और 20 फरवरी को बांका में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। इससे कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं।

# राहुल गांधी को अपना नाम बदलकर 'इलेक्शन गांधी' रख लेना चाहिए : केटीआर

**हैदराबाद (आईएएनएस)**



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपना नाम बदलकर 'इलेक्शन गांधी' रख लेना चाहिए। 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान पिछड़े वर्गों (बीसी) से किए गए वादों को पूरा न करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए रामा राव ने पिछड़े वर्गों की घोषणा को 100 प्रतिशत झूठ बताया। मंगलवार के विधानसभा सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए बीआरएस नेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि कांग्रेस सरकार ने पिछड़ा वर्ग से संबंधित घोषणा के नाम पर बेशर्मी से "झूठ फैलाया"।

केटीआर ने लिखा, "झूठ! बहुत झूठ! झूठ के अलावा कुछ नहीं! कल के विधानसभा सत्र ने तेलंगाना के लोगों को दो चीजें साफ कर दीं - एक विफल सरकार, जिसमें कोई स्पष्टता नहीं है, और झूठ जो आपने पिछड़े वर्गों से संबंधित घोषणा के नाम पर बेशर्मी से फैलाया। केटीआर ने विधानसभा में पेश जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "हालांकि सरकार को कल पेश किए गए आंकड़ों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन यह साफ है कि 42 प्रतिशत पिछड़े वर्ग आरक्षण की दिशा में काम करने का आपका कभी इरादा नहीं था। आपकी कांग्रेस सरकार का यू-टर्न लेना और फिर बेशर्मी से केंद्र सरकार पर जिम्मेदारी डालना यह दिखाता है कि आप कितने प्रतिबद्ध हैं।



# टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे अभिषेक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इंग्लैंड पर 4-1 से टी20 सीरीज जीतने के बाद, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा तथा कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में हाल ही में किए गए अपडेट में बड़ी छलांग लगाई है। अभिषेक ने हाल ही में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में 135 रनों की शानदार पारी खेलकर अपने उभरते अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और अब वह बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक, जो अब सबसे छोटे प्रारूप में किसी भारतीय पुरुष खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड रखते हैं, शीर्ष रैंकिंग वाले ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से सिर्फ 26 रेटिंग अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में तिलक वर्मा तीसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर हैं, जिससे शीर्ष पांच में भारतीय प्रतिनिधित्व बरकरार है। दूसरी ओर, चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ अपने 14 विकेट और प्लेयर ऑफ द सीरीज प्रयास के दम पर पुरुष गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय टीम के अन्य खिलाड़ियों में हार्दिक पांड्या (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर) और शिवम दुबे (38 पायदान ऊपर चढ़कर 58वें स्थान पर) शामिल हैं, जो टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पांच विकेट चटकाए थे। वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन ने एक सप्ताह पहले इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद को नंबर एक रैंकिंग गंवाने के बाद फिर से पुरुष टी20 गेंदबाज का स्थान हासिल कर लिया है।

# सचिन तेंदुलकर एक्शन में

## आईएमएल 2025 से पहले नेट पर दिखाया जलवा



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) का उद्घाटन वडोदरा के बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन यानी बीसीए स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट 22 फरवरी 2025 से 16 मार्च 2025 तक चलेगा। पहला मुकाबला इंडिया मास्टर्स और श्रीलंका मास्टर्स के बीच नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट में सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, शेन वॉटसन, जैक्स कैलिस, कुमार संगकारा और इयोन मोर्गन एक्शन में दिखेंगे यह सभी अपने अपने देशों की कप्तानी कर रहे हैं। 22 फरवरी, 2025 को उद्घाटनी मैच डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में भारत बनाम श्रीलंका में होगा। पहले पांच मैच नवी मुंबई में होंगे, उसके बाद राजकोट में मैच होंगे और सेमीफाइनल और फाइनल सहित बाकी मैच रायपुर में आयोजित किए जाएंगे। बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष प्रणव अमीन ने कहा कि हम वडोदरा में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। बीसीए स्टेडियम में अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। यह मैदान खेल के कुछ महानतम नामों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। वडोदरा और गुजरात के प्रशंसकों को एक शानदार दावत मिलने वाली है क्योंकि मास्टर्स एक बार फिर मैदान में उतरेंगे और अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उचित टीम संयोजन तैयार करने उतरेगा भारत

## कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर भी रहेगी नजर

**नई दिल्ली। नागपुर**

भारतीय टीम गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उचित टीम संयोजन तैयार करना चाहेगा जिसमें कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर भी नजर रहेगी। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी। यह दोनों स्टार खिलाड़ी पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में भी खेले थे लेकिन उसमें भी असफलता ही उनके हाथ लगी थी। अब वह उस प्रारूप में वापसी करेंगे जिसमें उन्होंने वर्षों तक अपना दबदबा बनाए रखा था। इन दोनों खिलाड़ियों ने वनडे विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया था।

### 19 फरवरी से शुरू वाली चैंपियंस ट्रॉफी

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत की अंतिम प्रतियोगिता होगी जो टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित और कोहली के करियर के लिए भी निर्णायक साबित होगी। भारतीय टीम के लिए कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म ही चिंता का विषय नहीं है, उसे इस पर भी काफी माथापच्ची करनी होगी कि ऋषभ पंत और केएल राहुल में से विकेटकीपर की भूमिका कौन निभाएगा।

### रोहित और शुभमन गिल पारी की शुरूआत

उनके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर उतरेंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज को पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है। इसके बाद हार्दिक पंड्या का नंबर आता है। पंत की अनुपस्थिति में वनडे विश्व कप 2023 में राहुल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी तथा उन्होंने 452 रन बनाए थे। उनकी उपस्थिति में टीम का अच्छा संतुलन बना लेकिन बीच के ओवरों में लगातार स्ट्राइक रोटेट करने में उनकी नाकामी चिंता का विषय होगी। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार है और ऐसे में पंत बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण उसमें विविधता लाते हैं। वह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में वह टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन इन दोनों के साथ उतर सकता है लेकिन ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ेगा जो उपयोगी योगदान देते रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव को भी मैच अभ्यास का मौका मिलेगा। यह दोनों चोट से उबर कर वापसी कर रहे हैं।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल राशिद, मार्क वुड।

**समय : दोपहर 1:30 बजे।**





# रोनाल्डो ने मनाया अपना 40वां जन्मदिन

**मैड्रिड।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपना 40वां जन्मदिन उसी आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ मना रहे हैं जिस पर उन्होंने अपने सफल करियर के दौरान हमेशा गर्व किया है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार और अब सऊदी अरब में खेल रहे रोनाल्डो बुधवार को 40 साल के हो गए और उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर कौन है। रोनाल्डो ने स्पेनिश टेलीविजन चैनल ला सेक्स्टा के साथ इंटरव्यू में कहा, मैं फुटबॉल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हूं। हालांकि मैं बाएं पैर का अधिक इस्तेमाल नहीं करता लेकिन बाएं पैर से गोल करने के मामले में मैं इतिहास में शीर्ष 10 में हूं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि मैं अब तक का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी हूं। मैं खेल में अपने दिमाग का अच्छा इस्तेमाल करता हूं। मैं अच्छी फ्री किक लेता हूं। मैं तेज दौड़ लगाता हूं। मैं दमदार हूं। मैं अच्छी कूद लगाता हूं। मैंने कभी भी खुद से बेहतर किसी को नहीं देखा।' पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक 217 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 135 गोल दर्ज हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो ने पहले भी कई बार कहा है कि उन्हें लगता है कि वह फुटबॉल के इतिहास में अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। जब भी उनसे इस चर्चा के बारे में पूछा गया कि उनमें और लियोनेल मेस्सी में कौन सर्वश्रेष्ठ है तो उन्होंने हमेशा अर्जेंटीना के खिलाड़ी की प्रशंसा की लेकिन वह खुद को बेहतर बताने से भी पीछे नहीं हटे।

*मैं सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर*
• क्रिस्टियानो रोनाल्डो

# टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान



**गकेबेहरा (आईएएनएस)।** लंबे समय से टी20 क्रिकेट में चमक रहे अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में अब सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। 26 साल के कलाई के स्पिनर ने ड्वेन ब्रावो के 631 विकेटों को पीछे छोड़ा।

यह सफलता उन्हें मंगलवार को एसए 20 क्वालिफायर 1 में पार्ल रॉयल्स के खिलाफ दुनित वेल्लालगे को बोल्ड करके मिली, जहां वह एमआई केपटाउन के लिए खेल रहे थे। राशिद ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, यह एक बड़ी सफलता है, मैंने कभी इसके बारे में नहीं सोचा था। अगर आप 10 साल पहले की बात करें तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं यहां तक पहुंच पाऊंगा। अफगानिस्तान से होने के नाते यह मेरे लिए गर्व की बात है। ब्रावो टी20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं।

यह बड़ा सम्मान है और मैं इसको आगे बढ़ाने की ओर देखूंगा। राशिद ने अक्टूबर 2015 में किशोरावस्था में ही अपना टी20 डेब्यू किया था।

वह अब तेजी से 500 मैचों के करीब पहुंच रहे हैं और दुनिया भर की लीगों में बेहद लोकप्रिय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने एक आईपीएल खिताब और एक पीएसएल खिताब जीता है और एडिलेड स्ट्राइकर्स (बीबीएल) में वह एक घरेलू नाम थे, जहां उन्होंने स्ट्राइकर्स के लिए 69 मैच खेले, जिसमें 17 रन देकर छह विकेट उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है।

# भारत का दौरा चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए सर्वोत्तम : जोस बटलर



**नागपुर।** इंग्लैंड की टीम भारत के वर्तमान दौर में अभी तक भले ही अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन उसके कप्तान जोस बटलर ने बुधवार को यहां इसे चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिहाज से सर्वोत्तम करार दिया क्योंकि यहां की परिस्थितियां पाकिस्तान से काफी मिलती-जुलती हैं जहां टीम टूर्नामेंट के अपने अधिकतर मैच खेलेगी।कि अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी जिसमें उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने त्रिशा के लिए एक करोड़, धुति और मुख्य कोच नूशिन को दस-दस लाख रुपये देने की घोषणा की

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### सेंसेक्स 312 अंक गिरकर हुआ बंद

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में नुकसान के साथ बंद हुआ। बाजार के मुख्य सूचकांकों में गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 312 अंक या 0.40 प्रतिशत गिरकर 78,271 और निफ्टी 42 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 23,696 पर था। मुख्य सूचकांकों में गिरावट के बाद भी व्यापक बाजार में रुझान तेजी का था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,556 शेयर हरे निशान में, 1,413 शेयर लाल निशान में और 136 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। लार्जकैप के विपरीत मिडकैप और स्मॉलकैप हरे निशान में बंद हुए हैं। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 367 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 54,180 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 310 अंक या 1.85 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,108 पर बंद हुआ। निफ्टी में आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स बढ़कर बंद हुए हैं।

## भारत में तेजी से बढ़ रहा कारोबार

# वित्त वर्ष 24 में बड़े पोर्ट्स ने संभाला 819 मिलियन टन कार्गो

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। देश के बड़े पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में 819.23 मिलियन टन कार्गो संभाला है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 581.34 मिलियन टन था। यह 3.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दशार्ता है। यह जानकारी सरकार ने बुधवार को संसद में दी। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने एक लिखित उत्तर में राज्यसभा को बताया कि 2023-24 के दौरान संभाले गए कार्गो में 33.80 प्रतिशत लिक्विड बल्क, 44.04 प्रतिशत ड्राई बल्क और 22.16 प्रतिशत कंटेनर कार्गो शामिल था। उन्होंने आगे कहा कि प्रमुख पोर्ट्स का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और क्षमता वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है जिसमें नए बर्थ और



टर्मिनलों का निर्माण, मौजूदा बर्थ और टर्मिनलों का मशीनीकरण, बड़े जहाजों को आकर्षित करने के लिए ड्राफ्ट को गहरा करने के लिए कैपिटल ड्रेजिंग के साथ-साथ सड़क और रेल संपर्क का विकास शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने बताया, महाराष्ट्र में वधावन पोर्ट को देश में मेगा कंटेनर पोर्ट के रूप में विकसित करने की मंजूरी दी गई है, जिससे नई पीढ़ी के बड़े आकार के कंटेनर जहाजों की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। सरकार ने पिछले चार वर्षों में केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख पोर्ट्स और निजी कंपनियों एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रबंधित गैर-प्रमुख पोर्ट्स पर संभाले गए कुल कार्गो के आंकड़े पेश किए। देश के सभी पोर्ट्स पर संभाला गया कुल कार्गो 2020-21 में 1247.72 मिलियन टन से बढ़कर 2023-24 में 1540.23 मिलियन टन हो गया है। इस कार्गो का 819.23 मिलियन टन प्रमुख पोर्ट्स द्वारा और 721 मिलियन टन अन्य पोर्ट्स के माध्यम से संभाला गया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने निर्यात से जुड़े उद्योगों के लिए लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें नए बर्थ, टर्मिनल और पार्किंग प्लाजा का निर्माण, मौजूदा बर्थ और टर्मिनलों का मशीनीकरण और आधुनिकीकरण, रेल और सड़क के माध्यम से अंतदेर्शीय संपर्क का विस्तार करना शामिल है।

### वैश्विक अस्थिरता से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा गोल्ड

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रेड टैरिफ के फैसलों के कारण गोल्ड रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में 24 कैरेट के 10 ग्राम गोल्ड का भाव 1,300 रुपये से अधिक बढ़ा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा बुधवार को जारी की गई ताजा कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम गोल्ड की कीमत 1,310 रुपये बढ़कर 84,320 रुपये हो गई है, जो कि कल 83,010 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। आईबीजेए के मुताबिक, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 82,300 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 63,800 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में गोल्ड की कीमत रिकॉर्ड 2,880 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। गोल्ड में तेजी की वजह डॉलर इंडेक्स का कमजोर होकर 107 होना है।

# भारत के सर्विस सेक्टर ने जनवरी में पकड़ी रफ्तार, नौकरियां भी बढ़ी : एचएसबीसी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के सर्विस सेक्टर में जनवरी में तेजी उछाल देखने को मिला है और इसके साथ नौकरियों में भी बढ़त हुई है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुए एचएसबीसी इंडिया पीएमआई सर्वे में दी गई।

सर्वे में बताया गया कि अच्छी मांग, नए बिजनेस और टेक्नोलॉजी में निवेश के कारण सर्विस सेक्टर में वृद्धि देखी गई है। हालांकि, कुछ कंपनियों के ग्राहकों की संख्या में गिरावट के कारण गतिविधियां सीमित रही हैं। सर्वे के मुताबिक, एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स जनवरी में 56.5 रहा है। हालांकि, यह दिसंबर के आंकड़े 59.3 से कम है।

जब भी पीएमआई 50 के ऊपर होता है तो वह उस क्षेत्र में बढ़त को दशार्ता है। सर्वे में आगे बताया गया है कि जनवरी 2025 में नौकरियां बढ़ने की दर दिसंबर 2024 से अधिक रही है और यह दिसंबर 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे



तेज वृद्धि है।

सर्वे में कहा गया कि कुल नए ऑर्डरों के ट्रेंड के विपरीत अंतरराष्ट्रीय बिक्री में तेजी वृद्धि हुई है। सर्वे में भाग लेने वाली कंपनियों ने बताया कि एशिया, यूरोप, मध्य पूर्व और अमेरिका के ग्राहकों से फायदा हो रहा है।

भारत में सर्विस प्रोवाइडर्स आने वाले 12 महीनों के दौरान व्यावसायिक गतिविधि में वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं। हालांकि सकारात्मक भावना का स्तर तीन महीने के निचले स्तर पर गिर गया, लेकिन यह मोटे तौर पर सीरीज ट्रेंड के अनुरूप था।

सर्वे में बताया गया कि नए कारोबार में सुधार और क्षमता विस्तार के कारण चालू वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही की शुरूआत में नियोक्ता अतिरिक्त भर्तियां कर रहे हैं। महंगाई दर लंबी अवधि के औसत से ऊपर बनी हुई है। बढ़ती लागत के बोझ और मजबूत मांग के परिणामस्वरूप, भारतीय सेवाओं की प्रोविजनल कीमतें 2025 की शुरूआत में और बढ़ गई हैं। दिसंबर में तेज वृद्धि के बाद महंगाई दर अपने ट्रेंड के ऊपर बनी हुई है।

# डीजीपी की नियुक्ति रद्द हो, अनुराग गुप्ता के कार्यकलाप की सीबीआई जांच हो: बाबूलाल

▸ *सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हो रहा है उल्लंघन : मरांडी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को डीजीपी नियुक्ति मामले में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता को धोखे में रखकर हेमंत सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया है। राज्य सरकार ने न सिर्फ संविधान की मर्यादाओं को तोड़ा है बल्कि राज्य की पुलिस प्रशासन व्यवस्था को अपनी राजनीतिक साजिशों का हथियार बना लिया है। मरांडी बुधवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2006 में प्रकाश सिंह केस की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया था कि डीजीपी की नियुक्ति यूपीएससी के अनुशंसित पैनल से होगी। फिर



भी हेमंत सरकार ने यूपीएससी को दरकिनार कर अपनी मर्जी से अनुराग गुप्ता को डीजीपी बना दिया, जिनका नाम यूपीएससी के अनुशंसित सूची में नहीं था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश है कि जबतक राज्य सरकार कोई नया कानून नहीं बनाती तबतक यूपीएससी की प्रक्रिया से ही नियुक्ति होगी। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझने लगे। उन्हें कार्यकारी आदेश (एक्सक्यूटिव ऑर्डर) और अधिनियम (एक्ट) में अंतर पता नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2025 में एक नियमावली (रूल्स)बना दिए जबकि की (एक्ट) अधिनियम पारित नहीं हुआ। कोई भी सरकार पहले एक्ट बनाती है तब वह रूल्स बनता है। यह यदि एक्ट पारित नहीं हुआ तो रूल्स कैसे बन गया। उन्होंने कहा कि यहां सवाल उठता है कि राज्य सरकार ने 2025 की नियमावली को भूतलक्षी प्रभाव से लागू करने की कोशिश क्यों और कैसे की? और राज्य सरकार के अधिकारियों ने इस अवैध प्रक्रिया को कैसे अनुमति दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री न्यायालय के आदेश पर भी दोहरी नीति अपनाते हैं। अपने को निर्दोष बताने के लिए हाइकोर्ट की टिप्पणियों का सहारा लेते हैं जबकि दूसरी ओर सत्ता चलाने में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड हाइकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के द्वारा न्यायपालिका को कमजोर करने की साजिश की गई है। डीजीपी की अवैध नियुक्ति प्रक्रिया में झारखंड उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश शामिल बताए जा रहे। अगर पूर्व न्यायाधीश खुद राज्य सरकार के अवैध कार्यों में शामिल हो जाएंगे तो न्यायपालिका की निष्पक्षता पर क्या असर पड़ेगा? उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता चुनावी कदाचार में लिप्त थे, दो वर्षों तक निलंबित भी रहे हैं। उनके खिलाफ एफआईआर तक दर्ज हुआ। वे राज्य के सबसे विवादित आईपीसी पदाधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें चुनाव कार्य से भी मुक्त रखा गया था फिर हेमंत सरकार ने ऐसे भ्रष्ट, दागदार और विवादास्पद पदाधिकारी को डीजीपी क्यों बनाया?

# मुख्यमंत्री बनने का सपना चकनाचूर, निराशा में डूबे बाबूलाल मरांडी : सुप्रियो भट्टाचार्य

▸ *सुप्रीम कोर्ट के आदेश का झारखंड हाईकोर्ट स्वत: संज्ञान ले*

▸ *भाजपा विपक्ष का नेता क्यों नहीं बना पा रही*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी चिंतित हैं कि हेमंता विस्वा सरमा और शिवराज सिंह चौहान के प्रवास के बावजूद जनता ने उनके नेतृत्व को नकार कर विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। मुख्यमंत्री न बनने का मलाल बाबूलाल मरांडी को है। मुख्यमंत्री बनने का सपना चकनाचूर होने से निराशा में डूबे हैं। तब ही उन्होंने अपने प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि न चाहते हुए बोल रहा हूं। सात जनवरी को हेमंत



सोरेन की सरकार ने झारखंड की कैबिनेट से पुलिस महानिदेशक का चयन किया किया है, इसपर उन्हें एतराज क्यों है। कई राज्यों में राज्य सरकारें अपनी मर्जी से, अपनी समझ से पुलिस महानिदेशक का चयन करती है और पदस्थापन करती है। यह फैसला झारखंड का पहला नहीं है भाजपा की कई राज्यों में सरकारें हैं, वहां भी पुलिस महानिदेशक का पदस्थापना उस राज्य की कैबिनेट करती है। वहीं तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, बिहार में राज्य सरकार की कैबिनेट पुलिस महानिदेशक का चयन कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के कैबिनेट में एक अलग परंपरा झारखंड में शुरू की गई थी। तीन नामों का पैनल बन कर जाता था फिर फैसला होता था। यह गलत परंपरा समाप्त होनी चाहिए थी। उन्होंने पूछा कि क्या ये बताएंगे कि अपने कार्यकाल में क्यों ओबीसी आरक्षण घटाया गया था,जबकि बिहार में 27 प्रतिशत ओबीसी को आरक्षण प्राप्त था। उन्होंने प्रश्न उठाते हुए कहा कि भाजपा के पास प्रतिपक्ष नेता के योग्य बाबूलाल मरांडी, सीपी सिंह या चंपई सोरेन नहीं हैं जिसे भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व विधायक दल का नेता चुन सके। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि बाबूलाल हेमंत सोरेन की सरकार को हनीमून पीरियड बताते थे अब वे बताएंगे कि प्रतिपक्ष में बैठने के जनादेश के बावजदू भाजपा जनादेश का माखौल क्यों उड़ा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि भाजपा को अपने प्रतिपक्ष का नेता चुन लेना चाहिए। मगर अब जब 24 फरवरी को सत्र शुरू हो रहा है और नेता प्रतिपक्ष का नाम सामने नहीं आया है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान ले कि विपक्ष का नेता क्यों नहीं भाजपा बना पा रही है। ऐसी कौन सी उनकी मजबूरी है।

बाबूलाल मरांडी के कैबिनेट के समय तीन नामों का पैनल बनकर जाता था फिर पुलिस महानिदेशक का चयन होता था। अब जब झारखंड की कैबिनेट ने पुलिस महानिदेशक चुना है तो बाबूलाल मरांडी बौखलाए हुए हैं। उनकी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं चुन पा रही है, विधायक दल का नेता नहीं चुन पा रही है वहीं दूसरी ओर जनता के जनादेश से बनी सरकार के कैबिनेट के फैसले का विरोध कर रही है।

## जल संरक्षण का संकल्प वाटरशेड यात्रा का मुख्य उद्देश्य है : सीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जल संचयन का संकल्प ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। वाटर रिचार्ज कर हम अपनी धरती को खुशहाल बना सकते हैं। उक्त बातें सीईओ जेएसडब्ल्यूएम समीरा एस ने कहीं। वे झारखंड राज्य जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत बेड़ो की दिघिया पंचायत में बुधवार को आयोजित राज्यस्तरीय वाटर शेड यात्रा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। इस दौरान सीईओ, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने झंडी दिखाकर संयुक्त रूप से जागरुकता वाहन रवाना कर वाटर शेड यात्रा की शुरूआत की। डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि जल संरक्षण आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत है। सीईओ जेएसडब्ल्यूएम, भूमि संरक्षण पदाधिकारी नेहा निश्चल, सेवानिवृत्त डीडीसी मदन सिंह गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में वाटरशेड यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व अतिथियों के आगमन पर झारखंडी रीति रिवाज के साथ नाच गान कर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में बीडीओ राहुल उरांव ने दिया। वहीं क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करनेवाले बेड़ो प्रखंड के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, फ्रांसिस जेवियर मिंज और लापुंग की सोशन कुजूर, लोहरदगा मुस्तान खान और खूंटी जिले के बिरसा कंडुलना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं दर्जनों महिलाओं के बीच धुआं रहित चूल्हे बांटे गए। मौके पर सीओ प्रताप मिंज, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, मुखिया अनीता बाड़ा, ऋतुराज, अल्तमश परवेज, बीपीओ संजय तिर्की, करमा उरांव, वाहिद अंसारी, पुरुषोत्तम भाई पटेल और जेई सद्दाम हुसैन आदि मौजूद थे।

### रक्षा राज्य मंत्री की शिक्षा क्षेत्र में सामाजिक पहल, कहा

# साइबर अपराध की नकारात्मक छवि को बदलना है हमारा उद्देश्य

▸ *मदरसे में पढ़ते बच्चों का सामान्य स्कूल में पढ़ना जरूरी है या नहीं इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश भी दिए गए हैं*

▸ *एक कंप्यूटर में उपलब्ध होगी दुनिया की सभी पुस्तकें, साइबर क्षेत्र में युवाओं को बनाया जाएगा स्किल्ड*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची में डिजिटल ई-लाइब्रेरी व साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर खोलने की घोषणा की है, जहां युवाओं को दुनिया भर की सभी पुस्तक और पाठ्य सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही साइबर सिक्योरिटी से जुड़े कई स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है, शीघ्र ही उद्घाटन किया जाएगा। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आज अपने



केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि नमो ई-लाइब्रेरी और साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर रांची की जनता को देने जा रहा हूं। विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में हम सबका योगदान हो; इस उद्देश्य के साथ ई-लाइब्रेरी और साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है। यह केंद्र हमारे देश की उन्नति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विकसित भारत 2047 के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। यह 'नमो ई-लाइब्रेरी और साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर' मेरी पहल पर साइबरपीस फाउंडेशन, और समुदाय के संयुक्त प्रयास से स्थापित की जा रही है। इसका उद्देश्य है कि तकनीकी शिक्षा और साइबर स्किल & सुरक्षा के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया जा सके।

यह केंद्र डिजिटल शिक्षा और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनने जा रहा है। 'नमो ई-लाइब्रेरी' में विश्व स्तरीय पुस्तकें और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे जो शिक्षार्थियों को नवीनतम ज्ञान से लैस करेगी। साथ ही, साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर के माध्यम से हम साइबर स्किल & सुरक्षा के महत्व को बढ़ावा देंगे।

श्री सेठ ने बताया कि यह डिजिटल लाइब्रेरी पूरी तरह से समुदाय के हर वर्ग को समर्पित रहेगी, जहां उन्हें ई-पुस्तक, ऑडियो बुक, कई शोध पत्र, शैक्षणिक पत्र पत्रिकाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यहां कई पुस्तके ऑफलाइन भी उपलब्ध रहेंगी। दुनिया की सभी पुस्तकों का ऑनलाइन सब्सक्रिप्शन लिया जाएगा, ताकि दुनिया की सभी पुस्तक एक कंप्यूटर पर उपलब्ध हो। महीने में एक बार एक परिचर्चा सत्र आयोजित होगा, जहां साइबर, ऑनलाइन शिक्षा, ज्ञान विज्ञान के प्रसार संबंधित कई विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

पूर्व में भी कर चुके हैं दो सामाजिक पहल। इससे पूर्व भी शिक्षा के क्षेत्र में संजय सेठ ने दो बड़े सकारात्मक कार्य किए हैं। उनके द्वारा नमो बुक बैंक का संचालन विगत 4.5 वर्षों से किया जा रहा है, जिसके तहत 3 लाख से अधिक पुस्तक विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क वितरित की गई है। उनकी पहल पर ही कोल इंडिया के द्वारा रांची में एक साथ 5000 विद्यार्थियों को बैठने की क्षमता वाले पुस्तकालय का निर्माण भी मोरहाबादी में किया जा रहा है।

## सांसद सुखदेव भगत ने टोल प्लाजा घटना का संज्ञान लिया



▸ *केंद्रीय सचिव ने मृतक परिवारों को 10 लाख रुपए संवेदक के माध्यम से देने की बात कही*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नगड़ी थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है। रांची इटकी रोड में स्थित टोल प्लाजा का एक खंभा वहां पर खड़े ऑटो पर गिर गया जिसमें सूचना मिलने तक दो लोगों की मौत हो गई है और कुछ लोग घायल है। हादसे के बाद टोल प्लाजा कर्मी वहां से फरार हो गए हैं। घायलों का इलाज चल रहा है। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत संसद सत्र चलने के कारण दिल्ली में हैं। उनको इस बात की जानकारी मिली तो वे तुरंत मामला को संज्ञान में लिए। सदन में राष्ट्रपति का अभिभाषण पर चर्चा चल रही थी इसलिए सांसद सदन में उपस्थित थे। उनके निर्देश पर उनके निजी सहायक श्री साहू ने सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग के केंद्रीय सचिव वी उमाशंकर से दूरभाष से वार्ता कर उन्हें सारी बातों से अवगत कराते हुए मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा दिलाने, घायलों को समुचित समुचित इलाज कराने एवं टोल प्लाजा के संवेदक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। केंद्रीय सचिव ने कहा कि संवेदक के माध्यम से वह प्रत्येक मृतक के परिवारों को 10 लाख मुआवजा देने की घोषणा किए और घायलों को समुचित इलाज करने की बात कहें।

## झामुमो रातू व कांके प्रखंड संयोजक मंडली का हुआ गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला संयोजक मंडली का प्रखंडों मे दौरा सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान बुधवार को रातू प्रखंड की बैठक काठीटांड़ चौक के समीप और कांके प्रखंड की बैठक चुटू पंचायत रिंग रोड कांके में हुई। बैठक झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक मे मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, झब्बूलाल महतो, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा और मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, बीरू साहू, आफताब आलम,



● सदस्यता अभियान हुआ संपन्न

कलाम आजाद, महावीर विश्वकर्मा, मंटू लाला, सुजीत कुजूर, विलयम रिचर्ड लकड़ा, महादेव मुंडा, संजय राय, लालजय कुमार नाथ शहदेव, अंशु लकड़ा, रमेश साहू, नागेश्वर महतो, बबलू राम, हनीफ अंसारी, बुढ़मू प्रखंड संयोजक प्रमुख भुनेश्वर साहू, शमीम मंसूरी, परवेज आलम, खुर्शीद आलम, हारून रशीद, सज्जाद अंसारी, राजेश सिंह, प्रदीप मिर्धा, मुशरत परवीन, सबीबुल रहमान, लाडले खान, नरेश यादव, अनमोल रतन सांचा, साहिल यादव, सुनीता देवी, गोपाल पांडेय, राकेश, मोजाहिद, जहूर मियां, हसनैन मुजीबी, अरुण तिर्की, कमरुल हक, राजकुमारी टोपनो, संगीता कुमारी, मो फुरकान, मो इमरान, अल्ताफ राजा, हरीश महतो एवं अन्य शामिल हुए।

### मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियों का सिलसिला जारी

## युवक ने 14 महिलाओं के पैसे अपने खाते में मंगाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियों का सिलसिला खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन एक के बाद एक गड़बड़ी सामने आ रही है। वहीं, अब सरकारी तंत्र की मिलीभगत से महिला के बदले पुरुष को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया गया। जानकारी के मुताबिक बोआरीजोर प्रखंड के केंदुआ पंचायत के शाहनवाज अंसारी ने सरकारी तंत्र की मिलीभगत से 14 महिलाओं के पैसे अपने खाते में मंगा लिए। आरोपी युवक शाहनवाज अंसारी ने अपने एसबीआई बैंक खाता में महिलाओं की मंईयां सम्मान की हर माह मिलने वाली प्रति महिला 2500 रुपये की बड़ी धनराशि ले ली है। जांच में मामला उजागर होने पर पैसे की रिकवरी के लिए बीडीओ को सख्त निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ ने केंदुआ पंचायत के सचिव और मुखिया सहित मंईयां सम्मान योजना के आवेदनों को ऑनलाइन करने वाले प्रज्ञा केंद्र संचालकों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए जांच करने की बात कही है।

## न्यूज | बॉक्स

### देश के हर क्षेत्र से जुड़े जमीनी लोगों को मिल रहा सम्मान : संजय सेठ



**रांची।** कलाकारों की साधना से ही हमारी कला-संस्कृति संवर्धित रहती है और हम अपनी संस्कृति से जुड़े रहते हैं। झारखंड के नागपुरी गीतकार महाबीर नायक पद्मश्री से सम्मानित हुए। बुधवार को उनके घर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात कर, उन्हें सम्मानित किया। उनका सम्मान कला-संस्कृति के हर साधक का सम्मान है। यह हमारे लिए गौरव की बात है। हमारा गौरव इसलिए भी बढ़ा है कि भारत का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है। अब देश के हर क्षेत्र से जुड़े जमीनी लोगों का सम्मान हो रहा है। समाज के ऐसे मूर्द्धन्य लोगों का सम्मान व्यक्तिगत नहीं होता, यह सम्पूर्ण समाज का सम्मान होता है। इस अवसर पर राम मनोज साहु, राम कुमार नायक, संतोष मिश्रा, मोहन सिंह, अम्बिका नायक, दीपक गुप्ता, बिलसन तिर्की, सहायक तिर्की, रमेश नायक, संजय चौधरी, किशोर लाल भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त की



**रांची।** सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश काबरा की मां सुशीला देवी काबरा की आकस्मिक निधन पर रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है। बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं उनके पुत्र ऐश्वर्या सेठ मुकेश काबरा की आवास पर आकर स्व. सुशीला देवी काबरा की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं बैकुंठ वास प्रस्थान पर परिवार के साथ गहरा शोक प्रकट किया। इस दुःख की घड़ी पर परिवार को सांत्वना प्रदान की। इस अवसर पर परिवार के राजेश, संजय, मनोज, तथा सभी परिजन उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**देश की अर्थव्यवस्था में...**

40 प्रतिशत खनिज संसाधन पाया जाता है। कई खनिज एवं उद्योगों के लिए जरूरी रॉ मैटेरियल्स का झारखंड सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था में यह राज्य अहम भूमिका निभाता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कई खनिज आधारित उद्योग लंबे समय से स्थापित हैं। कई औद्योगिक घरानों ने यहां निवेश किया है। लेकिन, वर्तमान परिवेश में इस राज्य को और आगे ले जाने की जरूरत है। इसके लिए यहां नए-नए उद्योग लगे, इसके लिए नए सिरे से पहल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल एक-दूसरे से काफी करीब हैं। इन दोनों ही राज्यों में चल रहीं कई गतिविधियां एक जैसी ही हैं। ऐसे में यह बताना मुश्किल है कि कौन गतिविधि झारखंड और कौन बंगाल की है। दोनों ही राज्य कई मामलों में एक जैसी गतिविधियों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इस तरह की पहल से दोनों ही राज्यों के समग्र विकास का नया रास्ता खुल रहा है।

**दिल्ली में विस चुनाव...**

मतदान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति एस्टेट में स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय में बने केंद्र पर मतदान किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नॉर्थ एवेन्यू, पोलिंग बूथ पर लाइन में लगकर मतदान किया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने भी निर्माण भवन में बने केंद्र पर मतदान किया। मणिपुर के राज्यपाल और पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने अपनी पत्नी के साथ निर्माण भवन में स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे के साथ अटल आदर्श विद्यालय, लोदी स्टेट में मतदान किया। मतदान केंद्र से निकलने के बाद प्रियंका गांधी ने कहा कि लोगों को घर से बाहर निकल कर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए। यह उनका सबसे बड़ा अधिकार है। दिल्ली के लोगों में बहुत उत्साह है। वे पानी, प्रदूषण और सड़क के मुद्दे पर बात रख रहे हैं। अगर वह इसका समाधान चाहते हैं, तो मतदान करें। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, माता-पिता और बच्चों के साथ लेडी इरविन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मतदान किया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एनडीएमसी के साइंस और ह्यूमैनिटी, तुगलक क्रीसेंट में मतदान किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता बृंदा करात व प्रकाश करात ने मतदान किया।

# वेव्स 2025 रील मेकिंग चैलेंज के लिए 20 देशों से प्रविष्टियां हुईं प्राप्त

▸ *भारत से 3,300 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई*

▸ *फाइनलिस्ट विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे*

▸ *पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 मार्च*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में 'रील मेकिंग' चुनौती को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें भारत और 20 देशों से 3,379 पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। भारत में सृजन का आह्वान वेव्स 2025 के तहत एक प्रमुख पहल के रूप में शुरू की गई यह प्रतियोगिता, मीडिया और मनोरंजन के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, साथ ही देश की तेजी से




बढ़ती डिजिटल क्रिएटर अर्थव्यवस्था को भी दर्शाती है। यह भारत सरकार के भारत में सृजन दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो देश भर से और अन्य देशों से प्रतिभाओं को सशक्त बनाता है।

इस प्रतियोगिता में अफगानिस्तान, अल्बानिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, अंडोरा, एंटीगुआ और बारबुडा, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी सहित अन्य देशों से उल्लेखनीय अंतरराष्ट्रीय भागीदारी देखी गई है। यह वैश्विक पहुंच भारत के रचनात्मक क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और दुनिया भर में कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में वेव्स की महत्ता को उजागर करती है।

### तवांग से पोर्ट ब्लेयर तक देश भर में कहानीयों को सुनाने का बढ़ता प्रचलन

घरेलू स्तर पर इस चुनौती में भारत भर के विविध और दूरदराज के स्थानों से प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें तवांग (अरुणाचल प्रदेश), दीमापुर (नागालैंड), कारगिल (लद्दाख), लेह, शोपियां (कश्मीर), पोर्ट ब्लेयर (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), तेलियामोरा (त्रिपुरा), कासरगोड (केरल) और गंगटोक (सिक्किम) शामिल हैं।

छोटे शहरों और उभरते रचनात्मक केंद्रों से वेव्स की 'रील मेकिंग' चुनौती प्रतियोगिता को मिली मजबूत प्रतिक्रिया भारत की समृद्ध कहानी सुनाने की परंपराओं और बढ़ते डिजिटल क्रिएटर इकोसिस्टम को दर्शाती है।

चुनौती के तहत 20 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों को 'विकसित भारत' जैसे विषयों पर रील बनानी होगी, जिसमें भारत की मौजूदा तकनीकी और बुनियादी ढांचे की प्रगति पर प्रकाश डाला जाएगा, और भारत @ 2047 में इन क्षेत्रों में देश के भविष्य के विकास की कल्पना की जाएगी। ये थीम कहानीकारों को 30-60 सेकंड की संक्षिप्त फिल्मों के माध्यम से भारत की नवाचार यात्रा को प्रस्तुत करने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं, जिसमें देश की प्रगति के लिए उनकी रचनात्मकता का प्रदर्शन होगा।

# जोहान्सबर्ग में बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन

**एजेंसी**

**जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन भव्य और ऐतिहासिक समारोह के साथ हुआ। यह दक्षिण अफ्रीका के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ। इस उद्घाटन समारोह की शुरुआत 1 फरवरी (शनिवार) को एक भव्य नागर यात्रा (शोभायात्रा) से हुई, जिसमें सड़कों पर भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पवित्र मूर्तियों की झांकी निकाली। इस यात्रा में भक्तों ने भजन-कीर्तन, नृत्य, और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उत्सव मनाया। शोभायात्रा का माहौल भक्ति, एकता और आनंद से भरपूर था। इसके बाद, 2 फरवरी (रविवार) को पवित्र मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह संपन्न हुआ। इसके साथ ही यह मंदिर आधिकारिक रूप से आध्यात्मिकता और दिव्यता का केंद्र बन गया। यह मंदिर केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि बीएपीएस परंपरा के वर्षों की भक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है।

बीएपीएस की दक्षिण अफ्रीका में आध्यात्मिक यात्रा का आरंभ 20 मार्च 1960 को हुआ था, जब परम पूज्य योगीजी महाराज ने लिंपोपो नदी के तट पर खड़े होकर इस भूमि को आशीर्वाद दिया था। इस यात्रा में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता और आध्यात्मिक उत्थान की भविष्यवाणी की थी। उनके बाद प्रमुख स्वामी महाराज ने 1974 से 2004 के बीच सात बार दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की और भक्तों को प्रेरित किया। आज, महंत स्वामी महाराज के नेतृत्व में इस दिव्य संकल्प को साकार रूप में देखा जा रहा है। जोहान्सबर्ग का यह मंदिर बीएपीएस के 35 मंदिरों में से एक है, जो पूरे अफ्रीका में फैले हुए हैं। बीएपीएस ने विश्व भर में 1,300 से अधिक मंदिरों की स्थापना की है, जो आध्यात्मिकता, संस्कृति और सेवा के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं।



## बीएपीएस की नींव स्वामी यज्ञ पुरुष दास जी ने रखी थी

यह मंदिर सिर्फ एक भव्य निर्माण नहीं, बल्कि भक्ति, त्याग और एकता का प्रतीक है। मंदिर के निर्माण में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपना समय, श्रम और संसाधन अर्पित किए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान, बीएपीएस के एक वरिष्ठ संत ने कहा कि यह मंदिर हमारे गुरुजनों की दिव्य दृष्टि और भक्तों के निस्वार्थ समर्पण का परिणाम है। यह आध्यात्मिक उत्थान, सांस्कृतिक संरक्षण और समाज सेवा का केंद्र बनेगा।बीएपीएस द्वारा निर्मित कई मंदिर आज दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर, अबू धाबी का बीएपीएस हिंदू मंदिर, लंदन का बीएपीएस मंदिर और न्यू जर्सी का अक्षरधाम मंदिर केवल स्थापत्य के अद्भुत उदाहरण नहीं, बल्कि जीवन को शांति और आनंद से भरने के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। ये मंदिर सद्गुणों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए आध्यात्मिकता की ज्योति को लोगों के हृदयों में प्रज्वलित करते हैं। बीएपीएस की नींव स्वामी यज्ञ पुरुष दास जी ने रखी थी।

## विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों को एकता और आध्यात्मिकता में जोड़ता है

बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और सांस्कृतिक परिसर दक्षिण अफ्रीका के लिए एक अद्वितीय उपहार है। यह शांति और सद्भाव का प्रतीक है, जो विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों को एकता और आध्यात्मिकता में जोड़ता है। इसके अलावा, यह कला, संस्कृति और आध्यात्मिकता का केंद्र है, जो हिंदू परंपराओं की समृद्ध धरोहर और शिल्पकला को प्रदर्शित करता है। यह बहुसांस्कृतिक और अंतरधार्मिक संवाद का मंच भी है, जो विभिन्न धर्मों के बीच सद्भाव और सहयोग को प्रोत्साहित करता है। 12 दिवसीय उद्घाटन समारोह के दौरान दक्षिण अफ्रीका के उप राष्ट्रपति पॉल मशाटाइल ने मंदिर के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मैं परम पूज्य महंत स्वामी महाराज, बीएपीएस समुदाय और उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# डोनाल्ड ट्रंप ने किया डिपोर्ट 104 भारतीय अमृतसर पहुंचे




- पंजाब के मात्र 30 शेष अन्य राज्यों के
- इनमें 33 गुजरात के, 25 महिलाएं, 12 नाबालिग व 79 पुरुष हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सैन्य विमान सी-147 से 104 अवैध प्रवासी भारतीयों का पहला जत्था बुधवार की दोपहर अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। विमान में निर्वासित व्यक्तियों में 25 महिलाएं, 12 नाबालिग और 79 पुरुष शामिल हैं। निर्वासित भारतीय नागरिकों के अलावा, विमान में 11 चालक दल के सदस्य और 45 अमेरिकी अधिकारी हैं।

निर्वासित लोग पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र से हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 33 गुजरात के हैं। 30 पंजाब के हैं, जबकि दो-दो निर्वासित उत्तर प्रदेश व चंडीगढ़ से हैं, तथा तीन महाराष्ट्र से हैं। अमेरिका से डिपोर्ट कर लाए गए भारतीयों को मेक्सिको-अमेरिकी सीमा से पकड़ा गया था। कहा जा रहा है कि ये भारत से वैध तरीके से रवाना हुए थे, लेकिन इन्होंने डंकी रूट के जरिए अमेरिका में घुसने की कोशिश की थी।

# बजट में टैरिफ कटौती के बाद भी ट्रंप भारत पर बढ़ा सकते हैं दबाव

**ब्यूरो**

- भारत ने बजट में हार्ले-डेविडसन बाइक, टेस्ला कारों व कई अन्य अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम कर दिया
- इंश्योरेंस सेक्टर में 100 % निवेश की इजाजत दे दी
- पीएम मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाने वाले हैं

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्रियों का कहना है कि भारत द्वारा अमेरिकी आयातों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क में कटौती करने का बजट प्रस्ताव डोनाल्ड ट्रंप को शांत करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है। क्योंकि, ट्रंप अभी भी नए टैरिफ लगाने के लिए तैयार हैं, जिससे भारतीय निर्यात को नुकसान हो सकता है। भारत ने तनाव कम करने के लिए बजट में हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल, टेस्ला कारों और कई अन्य अमेरिकी निर्यातों पर टैरिफ कम कर दिया। यह टैरिफ कटौती अमेरिकी निर्यातकों के लिए पहुंच में सुधार कर सकती है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि वे ट्रंप को उनके व्यापक संरक्षणवादी प्रयास के हिस्से के रूप में नए शुल्क लगाने से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वाशिंगटन अभी भी भारत से स्टील, एल्युमीनियम और फार्मास्यूटिकल्स आयात पर शुल्क लगा सकता है, जिसका अमेरिका के साथ 35-36 बिलियन डॉलर का व्यापार अधिशेष है।

पीएम मोदी 12 फरवरी से अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाने वाले हैं, जिसमें वे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्यापार व रक्षा सहित कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे, जबकि अमेरिका द्वारा नए व्यापार कदमों की संभावनाएं भी बनी हुई हैं। वैसे तो यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी यात्रा से पहले नए टैरिफ लगाए जाएंगे या नहीं, लेकिन अधिकारियों को उम्मीद है कि उनकी चर्चा व्यापार तनाव को हल करने और द्विपक्षीय वाणिज्य का विस्तार करने पर केंद्रित होंगी।

इस बारे में भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के राम सिंह का कहना है, ट्रंप संभवतः उन क्षेत्रों पर टैरिफ लगाएंगे, जो भारत को अधिक नुकसान पहुंचाते हैं, जैसे आभूषण, विद्युत उपकरण, मशीनरी, कपड़ा, परिधान और हस्तशिल्प, चमड़ा और कालीन जैसे श्रम-गहन सामान। वे संभवतः अमेरिकी उपभोक्ताओं पर प्रभाव को कम करने के लिए फार्मास्यूटिकल्स, खनिज ईंधन और समुद्री उत्पादों को लक्षित करने से बचेंगे।

ट्रंप के 'विघटनकारी व अचानक व्यापार पहल' पर प्रतिक्रिया देने के बजाय, सिंह ने सुझाव दिया कि भारत अमेरिका से ऊर्जा और रक्षा खरीद बढ़ाकर संभावित टैरिफ को संतुलित कर सकता है, जिससे रणनीतिक व्यापार लाभ मिल सकता है। व्यापार नीति विशेषज्ञ विश्वजीत धर नेकां कहना है - ट्रंप ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वे किन भारतीय क्षेत्रों को लक्षित करेंगे, लेकिन पिछले कार्यों से व्यापक दृष्टिकोण का संकेत मिलता है।

थिंक टैंक जीटीआरआई के अनुसार, वास्तव में, भारत को अमेरिकी निर्यात पर भारित औसत टैरिफ 5% से कम है, जो भारत के समग्र टैरिफ औसत से बहुत कम है। भारत के पूर्व-निवारक कदमों के बावजूद, ट्रंप ने अपनी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति को जारी रखा है, हाल ही में उन्होंने विदेशी-निर्मित सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स और कंप्यूटर चिप्स पर टैरिफ की योजना की घोषणा की है। उन्होंने हाल ही में कहा, चीन एक जबरदस्त टैरिफ निर्माता है, और भारत और ब्राजील और कई अन्य देश भी। इसलिए हम ऐसा अब और नहीं होने देंगे, क्योंकि हम अमेरिका को पहले स्थान पर रखेंगे।

विश्लेषकों ने कहा कि आगामी यात्रा भारत की ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियों से निपटने की क्षमता का परीक्षण करेगी, जबकि मजबूत व्यापार संबंधों को बनाए रखेगी। मोदी की चुनौती यह सुनिश्चित करना होगी कि भारत अमेरिकी चुनाव-संचालित व्यापार उपायों की गोलीबारी में न फंसे। अमेरिकी व्यापार चिंताओं को सीधे लक्षित करते हुए, भारत ने बड़े इंजन वाली मोटरसाइकिलों पर टैरिफ में कटौती की, एक मुद्दा जिसे ट्रंप ने हार्ले-डेविडसन निर्यात के संबंध में बार-बार उठाया था। 1,600 सीसी से कम की मोटरसाइकिलों पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया, जबकि 1,600 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया।

अमेरिका ने वर्ष 2023-24 में भारत को 3 मिलियन डॉलर मूल्य की मोटरसाइकिलें निर्यात कीं। अतिरिक्त टैरिफ कटौतियों में 2.5 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी अपशिष्ट और स्क्रैप सामग्री पर शुल्क शामिल हैं, जिन्हें 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया, करियर-ग्रेड ईथरनेट स्विच पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया।

## शेख हसीना को मारने के इरादे से ट्रेन पर किए गए हमले के सभी दोषी बरी

**ढाका ।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मारने के इरादे से ट्रेन पर किए गए हमले के सभी दोषियों को आज हाई कोर्ट ने बरी कर दिया। यह हमला 1994 में हुआ था। तब शेख हसीना कद्दावर विपक्षी नेता थीं। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, पबना के ईश्वरडी में तत्कालीन विपक्षी नेता शेख हसीना को ले जा रही ट्रेन पर हमले के मामले में मौत की सजा पाए नौ लोगों सहित सभी दोषी व्यक्तियों को बरी कर दिया गया है। जस्टिस मोहम्मद महबूब उल इस्लाम और जस्टिस मोहम्मद हमीदुर रहमान की पीठ ने यह फैसला सुनाया।



## वसंत महोत्सव की छुट्टियों में चीन आवागमन में 6 प्रतिशत की वृद्धि



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष के वसंत महोत्सव की छुट्टियों के दौरान चीन में सीमा निरीक्षण अधिकारियों ने 1 करोड़ 43 लाख 66 हजार चीनी और विदेशी लोगों के चीन में आने और बाहर जाने की व्यवस्था की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 6.3 प्रतिशत ज्यादा है।

## मलकानगिरी में डिप्टी डायरेक्टर के आवास पर रेड, विजिलेंस ने जब्त किए 1.5 करोड़

**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

ओडिशा में विजिलेंस की टीम ने मलकानगिरी के वाटरशेड के डिप्टी डायरेक्टर के कई ठिकानों पर बुधवार सुबह छापेमारी की है। विजिलेंस ने उनके ठिकानों से 1.5 करोड़ रुपये का कैश बरामद किया है।



दरअसल, ओडिशा विजिलेंस की टीम ने मलकानगिरी के वाटरशेड के उप निदेशक और परियोजना निदेशक शांतनु महापात्रा से जुड़े सात ठिकानों पर बुधवार सुबह एक साथ छापेमारी की। उन पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप है। जयपोर (कोरापुट स्थित) के सतर्कता विभाग के विशेष न्यायाधीश द्वारा जारी सर्च वारंट के तहत ये कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई का नेतृत्व दो अतिरिक्त एसपी, चार डीएसपी, दस इंस्पेक्टर, छह एएसआई और अन्य सहायक कर्मचारी कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान महापात्रा के परिसर से लगभग 1.5 करोड़ का कैश बरामद किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से दूसरी मौत की पुष्टि

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी हिस्से में बाढ़ से दूसरी मौत हो गई है। स्थानीय लोगों को आने वाले दिनों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। क्वींसलैंड पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 82 साल की एक महिला का शव इनघम कस्बे के पास गन्ने के खेतों में मिला।

## ट्रंप ने ईरान को समझौते की पेशकश की, विनाश की धमकी भी दी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ समझौता करने की पेशकश की, लेकिन साथ ही यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान नहीं मानता है, तो यह उसके घातक साबित होगा। इसके अलावा, उन्होंने ईरान की तेल बिक्री को रोकने के लिए उस पर "अधिकतम दबाव" डालने का आदेश दिया। व्हाइट हाउस में एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा, "मैं ईरान से यह कहना चाहता हूं कि मैं एक बड़ा समझौता करना चाहता हूं। एक ऐसा समझौता जिससे वे अपनी जिंदगी आगे बढ़ा सकें।" लेकिन उन्होंने साफ कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता।

# मोटापा समय पर नहीं रोका तो हो सकती हैं ये परेशानियां, जानें डॉक्टर की राय

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मोटापा आज एक प्रमुख स्वास्थ्य चुनौती बन गया है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक वैश्विक महामारी घोषित किया है। यह समस्या न सिर्फ लोगों की जीवनशैली को प्रभावित करती है, बल्कि जानलेवा बीमारियों को भी जन्म दे सकती है। इस पर देश की राजधानी दिल्ली में एम्स में मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉक्टर नवल किशोर विक्रम और एम्स में ही डायटीशियन डॉक्टर मोनिता गहलोत ने मोटापे से बचाव के तरीके बताए हैं। डॉक्टर नवल किशोर विक्रम ने कहा, "मोटापा कई बीमारियों से जुड़ा हुआ है, जैसे इंसुलिन प्रतिरोध और सूजन, जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर का कारण बन सकता है। यही कारण है कि मोटापे को गंभीरता से लेना चाहिए, क्योंकि यह गैर-संचारी रोगों का मूल है। वयस्कों में, मोटापा पूरी तरह रोका जा सकता है, क्योंकि इसके आनुवंशिक



कारण बहुत कम हैं और ये आमतौर पर छोटे बच्चों में ही देखे जाते हैं। इसलिए वयस्कों के लिए, मोटापा रोकथाम योग्य है और इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व आहार और शारीरिक गतिविधि है। उन्होंने आगे कहा, "अपने आहार पर नज़र रखें, स्वस्थ खाएं और सक्रिय रहें। अगर आपका काम बैठकर होता है, तो आपको कम कैलोरी की जरूरत होगी, जबकि सक्रिय लोगों को अधिक कैलोरी की आवश्यकता हो सकती है। हम अक्सर अपनी ज़रूरत से ज़्यादा खा लेते हैं, जिससे मोटापा बढ़ता है। इसलिए, सक्रिय रहना ज़रूरी है। चाहे आपका काम कुछ भी हो, रोज़ाना कम से कम 60 मिनट व्यायाम के लिए समय निकालें। यह व्यायाम कोई भी हो सकता है जैसे दौड़ना, साइकिलिंग या जॉगिंग।

उन्होंने कहा, "सक्रिय रहने के छोटे-छोटे उपाय भी मदद कर सकते हैं, जैसे लिफ्ट की बजाय सीढ़ियां चढ़ना या पास के बाजार जाने के लिए गाड़ी की बजाय पैदल जाना। यदि आहार और गतिविधि से मोटापा कम नहीं होता, तो दवाएं मदद कर सकती हैं। अगर फिर भी कोई लाभ नहीं होता, तो बाद में सर्जरी की बात आ सकती है, लेकिन यह आखिरी विकल्प है।

डॉक्टर मोनिता गहलोत ने कहा, "हमें देश की जनता के बारे में सोचना होगा कि वे इतने मोटापे के शिकार क्यों हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण हमारी खानपान और जीवनशैली की आदतें हैं। हम जरूरी चीजें कम खा रहे हैं और जो उतनी जरूरी नहीं हैं, उन्हें ज्यादा खा रहे हैं, जैसे कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड, हाई फैट और हाई शुगर वाले आइटम। उन्होंने आगे कहा, "मोटापा को कम करने के लिए, हमें विविध आहार लेना होगा, जिसमें विभिन्न खाद्य समूह शामिल हों, लेकिन कैलोरी की मात्रा को भी कम करना होगा। प्रोसेस्ड फूड जैसे पैकेज्ड और फ्राइड आइटम्स कम करने होंगे। फल और सब्जियां, कम से कम आधा किलो रोज़ आपके आहार में शामिल होनी चाहिए। वसा की मात्रा को नियंत्रित करें, घर में खाना बनाते समय तेल का इस्तेमाल तीन से चार चम्मच तक सीमित रखें। प्रोटीन का सेवन बढ़ाने के लिए, दाल की तीन कटोरियां रोज़ शामिल करें। अनाज जैसे रोटी या चावल, जितना आपका हेल्थकेयर प्रोवाइडर बताता है, उतना ही लें। अतिरिक्त भूख लगने पर, नॉन-कैलोरी वाले पोषक पेय जैसे छाछ, हरी चाय, सादा पानी या नारियल पानी पीएं। स्नैक्स के रूप में प्रोसेस्ड आइटम्स की बजाय एक मुट्ठी बादाम या अखरोट या फिर दाल की एक कटोरी, जिसमें बहुत सारी सब्जियां मिली हों लें।

